शेयर बाजार
सेंसेक्स 82,248.61 -27.46 (-0.03%)
निफ्टी 25,496.55 14.05 (0.06%)
सर्राफा बाजार प्रति 10 ग्राम 24 carat
सोना 1,57,190.00
चांदी 2950.00

सूर्योदय प्रातः 6:12 | सूर्यास्त संध्या 5:51 | पखवाड़ा फाल्गुन शु. एकादशी, संवत 2082 | तापमान अधिकतम 27° न्यूनतम 14°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित





रांची, शुक्रवार, 27 फरवरी 2026, वर्ष : 17, अंक : 16, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions


## राष्ट्रपति ने कदमा में श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक केन्द्र की रखी आधारशिला, कहा

# आज से भगवान जगन्नाथ हो गये हैं जमशेदपुर बिहारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जमशेदपुर :** 'श्री श्री जगन्नाथ मंदिर की जमशेदपुर में स्थापना का यह सही समय है। भगवान जगन्नाथ जल्दी नहीं आते, उनके आने का इंतजार करना पड़ता है। आज से भगवान जगन्नाथ जमशेदपुर बिहारी हो गये हैं।'

ये बातें भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कदमा स्थित मरीन ड्राइव में श्री श्री जगन्नाथ मंदिर एवं जगन्नाथ आध्यात्मिक धर्मार्थ केन्द्र की आधारशिला रखने के अवसर पर कहीं।

भूमि पूजन के बाद आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने भावनात्मक अंदाज में कहा कि अब भगवान जगन्नाथ जमशेदपुर में विराजमान होने जा रहे हैं और आज से भगवान जगन्नाथ जमशेदपुर बिहारी हो गये हैं। राष्ट्रपति ने रांची में स्थापित जगन्नाथ मंदिर का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां मंदिर बनने के बाद भगवान 'निड़ाचढ़ बिहारी' कहलाये और अब झारखंड में व्यापक रूप से पूजे जा रहे हैं। जमशेदपुर में मंदिर निर्माण के साथ उनकी कृपा इस शहर पर भी बरसेगी।

इसके पूर्व कदमा मरीन ड्राइव स्थित कार्यक्रम स्थल पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पहुंचते ही पूरे परिसर में उत्साह का माहौल बन गया। वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के बीच भूमि पूजन सम्पन्न हुआ और मंदिर निर्माण की औपचारिक शुरुआत हुई। द्रौपदी मुर्मू ने श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक केन्द्र के निर्माण के लिए आधारशिला रखी। वैदिक मंत्रोच्चार और पारम्परिक रीति-रिवाजों के साथ आयोजित भूमि पूजन समारोह गरिमामय ढंग से सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि यह हमारी जीवन पद्धति और सामाजिक समरसता की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि श्री जगन्नाथ की परम्परा लोककल्याण, सेवा और समावेशिता का संदेश देती है। ऐसे आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक केन्द्र समाज को जोड़ने, नयी पीढ़ी को अपनी जड़ों से परिचित कराने और मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राष्ट्रपति ने विश्वास जताया कि यह केन्द्र न केवल धार्मिक गतिविधियों का स्थल होगा, बल्कि सामाजिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक संवाद का भी प्रमुख केन्द्र भी बनेगा। ● शेष पृष्ठ 11 पर



### द्रौपदी मुर्मू ने कहा

■ भगवान जगन्नाथ जल्दी नहीं आते, उनके आने का करना पड़ता है इंतजार

## मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज के 'परिचय सम्मेलन' में सम्मिलित हुईं राष्ट्रपति

■ राष्ट्रपति जनता के बीच पैदल चलीं, बच्चों को चॉकलेट बांटी

**पूर्वी सिंहभूम :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कदमा में आयोजित श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक केन्द्र के भूमि पूजन के बाद बारीडीह पहुंचीं, जहां उन्होंने मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज में 'परिचय सम्मेलन' में भाग लिया। राष्ट्रपति ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले विद्यार्थियों के साथ फोटो सेशन किया, मेधावी छात्रों से संवाद किया और कॉलेज परिसर का निरीक्षण कर पौधारोपण किया।

कार्यक्रम समाप्त होने के बाद जब राष्ट्रपति कॉलेज परिसर से बाहर निकलीं, तो सड़क किनारे बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ मौजूद थी। लोगों का उत्साह देख कर उन्होंने अपना काफिला रुकवाया और वाहन से उतर कर पैदल ही जनता के बीच पहुंच गयीं। राष्ट्रपति करीब 150 कदम तक आम ● शेष पृष्ठ 11 पर

## सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक चेतना केन्द्र बनेगा श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक केन्द्र : मुख्यमंत्री



**कुछ** संस्थाएं केवल भवन नहीं होतीं, वे स्वयं के साथ-साथ मानव जीवन को भी तराशती हैं। श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केन्द्र के निर्माण की नींव रखी जा रही है, जो आनेवाले समय में सामाजिक समरसता, आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक जागरण का प्रमुख केन्द्र बनेगा। ये बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कदमा स्थित मरीन ड्राइव परिसर में आयोजित श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केन्द्र के भूमि पूजन समारोह को सम्बोधित करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री ने इस पहल को सामाजिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समन्वय का जीवंत केन्द्र बताते हुए इसे राज्य के लिए गौरवपूर्ण और सराहनीय कदम बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज में स्थापित होनेवालीं संस्थाएं केवल संरचनाएं नहीं होतीं, बल्कि वे विचार, संस्कार और संस्कृति को आगे बढ़ाने का माध्यम बनती हैं। मुख्यमंत्री ने श्री जगन्नाथ स्पिरिचुअल एंड कल्चरल चैरिटेबल सेंटर ट्रस्ट की सोच और उद्देश्य की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि यह केन्द्र एक अभूतपूर्व और भव्य स्वरूप में विकसित होगा। उन्होंने सभी सम्बन्धित लोगों को बधाई देते हुए कहा कि यह पहल राज्य की सांस्कृतिक पहचान को और सशक्त करेगी। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## राष्ट्रपति को राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट पर दी विदाई

**रांची** के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर गुरुवार शाम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को उनके झारखंड दौरे के समापन पर औपचारिक विदाई दी गयी। इस अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राष्ट्रपति से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें सम्मानपूर्वक विदा किया। एयरपोर्ट पर प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।



## माह-ए-रमज़ान



| आज का इफ्तार | कल की सेहरी |
|---|---|
| 5 : 50 | 5 : 02 |

## एक झलक

### बीजापुर मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में गुरुवार सुबह सुरक्षा बलों की नक्सलियों से हुई मुठभेड़ में 02 नक्सली मारे गये हैं। बीजापुर जिले के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने इसकी पुष्टि की है। मुठभेड़ स्थल से दोनों नक्सलियों के शव के साथ एसएलआर और इंसास हथियार बरामद किये गये हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया है कि बीजापुर जिले के जांगला थाना क्षेत्र अंतर्गत इन्द्रावती नदी के जंगलों में माओवादियों की मौजूदगी की पुख्ता सूचना मिली थी। इसी सूचना के आधार पर संयुक्त सुरक्षा बलों की टीम सर्चिंग और माओवादी विरोधी अभियान के लिए रवाना हुई थी। गुरुवार की सुबह सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के बाद इलाके में चलाये गये सर्च अभियान में दो वर्दीधारी माओवादियों के शव बरामद हुए। घटनास्थल से एक एसएलआर रायफल, एक इंसास रायफल, एक 12 बोर रायफल के साथ विस्फोटक सामग्री और माओवादियों के दैनिक उपयोग की अन्य सामान जब्त किया गया।

## कार्टून कोना




## चिब की गिरफ्तारी के विरोध में युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

### 20 से अधिक नेता हिरासत में

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी के विरोध में युवा कांग्रेस ने गुरुवार को प्रदर्शन किया। इस दौरान बैरिकेडिंग पार करने की कोशिश कर रहे 20 से अधिक नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। दिल्ली पुलिस ने जिन नेताओं को हिरासत में लिया उनमें प्रमुख रूप से दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव, युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास और ओड़िशा के प्रभारी अजय कुमार लल्लू समेत 20 से अधिक नेता शामिल हैं। सभी को बस में बैठा कर वहां से ● शेष पृष्ठ 11 पर



### लोकतंत्र में सवाल पूछना, अपनी बात रखना नागरिकों का अधिकार : राहुल गांधी

**भारतीय** युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शनों के बीच लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केन्द्र सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाये हैं। राहुल गांधी ने 'एक्स' पोस्ट में कहा कि लोकतंत्र तब मजबूत होता है जब सरकार ● शेष पृष्ठ 11 पर

## उत्तर बंगाल में फिर भूकम्प के झटके

**सिलीगुड़ी :** सिलीगुड़ी सहित उत्तर बंगाल के कई इलाकों में गुरुवार को एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किये गये। दोपहर से पहले आये इस कम्पन से सिलीगुड़ी, जलपाईगुड़ी और दार्जिलिंग के विस्तृत क्षेत्रों में दहशत फैल गयी। झटकों का असर कोलकाता तक महसूस किया गया, जिससे लोगों में हड़कम्प मच गया। मौसम विभाग के अनुसार, रिक्टर स्केल पर भूकम्प की तीव्रता 4.6 दर्ज की गयी। इसका केन्द्र सिक्किम में था और झटके सुबह 11 बजकर 34 मिनट पर महसूस किये गये।

## झारखंड विधानसभा में सिकिदिरी जल विद्युत परियोजना में कथित अनियमितताओं पर उठा सवाल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के सातवें दिन गुरुवार को सिकिदिरी जल विद्युत परियोजना में कथित अनियमितताओं और प्राक्कलन से अधिक व्यय का मामला सदन में उठा। विधायक राज सिन्हा ने सरयू राय के सवाल को उठाते हुए कहा कि सरकार अक्सर वित्तीय कमी और केन्द्र के सहयोग नहीं मिलने की बात करती है, लेकिन 4.88 करोड़ रुपये के प्राक्कलन वाले कार्य के लिए न्यायालय से 130 करोड़ रुपये भुगतान का आदेश होना गम्भीर विषय है।

मामला वर्ष 2012 में भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) द्वारा सिकिदिरी जल विद्युत परियोजना की मरम्मत से जुड़ा है। परियोजना के प्रोजेक्ट मैनेजर ने दोनों इकाइयों की मरम्मत के लिए 4.88 करोड़ रुपये का प्राक्कलन तैयार किया था।

इसके विपरीत 02 मार्च 2012 को तत्कालीन मुख्य अभियंता (उत्पादन) ने 20.87 करोड़ रुपये व्यय का कायादेश जारी कर दिये। बाद में भुगतान विवाद को लेकर मामला न्यायालय पहुंचा और कमर्शियल कोर्ट, रांची ने 09 अक्टूबर 2023 को झारखंड ऊर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड (जेयूयूएनएल) ● शेष पृष्ठ 11 पर



### एशिया की सबसे बड़ी बेकन फैक्ट्री को पुनर्जीवित करेगी सरकार : शिल्पी

**रांची :** सदन में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शुक्रवार को कहा कि रांची के कांके में एशिया की सबसे बड़ी और एकमात्र स्थापित सरकारी बेकन फैक्ट्री को खोलने पर कार्य किया जा रहा है। मंत्री झारखंड विधानसभा में बजट के कटौती प्रस्ताव पर जवाब दे रही रही थीं। उन्होंने कहा कि कभी देश दुनिया में रैनबैक ब्रांड की पहचान थी। यहां से निर्मित पोर्क, कबाब, सलामी और सॉसेज जैसे उत्पाद नॉर्थ ईस्ट के देशों तक भेजे जाते थे। उन्होंने सदन में विपक्षी सदस्य नवीन



जायसवाल की ओर से लाये गये आंकड़ों को भ्रामक बताया। मंत्री ने कहा कि विभाग ने अब तक 67 प्रतिशत राशि खर्च कर ली है और वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक 80-90 प्रतिशत व्यय का लक्ष्य पूरा कर लिया जायेगा।

मंत्री ने कहा कि धान खरीदारी के तहत 21,800 किसानों को 10 करोड़ रुपये यूपीआई माध्यम से सीधे भुगतान किये गये हैं। मिलेट मिशन योजना के आंकड़े भी सदन को उपलब्ध कराये जायेंगे। उन्होंने कहा कि देशी मांगुर मछली पर कार्रवाई की जा रही है। इस सम्बन्ध में कई एफआईआर दर्ज किये गये हैं। एमएसपी के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के बोनस में बढ़ोतरी को तैयार है, लेकिन इसपर केन्द्र सरकार का रुख देखना होगा। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## अनिल अम्बानी के मुम्बई के ठिकानों पर सीबीआई का छापा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड से सम्बन्धित बैंक ऑफ बड़ौदा ऋण मामले में उद्योगपति अनिल अम्बानी के मुंबई स्थित आवास और कार्यालय में तलाशी ली। यह कार्रवाई 2,220 करोड़ रुपये से अधिक के कथित ऋण धोखाधड़ी मामले में की गयी है। सीबीआई के अनुसार बैंक ऑफ बड़ौदा की 24 फरवरी 2026 की शिकायत पर रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड,



उसके प्रमोटर एवं पूर्व चेयरमैन अनिल अंबानी और अन्य के खिलाफ आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि रिलायंस कम्युनिकेशंस ने बैंक से लिये गये ऋण ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक में न्यायपालिका पर आपत्तिजनक उल्लेख पर शिक्षा मंत्री ने जताया खेद

■ सभी प्रतियां वापस मंगाने के दिये गये आदेश

**एजेंसी**

**पूर्वी सिंहभूम :** केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने एनसीईआरटी की एक पाठ्यपुस्तक में न्यायपालिका से जुड़े कथित आपत्तिजनक उल्लेख पर खेद व्यक्त किया है। गुरुवार को जमशेदपुर दौरे के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रकरण को केन्द्र सरकार ने अत्यन्त गम्भीरता से लिया है और सम्बन्धित पुस्तक की अब तक छपी सभी प्रतियों को तत्काल प्रभाव से वापस मंगाने का निर्देश जारी कर दिये गये हैं। मंत्री ने कहा कि न्यायपालिका भारतीय लोकतंत्र का एक मजबूत और स्वतंत्र स्तम्भ है, जिसकी गरिमा और विश्वसनीयता बनाये रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने दोहराया कि केन्द्र सरकार सभी संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान करती है और उनके प्रति किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक या असंतुलित टिप्पणी को स्वीकार नहीं किया जा सकता।

# सीमांचल से गृह मंत्री ने पश्चिम बंगाल चुनाव में घुसपैठ को लेकर साधा निशाना

**एजेंसी**

**अररिया :** बिहार में सीमांचल के तीन दिवसीय दौरे के दूसरे दिन गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अररिया में रहे। अररिया के सिकटी प्रखंड के लेटी स्थित एसएसबी 52वीं बटालियन के बॉर्डर आउट पोस्ट पर 170 करोड़ की लागत से विभिन्न स्थानों पर बने भवन का लोकार्पण किया।

गृह मंत्री ने लेटी में एसएसबी के अधिकारियों और जवानों के साथ सीधा संवाद भी किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने पश्चिम बंगाल में होनेवाले विधानसभा चुनाव के मुद्दे पर भी निशाना साधा। उन्होंने बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्र के बदलते डेमोग्राफी पर राय रखी।

अमित शाह ने कहा कि भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र के 10 किलोमीटर के भीतर अवैध अतिक्रमण के साथ घुसपैठियों को बाहर निकालने का काम करेगी। उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव में घुसपैठियों को लेकर किये गये वायदे को लेकर कहा कि अक्सर नेता द्वारा किये गये वायदों को जनता नेता को याद कराती है। लेकिन, उन्हें बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान उनके द्वारा किये गये वायदे पूरी तरह याद है और वह जनता को याद करा रहे हैं कि एक-एक घुसपैठियों को चुन-चुन कर बाहर निकाला जायेगा। उन्होंने कहा कि बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के साथ देश के लिए घुसपैठ बहुत बड़ी चुनौती है। घुसपैठियों को बाहर निकालने के लिए केन्द्र सरकार दृढ़ संकल्पित है और बिहार के सीमावर्ती क्षेत्रों के साथ पश्चिम बंगाल में शरण लिये एक-एक घुसपैठिये को बाहर निकालने के रूप में चुनौती ली है। उन्होंने कहा कि जब तक घुसपैठियों को बाहर नहीं निकाल लेंगे, तब तक वे वोट मांगने के लिए नहीं आयेंगे। वोट बैंक के लिए संरक्षण देनेवाले सियासी दलों को भी उन्होंने खुली चुनौती दी।

सीमा के 10 किलोमीटर भीतर के अवैध अतिक्रमण और घुसपैठियों को बाहर निकालने की प्राथमिकता करार देते हुए कहा कि घुसपैठियों के कारण जनसांख्यिकी बदलाव देश की संस्कृति और डेमोग्राफी के लिए खतरनाक है। जनसांख्यिकी बदलाव सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल के साथ बिहार और झारखंड में होने की बात कही।

उल्लेखनीय है कि सीमांचल से पश्चिम बंगाल का बहुत बड़ा इलाका लगता है और इसी साल पश्चिम बंगाल में चुनाव होनेवाले हैं। सीमांचल के दौरे के बहाने गृह मंत्री ने पश्चिम बंगाल के वोटरों को भी बड़ा संदेश दिया। कार्यक्रम में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, एसएसबी के महानिदेशक सहित अन्य मौजूद रहे।




### गृह मंत्री ने सीमा सुरक्षा प्रबंधन और वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम को लेकर की बैठक

**अपनी** तीन दिवसीय दौरे के दूसरे दिन बिहार के अररिया में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने समाहरणालय स्थित परमान सभागार में भारत-नेपाल सीमा सुरक्षा प्रबंधन के साथ दूसरे चरण के वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम को लेकर समीक्षात्मक बैठक की। भारत-नेपाल सीमा सुरक्षा के तहत खुली सीमा का लाभ उठाकर होनेवाली अवैध गतिविधियों और घुसपैठ को रोकने को लेकर प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ सरहद की सुरक्षा में लगे सुरक्षा एजेंसी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। सीमावर्ती इलाकों में बदलती आबादी के पैटर्न पर खुफिया एजेंसी के अधिकारियों के साथ चर्चा के साथ अवैध प्रवासियों और उनके माध्यम से बनाये जा रहे वोट बैंक की पहचान को लेकर भी कड़े निर्देश दिये। गृह मंत्री अमित शाह ने वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के जरिये सीमावर्ती गांव में बुनियादी ढांचा मजबूत करने और पलायन रोकने जैसे मुद्दों पर अधिकारियों से राय लेते हुए चर्चा की।

## एक झलक

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बेड़ो में विद्यालय विकास को लेकर हुई बैठक



**बेड़ो :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गुरुवार को बेडो संकुल के पांच विद्यालय के प्रधानाचार्यो ने बैठक किया। बैठक में विद्यालय के विकास हेतु सर्वप्रथम संकुल स्तरीय अध्यापित विषय प्रमुखों का गठन सर्वसम्मति से किया गया। इसके अलावे भैया- बहन, आचार्य परिवार के विकास को लेकर संकुल स्तरीय वार्षिक कार्ययोजना के निमित बैठक में सर्वसम्मति से 11 अप्रैल से 25 जुलाई 2026 तक कई कार्यक्रम अलग-अलग विद्यालयों में रखी गयी है। बैठक में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पतरातू के प्रधानाचार्य मृत्युंजय सिंह, बीजूपाड़ा विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज तिवारी, काठीटांड विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय द्विवेदी, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लमकाना के प्रधानाचार्य दिलीप कुमार, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बेडो के प्रधानाचार्य सत्येंद्र कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक का समापन शांति मंत्र के साथ किया गया।

### डिप्रेशन में आकर उषा मार्टिन विवि के बीकॉम की छात्रा ने लगायी फांसी

**अनगड़ा :** उषा मार्टिन विवि अनगड़ा के बीकाम की छात्रा संजना हेम्ब्रम(20) ने अपने हास्टल के कमरे में फांसी लगाकर सुसाइट कर लिया। घटना शुक्रवार की शाम साढ़े चार बजे की है। संजना ने कमरा के पंखा से फांसी लगाया। संजना हरीसाय बुरूडीह सरायकेला-खरसांवा के शिवशंकर हेम्ब्रम की पुत्री है। शव अभी भी कमरे में फांसी पर टंगा हुआ है। थाना प्रभारी गौतम कुमार रजवार ने बताया कि डिप्रेशन में आकर संजना ने सुसाइट किया है। किन कारणों से संजना डिप्रेशन का शिकर हुई अभिभावकों से पूछताछ के बाद ही पता चलेगा। समाचार लिखे जाने तक पुलिस संजना के अभिभावकों का इंतजार कर रही थी। इसके बाद ही शव को उतारा जाएगा।

### रामगढ़ जिला के पंचायत प्रतिनिधियों ने किया सोलर पावर प्लांट का भ्रमण



**अनगड़ा :** रामगढ़ जिला के पंचायत प्रतिनिधियों की एक टीम ने गेतलसूद डैम में निमार्णाधीन सोलर पावर प्लांट का भ्रमण किया। इसका नेतृत्व रामगढ़ सदर के जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो उर्फ डीएम कर रहे थे। टीम के सदस्यों का गेतलसूद पहुंचने पर जिला परिषद सदस्य अनगड़ा राजेन्द्र शाही मुंडा व जिला परिषद सदस्य(पश्चमी) प्रतिनिधि रामसाय मुंडा ने स्वागत किया। भ्रमण के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों ने सोलर पावर प्लांट की अद्यतन स्थिति, बिजली उत्पादन की प्रक्रिया, पावर ग्रिड का निर्माण, पानी के उपर लगाये जा रहे फलोटिंग सोलर व ट्रांसफार्मर आदि की जानकारी ली। डीएम महतो ने बताया कि रामगढ़ जिला में सोलर पावर प्लांट निर्माण को लेकर वे जल्द ही केन्द्रीय उर्जा मंत्री से मिलेंगे। इस अवसर पर दुलमी जिला परिषद सदस्य प्रीति दीवान, दोहाकातू मुखिया कलावती देवी, कुंदरु कला मुखिया किशुन राम मुंडा, दीपक मुंडा, समाजसेवी झब्बूलाल महतो आदि उपस्थित थे।

### विधायक ने की श्रम मंत्री से मिल कर मृत श्रमिकों के शव को खूंटी लाने की मांग

**खूंटी :** तोरपा विधानसभा क्षेत्र के दो प्रवासी श्रमिकों की मुंबई में उपचार के दौरान हुई असामयिक मृत्यु से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। मृतकों में ग्राम टूटीकेल, सोदे रनिया निवासी अजीत भुइंया तथा ग्राम जम्हार गोविंदपुर, कर्रा निवासी सोमरा तोपनो शामिल हैं। दोनों का निधन मुंबई के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान हुआ। घटना की सूचना मिलते ही तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया ने गहरा शोक व्यक्त किया और दिवंगत श्रमिकों की आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिजनों को संबल देने की प्रार्थना की। इस संबंध में गुरुवार को विधायक सुदीप गुड़िया ने श्रम, रोजगार, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री संजय प्रसाद यादव से विधानसभा स्थित उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात की। विधायक ने मृत श्रमिकों के पार्थिव शरीर को शीघ्र उनके गृह जिला खूंटी लाने की व्यवस्था कराने का आग्रह किया, ताकि परिजन अंतिम दर्शन कर विधि-विधान से अंतिम संस्कार कर सकें। मंत्री संजय प्रसाद यादव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि इस दुखद घड़ी में वे दोनों पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं।

### 47वां दो दिवसीय श्रीरामकृष्ण किसान मेला शुरू

# जगदीश भोगता बने सर्वश्रेष्ठ किसान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**अनगड़ा :** दो दिवसीय 47वां केन्द्रीय श्रीरामकृष्ण किसान मेला (राज्यस्तरीय) गुरुवार से गेतलसूद स्थित रामकृष्ण मिशन फार्म में शुरू हुआ। इसका उदघाटन मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका सिंह पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। मेला का आयोजन प्रतिवर्ष अनगड़ा प्रखंड के विवेकानंद सेवा संघों के द्वारा किया जाता है। इस वर्ष मेला का थीम ह्लप्राकृतिक संसाधन प्रबंधन द्वारा आय सृजनह्व है। विशिष्ट अतिथि कृषि विभाग के संयुक्त सचिव गोपाल जी तिवारी, स्वामी भवेशानंद, जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडा, जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा थे। मंत्री दीपिका सिंह पांडेय ने क्षेत्र में कृषि विकास को लेकर रामकृष्ण मिशन आश्रम द्वारा कराये जा रहे कार्यो की सराहना किया। बोली प्राकृतिक तरीके से खेती करने की जरूरत है। और रामकृष्ण मिशन लगातार इसपर काम कर रहा है। मंत्री दीपिका पांडेय ने नवागढ़ पंचायत के बड़की गोड़ांग निवासी प्रगतिशील किसान जगदीश भोगता को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ किसान के पुरस्कार से सम्मानित किया। स्वामी भवेशानंद ने किसानों से जैविक विधि से खेती करने का आहवान किया। अध्यक्षता मेला समिति के अध्यक्ष संतोष बेदिया व संचालन डा. रवीन्द्र कुमार सिंह व डा. सुरेश कुमार महतो ने किया। इस अवसर पर सिरका मुखिया रोशनलाल मुंडा, गेतलसूद मुखिया शांति मुंडा, नवागढ़ मुखिया भुवनेश्वर बेदिया, सुरसू मुखिया सुमित्रा देवी, रामसाय मुंडा के अलावा मेला समिति के उपाध्यक्ष राजकुमार बेदिया, सचिव जगदीश भोगता, सहसचिव देवनारायण बेदिया, अशोक बेदिया, कमल बेदिया, पहलू बेदिया, अर्जुन बेदिया, शिवा मुंडा, लालो कुमार महतो, कलेश्वर बेदिया, बलिया बेदिया, प्रदीप कुमार महतो, सुरेश कुमार महतो, घनश्याम उरांव, राम उरांव, मालिया बेदिया, मोहन बेदिया, सावना बेदिया, गणेश मंडल सहित अन्य उपस्थित थे।

### कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय में प्रबंधन समिति की हुई बैठक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लापुंग :** कस्तुरबा आवासीय बालिका विद्यालय लापुंग में प्रबंधक समिति का बैठक हुई, जिसमें अभिभावक के साथ विशेष चर्चा हुई की बच्चों का बेहतर शिक्षा कैसे हो साथ ही विधि व्यवस्था के बारे में और स्कूल का रुल रेगुलेशन पर कुछ बदलाव को लेकर से अभिभावक से राय मसवरा किया गया। प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव के द्वारा बच्चों का बेहतर शिक्षा को लेकर बातें रखी गई वहीं कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष जयंत बरला ने स्कूल का विधि व्यवस्था के बारे में चर्चा किया ,विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली ने बच्चों को शिक्षा के बारे में गाइडलाइन किया , वहीं विधायक प्रतिनिधि शिक्षा विभाग जन्मेजय पाठक ने बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ खेलकूद एवं जिम्मेवार स्टूडेंट बनने को लेकर बच्चों को बताया और जो स्कूल का कमियां है उसे सुधार करने को लेकर शिक्षिकाएं एवं बच्चों को दिशा निर्देश दिए बैठक में उपस्थित थे वार्डन अंजू मुंडा, केर्षिसिया टोप्पो, प्रखंड अध्यक्ष जयंत बरला प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली एवं विधायक प्रतिनिधि के शिक्षा विभाग जन्मेजय पाठक एवं सभी अभिभावक मौजूद रहें।

### 68वें खान सुरक्षा सप्ताह के तहत पुरस्कार वितरण सह समापन समारोह आज

# महाप्रबंधक ने लिया तैयारियों का जायजा, दिये दिशा-निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** सीसीएल बरका-सयाल प्रक्षेत्र के तत्वावधान में शुक्रवार को 68वें वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह के तहत पुरस्कार वितरण सह समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर रिवर साइड के मयूर स्टेडियम में भव्य आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को सीसीएल बरका-सयाल के महाप्रबंधक अजय कुमार सहित वरीय अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। समारोह को लेकर मयूर स्टेडियम में 600 से अधिक लोगों की क्षमता वाला भव्य पंडाल बनाया गया है। वहीं 30 स्टॉल भी बनाए गए हैं। कार्यक्रम स्थल को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है। बताया जाता है कि कार्यक्रम में मुख्य रूप से महानिदेशक (डीजीएमएस) उज्जवल ताह समेत सीसीएल हेडक्वार्टर और विभिन्न प्रक्षेत्रों के अधिकारी शामिल होंगे। साथ ही झारखंड में माइनिंग कर रही कई कंपनियों के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। इसके साथ ही समारोह में झारखंड के लोक कलाकार झूमर और छऊ नृत्य प्रस्तुत करेंगे। स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं माइंस रेस्क्यू रामगढ़ की टीम रेस्क्यू डेमोंस्ट्रेशन देगी। इसके अलावा सेफ्टी अवेयरनेस को लेकर कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक भी पेश किए जाएंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को सीसीएल बरका-सयाल प्रक्षेत्र के अधिकारी और कर्मचारी जोर-शोर से लगे हुए हैं।

# विधायक की पहल पर छात्रों को ई-कल्याण पोर्टल पर मिला पुनः आवेदन का मौका

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** जिले के छात्र-छात्राओं के लिए ई-कल्याण पोर्टल पर छात्रवृत्ति आवेदन के दौरान आ रही तकनीकी बाधाओं को विधायक रोशन लाल चौधरी के हस्तक्षेप के बाद दूर कर दिया गया है। विधायक के इस पहल से अब जिले के सैकड़ों छात्र छात्रवृत्ति का लाभ मिल पायेगा। तकनीकी पेंच में फंसा था छात्रों का भविष्य मामला वित्तीय वर्ष 2025-26 के आवेदनों से जुड़ा था। पत्रांक 548 के अनुसार, कई छात्रों ने पूर्व में (2024-25) पोर्टल पर आवेदन किया था, जिसके कारण इस वर्ष उन्हें 'फ्रेश आवेदन करने में तकनीकी समस्या आ रही थी। पोर्टल पर सुधार या नए आवेदन का उचित विकल्प नहीं होने के कारण छात्र बेहद चिंतित और परेशान थे जिसे लेकर



छात्रों ने जिला कार्यालय में गुहार लगाई थी। छात्रों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए विधायक रोशन लाल चौधरी ने तत्काल प्रभाव से अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के सचिव कृपानंद झा और आदिवासी कल्याण आयुक्त कुलदीप चौधरी से संपर्क किया। उन्होंने अधिकारियों को पोर्टल की खामियों से अवगत कराया और स्पष्ट किया कि तकनीकी कारणों से किसी भी गरीब मेधावी छात्र की पढ़ाई बाधित नहीं होनी चाहिए। जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा 03 फरवरी 2026 को प्रेषित सूची में शामिल मुख्य छात्र मो. इरशाद अंसारी, कुंदन कुमार, मो. अबू रेहान, जाहिद अंसारी, राणा बेदिया, आनंद कुमार, वीणा कुमारी, सीमाब हुसैन और संगीता कुमारी सहित अन्य छात्रों की समस्याओं का अब समाधान हो गया है। विधायक की इस पहल से पोर्टल पर फ्रेश आवेदन का विकल्प खुल गया है। समस्या सुलझने पर खुशी जाहिर करते हुए छात्र-छात्राओं ने विधायक रोशन लाल चौधरी का आभार व्यक्त किया है। छात्रों का कहना है कि विधायक की सक्रियता के कारण ही समय रहते यह सुधार संभव हो पाया है, जिससे अब वे बिना किसी रुकावट के छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकेंगे।

### पूर्णाहुति के साथ तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के हरहंजी गांव में नवनिर्मित शिव मंदिर में चल रहे तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के तीसरे दिन गुरुवार को सर्ववेदी पूजन,प्राण प्रतिष्ठा हवन पूणाहुति, महाप्रसाद व भव्य भंडारे के वितरण के साथ संपन्न हो गया। यहां पुणाहुति का आयोजन पूरे विधि विधान के साथ किया गया। वही धार्मिक अनुष्ठान आचार्य चिंतामणि पांडे व अमित तिवारी गुरु बाबा चरण दास बनर्जी कुल पुरोहित पंचम पांडे व सत्यनारायण पांडे राजेश पाठक मंदिर के पुजारी गोस्वामी कश्यप दास की अगुवाई में यजमान इंद्रदेव सिंह सपत्नी गोमती देवी, रुपलाल सिंह शांति देवी, भीम गोप सोनाली देवी, चंद्र मोहन सिंह बिंदु देवी, देवनारायण को रूपा देवी रूपलाल सिंह शांति देवी टीकू सिंह कमला देवी ने पूरा किया। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा हुई। प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंदिर का पट भक्तों के दर्शन के लिए खोला गया। पट खुलते ही भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग के अलौकिक दर्शन को ले भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जहां भक्तों ने हर हर महादेव,जय श्रीराम के गगनभेदी जयघोष से पूरा वातारण भक्तिमय हो गया। शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का दर्शन-पूजन कर भोले बाबा से सुख, समृद्धि की मंगल कामना कर रहे है। इधर अंतिम दिन हुए पूजन और हवन के दौरान काफी संख्या में आस्था वान श्रद्धालुओं की उपस्थिति मंदिर परिसर व यज्ञशाला के समीप बनी रही।

# पदाधिकारियों व कर्मियों को दिया गया मतगणना का प्रशिक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी :** नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 के 27 फरवरी को प्रस्तावित मतगणना कार्य के सफल संचालन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आर रॉनिटा के निर्देश पर मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय में गुरुवार को निवार्ची पदाधिकारी (आरओ), सहायक निवार्ची पदाधिकारी (एआरओ), मतगणना कर्मी सहित अन्य प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के लिए प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मतगणना से संबंधित कार्य और दायित्वों की जानकारी दी गई। उपस्थित पदाधिकारी और कर्मियों को मतगणना की पूरी प्रक्रिया, राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों और आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से कार्य संपन्न करने के विभिन्न बिंदुओं की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि मतदान के बाद पीठासीन पदाधिकारी जमा कराई गई मतपेटियों को नियमानुसार खोलेंगे। मतगणना अभिकताओं की उपस्थिति में मतगणना शुरू होगी। मौके पर मतपेटी खोलने की व्यवहारिक जानकारी भी दी गई। प्रशिक्षण सत्र में मास्टर ट्रेनर विष्णु नंद तिवारी सहित अन्य अधिकारियों ने मतगणना से संबंधित जानकारी दी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी मतगणना पदाधिकारियों और कर्मियों को पूर्ण निष्पक्षता, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया है, ताकि मतगणना कार्य शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

# विधायक ने विधानसभा में उठायी तोरपा में कृषि मंडी निर्माण की मांग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी :** झारखंड विधानसभा के सत्र के सातवें दिन गुरुवार को तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने सदन में अपने क्षेत्र के किसानों से जुड़े मुद्दों को उठाया। उन्होंने तोरपा विधानसभा क्षेत्र में कृषि मंडी के निर्माण और किसानों को विशेष प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की मांग सरकार से की। विधायक ने कहा कि तोरपा विधानसभा क्षेत्र मुख्य रूप से कृषि आधारित इलाका है, जहां अधिकांश किसान खेती पर निर्भर हैं। यहां के किसान मेहनत और लगन से अच्छी पैदावार करते हैं, लेकिन उचित बाजार व्यवस्था के अभाव में उन्हें अपनी उपज का सही मूल्य नहीं मिल पाता। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में कृषि मंडी नहीं होने के कारण किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए दूर-दराज के बाजारों पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे समय और परिवहन खर्च बढ़ता है। सुदीप गुड़िया ने यह भी कहा कि भंडारण की समुचित व्यवस्था नहीं होने से किसानों को फसल तत्काल बेचनी पड़ती है, जिससे उन्हें अक्सर कम कीमत पर उपज बेचने की मजबूरी होती है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि किसानों की सुविधा और हितों को ध्यान में रखते हुए जल्द ही तोरपा विधानसभा क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं से युक्त कृषि मंडी का निर्माण कराया जाए। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक ने कहा कि किसानों को आधुनिक खेती की तकनीक, उन्नत बीज, फसल संरक्षण, भंडारण और विपणन से संबंधित विशेष प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की जरूरत सदन में मामला उठाया। उन्होंने कहा कि यदि किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती करने और बाजार की जानकारी दी जाए तो उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है।

### बेड़ो में भाजपा के फगुआ मिलन समारोह का आयोजन

# होली प्रेम, उल्लास और आपसी भाईचारे का त्योहार : सन्नी टोप्पो

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**बेड़ो :** भारतीय जनता पार्टी बेड़ो मंडल के तत्वावधान में गुरुवार को पुराने प्रखंड कार्यालय के आम बगीचा में फगुआ मिलन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कलाकारों ने एक से बढ़कर एक पारंपरिक फगुआ गीत गाकर व नृत्य की प्रस्तुति से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा नेता सन्नी टोप्पो रामनारायण भगत रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष पूर्वी विनय कुमार रांची पश्चिमी जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार सिंह प्रीतम साहु सुधाकर चौबे, संजीव तिवारी एसटी मोर्चा अध्यक्ष बुधराम बेदिया, सुखदेव उरांव, नंदलाल साहु,पुरंजय महतो, अंजली कच्छप बलराम सिंह, भीखा उरांव, राजेश कुमार, जतरू उरांव, मोनु सिंह, गणेश राम महथा ने उपस्थित अतिथियों व लोगों को अबीर गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी। मौके पर सन्नी टोप्पो ने कहा कि होली प्रेम, उल्लास और आपसी भाईचारे का त्यौहार है। होली का त्यौहार ऐसा त्यौहार है जो सभी गिले शिकवे मिटाकर एकता का संदेश देती है। होली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है होली सनातन धर्म में बसंत महीने का बड़ा ही महत्व होता है, इस मौसम में मानव से लेकर पशु पक्षी और पेड़ पौधे भी एक नए उमंग से भर जाते हैं। उन्होंने लोगों से सामाजिक सौहार्द बनाए रखने और अपने मन के नकारात्मक विचारों को त्यागने का भी संदेश दिया। वहीं रामनारायणभगत ने कहा कि रंग और गुलाल का ये त्यौहार सभी के जीवन में एक नए उत्साह का संचार करता है पूरा क्षेत्र फगुआ के गीतों से झूम उठता है। उन्होंने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली को सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाने का अपील किया।

# शहीद सुभाष मुंडा की प्रतिमा का हुआ अनावरण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** 26,27 व 28 फरवरी को झारखंड राज्य किसान सभा के 8 वे राज्य सम्मेलन के अवसर पर नगड़ी में किसान रैलीएवं एवं जनसभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा, अशोक ढावले ने संबोधित करते हुए कहा 1947 से आज तक 80 वर्षो से झारखंड सहित देश भर में किसानों के संघर्षों का नेतृत्व कर रही है, शहीद बिरसा के संघर्षों के विरासत को झारखंड राज्य किसान सभा किसान संघर्षों को आगे बढ़ा रही हैं, मोदी सरकार ने लगातार किसान विरोधी नीतियां 4 लेबर कोड,बिज और बिजली विधेयक,भारत - अमेरिका व्यापार समझौता थौफ कर देश के किसानों



का कमर तोड़ देगा, अमेरिकी उत्पाद के लिए मुक्त भारतीय बाजार एवं भारतीय किसानों के लिए अमेरिका ने 18 प्रतिशत लगा रखा है, मोदी भारतीय कृषि को बर्बाद करने पर आमादा है। घोषित एम्एस पी 24 रू 50 पैसा के बज 15 रू 18 रू धान बेचने के लिए मजबूर हैं, झारखंड में जबरन जमीन अधिग्रहण, जल, जंगल जमीन, खनिज संपदा पर कारपोरेट कब्जा के खिलाफ लाल झंडा,किसान सभा टक्कर दे रही है, अन्नदाता किसानों के सवालों को हल करने के बजाय बांटो ओर राज करो, आदिवासी गैर आदिवासी, गर्म के नाम पर बंटवारा कर राज करना चाहते हैं, हम बांटने नहीं एकता के लिए संघर्ष देश भर में चला रहे हैं।

# दूसरों को जबरन नहीं लगायें अबीर और गुलाल : एसडीपीओ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**खूंटी :** होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से तोरपा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक गुरुवार को आयोजित की गई। बैठक में पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था, यातायात नियंत्रण और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा (एसडीपीओ) ने कहा कि होली आपसी भाईचारे और खुशियों का त्योहार है, इसे हुड़दंग का रूप नहीं दिया जाए। उन्होंने लोगों से किसी को जबरन रंग नहीं लगाने की अपील की। साथ ही बैठक में तेज गति से बाइक चलाने पर रोक लगाने, नशे की हालत में वाहन न चलाने और सार्वजनिक स्थानों पर शांति बनाए रखने की अपील की गई। साथ ही पेयजल संकट को देखते हुए पानी की बचत करने और अनावश्यक पानी के उपयोग से बचने का भी संदेश दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा ने कहा कि शांति समिति के सदस्य अपने-अपने क्षेत्रों में निगरानी रखें, किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तुरंत प्रशासन को दें। बैठक में सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई। उन्होंने कचरा निस्तारण के बारे में विशेष बल दिया। पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने एक-दूसरे को प्रेम पूर्वक होली की बधाई देने का आग्रह किया। बैठक में साप्ताहिक बाजार को मंगल बाजार में लगाने की जरूरत पर बल दिया। बैठक में एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा, बीडीओ नवीन चन्द्र झा, अंचलाधिकारी पूजा बिनहा, डॉ. अनुमिता रानी, इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, थाना प्रभारी मुकेश कुमार यादव, एसआई अमरेन्द्र कुमार मंडल, एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा, अंचलाधिकारी पूजा बिनहा, डॉ अनुमिता रानी, इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, थाना प्रभारी मुकेश कुमार यादव, एसआई अमरेन्द्र कुमार मंडल सहित शांति समिति के कई सदस्य उपस्थित थे।

### बौनर धौड़ा में तीन दिवसीय शीतला माता प्रतिष्ठा यज्ञ आरम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** जवाहरनगर पंचायत के बौनर धौड़ा स्थित शीतला माता मंदिर में गुरुवार को तीन दिवसीय शीतला माता प्रतिष्ठा कार्यक्रम की शुरूआत हुई। मंदिर परिसर से नलकारी नदी तट पहुंचे श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल लेकर पुनः मंदिर पहुंचे। जहां कलश स्थापित किए गए। इसके साथ ही विधिवत रूप से धार्मिक अनुष्ठान आरंभ किए गए। आयोजन के पहले दिन दशास्नान, प्रायश्चित, मंडप प्रवेश, वेदी पूजन और चंडी पाठ कराया गया। पुजारी अशोक कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में वाराणसी से पहुंचे आचार्य मुकेश पांडेय और लव कुमार उपाध्याय अनुष्ठान में योगदान दे रहे हैं। जबकि यजमान के रूप में मनोज पाठक सपत्नीक शामिल हुए। वहीं शीतला माता मंदिर को फूलों और झालर लाइट से आकर्षक तरीके से सजाया है। आयोजन को सफल बनाने में अशोक पाठक, राजेश कुमार, कृष्णा साव, धीरज साव, अनित कुमार, रजत कुमार, देव गुप्ता, दीपक साव, हरेंद्र शर्मा, प्रिया कुमारी सहित अन्य श्रद्धालु सराहनीय योगदान दे रहे हैं।

## एक झलक

### आमलकी एकादशी पर श्रीतिरुपति बालाजी की होगी विशेष पूजा-आराधना



रांची : दिव्यदेशम श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में आमलकी एकादशी व्रत का मान 27 फरवरी शुक्रवार को है, इसे रंगभरी एकादशी भी कहते हैं। इस व्रत को ले परात्पर ब्रह्म परमात्मा श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर का प्रातः वंदन सुप्रभातम् और नित्याराधन आदि के बाद महाभिषेक होगा। उपरान्त श्रृंगार, महाआरती, नैवेद्य भोग और महास्तुति करके तदियाराधन, गोष्ठी, शठारी एवं तीर्थादि के पश्चात प्रातः सात बजे मंदिर के गोपुरम फाटक खुल जायेंगे। इसके साथ ही श्रद्धालु भक्तों और व्रती प्रातः 7:00 से 12:00 तक एवं संध्या 4:00 बजे से 7:00 बजे तक दर्शन, पूजा-अर्चना का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। आज के दिन भक्तियुक्त चित्त से जागरण करें। नृत्य, संगीत, वाद्य, धार्मिक उपाख्यान तथा श्रीविष्णु संबन्धित कथा-वार्ता आदि के द्वारा रात्रि व्यतीत करें। उसके बाद भगवान श्रीविष्णु के नाम ले लेकर आमलकी वृक्ष की परिक्रमा 108 या 28 बार करें। फिर सबेरा होने पर श्रीहरि वेंकटेश्वर की अर्चना -आरती करें, बालाजी की हुण्डी में चढ़ावा चढ़ावें , प्रदक्षिणा करें और गरूड़ध्वज के समक्ष दण्डवत प्रणाम निवेदन करना चाहिए।

### 02 मार्च रात्रि 11:53 में होगा होलिका दहन



रांची : श्री शिव मंदिर महावीर मंदिर न्यायस समिति डोरंडा में होली मिलन एवं अन्य कार्यक्रमों को लेकर बैठक धर्मशाला परिसर में की गई । बैठक की अध्यक्षता बजरंग प्रसाद गुप्ता के द्वारा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि धर्मशाला परिसर में 2 मार्च रात्रि 9:00 बजे से होली मिलन का आयोजन किया जाएगा एवं रात्रि 11:53 पर होलिका दहन किया जाएगा साथ ही धर्मशाला परिषद के नवनिर्माण की भी चर्चा की गई। बैठक में धन्यवाद ज्ञापन सचिव हरि प्रसाद विजयवर्गीय एवं मंच का संचालन पुरुषोत्तम दास ने किया। बैठक में मुख्य रूप से समिति के कोषाध्यक्ष सरदार अशोक सिंह, जय नारायण विजय, रोहित शारदा, संजय गुप्ता, गजेंद्र राम, इंदु राम, समिति द्वारा संचालित मंदिर के पुरोहित आशुतोष मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### अबुआ अधिकार मंच का होली मिलन समारोह रंगोत्सव 28 को



रांची : अबुआ अधिकार मंच रांची विश्वविद्यालय इकाई द्वारा होली मिलन समारोह सह रंगोत्सव का आयोजन 28 फरवरी को रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप में किया जा रहा है मंच के इंचार्ज ऑफ युथ एंड स्टूडेंट्स अफेयर्स अभिषेक शुक्ला ने कहा के इस होली मिलन समारोह मे मुख्य आकर्षण का केंद्र लाइव ,Dj एवं छात्र-छात्राओं के लिए 600 किलो अबीर होगा. रांची विश्वविद्यालय पीजी कैंपस समेत सभी महाविद्यालय एवं डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए प्रवेश निशुल्क होगा, अभिषेक शुक्ला कहा के दोनों विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। मंच के इस होली मिलन समारोह रंग उत्सव के सफल आयोजन हेतु मंच के विशाल कुमार यादव, विपिन कुमार यादव, दिवाकर प्रजापति, अर्जुन महतो, अंकित कुमार, आयुष पाठक,राहुल यादव, सुदीप मिंज, सोनू राणा, विकास कुमार के अलावा कई सदस्य विगत 2 सप्ताह से तैयारी में जुटे हैं।

झारखंड पीड़ित प्रतिकर योजना 2016

# अपराध से हुई हानि/क्षति के लिए दी जायेगी मुआवजा की राशि

- गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा झारखंड पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत पीड़ित/आश्रित को मुआवजा का किया गया है प्रावधान
- मुआवजा के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के समक्ष किया जा सकता है आवेदन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड सरकार ने झारखंड पीड़ित प्रतिकर योजना 2016 के तहत किसी भी प्रकार के अपराध से हुई हानि या क्षति के लिए पीड़ित या आश्रित को यथोचित मुआवजा भुगतान का प्रावधान किया है । इसके लिए पीड़ित या उसके आश्रित को न्यूनतम राशि का भुगतान किया जाना है।

**अपराध से हुई हानि या क्षति पर तय की गयी है न्यूनतम राशि**

**विभिन्न** प्रकार के अपराध यथा तेजाब हमला से घायल व्यक्ति को क्षति या हानि होने पर प्रतिकर की न्यूनतम राशि 03 लाख रुपये है, वहीं बलात्कार के लिए भी 03 लाख रुपये की मुआवजा राशि का प्रावधान है। जबकि, नाबालिग का शारीरिक शोषण के लिए 02 लाख, मानव तस्करी से पीड़ित का पुनर्वास के लिए 01 लाख, यौन प्रताड़ना (बलात्कार नहीं) के लिए 50 हजार, किसी भी अपराध में हुई मृत्यु में 02 लाख, स्थायी विकलांगता (80 प्रतिशत या अधिक ) में भी 02 लाख, आंशिक विकलांगता (40 प्रतिशत से 80 प्रतिशत ) में 01 लाख रुपये, शरीर का 25 प्रतिशत से अधिक जलना (तेजाब हमला को छोड़ कर) में 02 लाख रुपये, भ्रूण हानि में 50 हजार रुपये, प्रजनन क्षमता की हानि में 1.5 लाख रुपये, सीमा पर दो तरफा फायरिंग से पीड़ित महिला की स्थायी विकलांगता (80 प्रतिशत या अधिक) या मृत्यु होने पर 02 लाख रुपये और आंशिक विकलांगता (40 प्रतिशत या अधिक) पर 01 लाख रुपये की मुआवजा राशि का प्रावधान किया गया है। साथ ही, किसी भी अपराध में यदि शरीर के किसी भाग या अंग की हानि हो, जिसके चलते 40 प्रतिशत से कम विकलांगता होने पर 50 हजार रुपये, बाल पीड़ित की साधारण हानि या क्षति 10 हजार रुपये और कोई अन्य पीड़ित का पुनर्वास पर 50 हजार रुपये की मुआवजा राशि का प्रावधान किया गया है। मुआवजा राशि का निर्धारण मुआवजा राशि का निर्धारण पीड़ित व्यक्ति को हुई हानि या क्षति, उपचार में हुए व्यय, अन्त्येष्टि में हुए खर्च आदि के रूप में अनुषंगिक व्यय सहित पुनर्वास के लिए अपेक्षित न्यूनतम रकम के आधार पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा किया गया है। झारखंड पीड़ित प्रतिकर योजना 2016 के तहत मुआवजा के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सक्षम आवेदन किया जा सकता है। योजना में यह भी प्रावधान है कि यदि पीड़ित व्यक्ति की उम्र 14 वर्ष से कम है, तो प्रतिकर की रकम में विनिर्दिष्ट रकम से 50 प्रतिशत अधिक की बढ़ोतरी की जा सकेगी।

## ग्रामीण झारखंड में बीमा साक्षरता बढ़ाने के लिए एसयूडी लाइफ की पहल



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : स्टार यूनियन दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस (एसयूडी लाइफ) ने ग्रामीण झारखंड में वित्तीय सुरक्षा और बीमा साक्षरता को मजबूत बनाने के उद्देश्य से जनवरी-फरवरी 2026 के दौरान व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। राज्य बीमा योजना के तहत आयोजित इस पहल के अंतर्गत 30 ग्राम पंचायतों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनके माध्यम से 3,000 से अधिक ग्रामीणों तक पहुंच बनाई गई। अभियान का मुख्य उद्देश्य जीवन बीमा के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) के तहत नामांकन को प्रोत्साहित करना रहा। रांची,सरायकेला-खरसावां, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा और चतरा जिलों में पंचायत स्तर पर सेमिनार, संवाद सत्र और प्रश्नोत्तर कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बीमा की बुनियादी अवधारणाओं, किफायती योजनाओं और दावों की प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया गया। कार्यक्रमों में ग्राम मुखियाओं, ग्राम सचिवों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही, जिससे सामुदायिक स्तर पर वित्तीय सुरक्षा के प्रति विश्वास को बल मिला। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभय तिवारी ने कहा कि पंचायत स्तर पर बीमा जागरूकता ग्रामीण भारत में वित्तीय समावेशन को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण है और एसयूडी लाइफ झारखंड में निरंतर जमीनी पहलों के माध्यम से बीमा पहुंच को और विस्तारित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

NUSRL और Cyber Peace के बीच एमओयू

## साइबर कानून, सुरक्षा और एआई गवर्नेंस पर होगा संयुक्त कार्य



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्ट्डी एंड रिसर्च इन लॉ, रांची ने Cyber Peace के साथ साइबर कानून, साइबर सुरक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) गवर्नेंस, डिजिटल फॉरेंसिक, शोध, क्षमता निर्माण तथा सामुदायिक जागरूकता के क्षेत्रों में सहयोग हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता 26 फरवरी 2026 को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) अशोक आर. पाटिल और साइबरपीस के संस्थापक मेजर विनीत कुमार के बीच हस्ताक्षरित हुआ। इस टङ्कव के माध्यम से शैक्षणिक सहयोग, संयुक्त शोध परियोजनाएं, प्रशिक्षण कार्यक्रम, राष्ट्रीय सम्मेलन, हैकाथॉन, साइबर मूट कोर्ट प्रतियोगिताएं और साइबर लीगल एड पहल जैसे कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। इस साझेदारी के अंतर्गत डेटा संरक्षण, गोपनीयता, साइबर अपराध जांच, एआई गवर्नेंस तथा उभरती प्रौद्योगिकी कानून जैसे समकालीन विषयों पर विशेष पाठ्यक्रम विकसित किए जाएंगे। इन पाठ्यक्रमों को किफायती एवं समाज के सभी वर्गों के लिए सुलभ बनाने की योजना है, ताकि अधिक से अधिक लोग डिजिटल युग की चुनौतियों से सशक्त रूप से निपट सकें। समझौते की एक महत्वपूर्ण पहल विश्वविद्यालय के साइबर लीगल एड क्लिनिक को सुदृढ़ करना है। बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए पीड़ितों को कानूनी जागरूकता, परामर्श और संबंधित विभागों तक पहुँचाने में सहयोग प्रदान किया जाएगा साथ ही, विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप और मेंटरशिप के अवसर भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

# पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार




फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : 25 फरवरी को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि पुन्दाग ओपी क्षेत्र के भागलपूर लवातू टोला निवासी कृष्ण कुमार महतो के द्वारा अपने घर पर ब्राउन सुगर की खरीद बिकी की जा रही है, उक्त प्राप्त सूचना को वरीय पुलिस अधीक्षक महोदय राँची को दिया गया। जिसके पश्चात वरीय पुलिस अधीक्षक महोदय राँची के निदेर्शानुसार प्राप्त सूचना का सत्यापन एंव आवश्यक कारवाई हेतू पुलिस उपाधीक्षक, हटिया, रांची के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा भागलपुर लवातू टोला निवासी कृष्ण कुमार महतो के घर पर छापामारी किया गया। जहां से कृष्ण कुमार महतो को (कुल-253 पुड़िया) कुलः-27.24 ग्राम ब्राउन सुगर के साथ पकड़ा गया है। जिसके पश्चात संध्या गश्ती दल के पुलिस पदाधिकारी पु०अ०नि० बुलेट गोराई (पुन्दाग ओ०पी०) के द्वारा समर्पित आवेदन के आधार पर जगरनाथपूर (पुन्दाग ओ०पी०) थाना कांड सं0-38/2026, दि0-25/02/2026, धाराः-21 (b)/22 (b) N.D.P.S Act. के अर्न्तगत कांड दर्ज किया गया है। कांड की गम्भीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची के निदेर्शानूसार एक टीम का गठन किया गया। जिनके द्वारा जप्त मादक पदार्थ का स्पलाईन चेन का पता लगाकर विधि सम्मत कारवाई की जा रही है। इस कांड में गिरफ्तार अभियुक्त कृष्ण कुमार महतो को माननीय न्यायालय में उपस्थापन पश्चात न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

**बरामद सामान**

1. **मोटोरोला** कम्पनी का हल्का नीला रंग का स्मार्टफोन : 01 पीस ।
2. कागज के पुडिया में रखा हुआ ब्राउन सुगरः-253 पुडिया, वजन-27.24 ग्राम ।
3. नगदः-4600 रूपया ।
4. सफेद रंग का इलेक्ट्रॉनिक डिजीटल Weighing मशीनः-01 पीस।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता**

1. कृष्ण कुमार महतो, उम्र-41 बर्ष, पिता सुरेश महतो. पता-ग्राम भागलपूर लवातू, न्यू पुन्दाग, थाना-पुन्दाग ओ०पी० जिला-रांची।

**छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी के नाम**

1. **पुलिस** उपाधीक्षक महोदय, हटिया प्रमोद कुमार मिश्रा।
2. पुअनि सह पुन्दाग ओपी प्रभारी संजीव कुमार,
3. पुअनि, बुलेट गोराई, पुन्दाग ओपी ।
4. पुअनि निर्मल कु महतो, पुन्दाग ओपी।
5. पुन्दाग ओपी रिजर्व गार्ड के सशस्त्र बल।

## वित्तमंत्री आंकड़ों के खेल में माहिर : नवीन जायसवाल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट पर कटौती प्रस्ताव के पक्ष में बोलते हुए विधायक नवीन जायसवाल ने गुरूवार को सदन में कहा कि वित्तमंत्री आंकड़ों के खेल में माहिर हैं और वास्तविक स्थिति छिपाने की कोशिश कर रहे हैं। लंबा चौडा बजट पेश कर दिया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025-26 में 4 हजार करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान था, लेकिन मात्र 1,445 करोड़ रुपये ही खर्च हुए, शेष राशि सरेंडर कर दी गई। जब काम ही नहीं होगा तो पैसा खर्च कैसे होगा, यह सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है। जायसवाल ने कहा कि नगड़ी प्रखंड में चार धान अधिप्राप्ति लैंप्स केंद्र खोले गए, फिर भी अब तक 20 प्रतिशत भी धान की खरीद नहीं हो सकी है। गोदाम भरे होने का हवाला देकर खरीद टाली जा रही है, जबकि सरकार 2400 रुपये न्यूनतम मूल्य की बात करती है और किसान 1600-1700 रुपये में धान बेचने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि राज्या सरकार आंकडो की जादूगरी दिखाकर जिस बजट को सदन में लाया है। उससे झारखंड के किसानों का भला नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि किसानों से जुड़े महत्वपूर्ण पद जूनियर कर्मियों के भरोसे चल रहे हैं। एयर एंबुलेंस और अन्य योजनाओं पर खर्च हो रहा है, लेकिन किसानों की समस्या पर गंभीरता नहीं दिख रही। सरकार यदि सच में समर्पित होती तो पलायन की नौबत नहीं आती।

## कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन मारवाड़ी भवन में 01 मार्च को



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : कवि सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा आगामी 01 मार्च 2026 (रविवार) को स्थानीय मारवाड़ी भवन, हरमू रोड, रांची परिसर में भव्य कवि सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन पूर्णतः निःशुल्क है, जिसमें शहर के सभी वर्ग के आम जनता सादर आमंत्रित है। उपरोक्त जानकारी महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में मुख्य संयोजक पवन शर्मा ने दी एवं कहा कि आयोजन की सफलता हेतु विभिन्न उपसमितियों का गठन किया गया है, जिसमें क्रमशः मंच सभागार एवं सुरक्षा व्यवस्था-अनिल अग्रवाल एवं निर्भय शंकर हरित, स्वागत सत्कार-किशोर मंत्री एवं कमल जैन, अर्थ संग्रह-ललित पोद्दार एवं प्रकाश धेलिया, प्रशासनिक कार्य-अशोक नारसरिया एवं किशोर मंत्री, अल्पाहार-विनोद जैन एवं अनुप अग्रवाल, प्रेस एवं मिडीया प्रवक्ता मनोज बजाज को मनोनीत किया गया। समिति में प्रवक्ता सह कोषाध्यक्ष मनोज बजाज ने कहा कि इस कवि सम्मेलन में देश के सुप्रसिद्ध व प्रख्यात कवि-कवित्रियों का आगमन होगा जिसमें अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कवियों-श्रृंगाररंस विष्णु सक्सेना (यू.पी), हास्यरस आदित्य जैन (कोटा), सुनील जोगी (नई दिल्ली) हास्यरस ख्याली शरण (राजस्थान) हास्यरस श्रद्धया सोर्या पीपुल (नागपुर), वीररस श्री पार्थ नवीन (प्रतापगढ़) से पधार रहे है।

## झारखंड के किसानों की उपज का नहीं मिल पा रहा वैल्यू एडिशन : जयराम

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : विधानसभा के बजट सत्र के दौरान गुरुवार को झारखंड लोक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के विधायक जयराम महतो ने कहा कि राज्य सरकार की नीतियां झारखंड के किसानों के लिए लाभकारी साबित नहीं हो रही हैं। किसानों की उपज का वैल्यू एडिशन नहीं मिल रहा है। झारखंड के किसान अपना टमाटर 05 से 10 रुपये प्रति किलो बेचने को विवश हैं, जबकि उसी टमाटर से बनी सॉस की कीमत बाजार में हजारों रुपये प्रति किलो है। इसी तरह जब गेहूं, मक्के की कीमत कम और उसी को प्रोसेसिंग कर कॉर्नफ्लेक्स की कीमत आसमान छू रहा है। हमारे राज्य से किसानों के उत्पाद कच्चा माल दूसरे स्थान पर बेचने से दूसरों राज्यों को ज्यादा मुनाफा मिलता है। उन्होंने सदन में कटौती प्रस्ताव के विपक्ष में बालते हुए कहा कि झारखंड में किसान खेती कर केवल पेट भर सकते हैं, जीवन स्तर नहीं सुधार सकते। जयराम ने कहा कि राज्य के अधिकांश किसान मॉनसून पर निर्भर हैं और मुख्य रूप से बारिश के मौसम में धान की एक फसल ही ले पाते हैं। सिंचाई व्यवस्था के अभाव में वे गेहूं या अन्य फसल की खेती करने में असमर्थ हैं, जिससे उन्हें पर्याप्त लाभ नहीं मिल पाता।

## श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में रंग रंगीलो होली मिलन कार्यक्रम



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : परमहंस हिन्दू रत्न से अलंकृत डॉ. संत शिरोमणि स्वामी सदानंद जी महाराज के पावन आशीर्वाद से संचालित एम.आर.एस. श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के अंतर्गत कार्यरत सामाजिक संस्था श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम द्वारा पुंदाग, राँची स्थित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में फाल्गुन रंग रंगीलो होली मिलन कार्यक्रम का भव्य एवं भक्तिमय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धा, उल्लास और आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। फाल्गुन मास की मधुर बेला में सुसज्जित मंदिर प्रांगण भक्तों से भरा रहा। इस अवसर पर श्री राधा रानी का आकर्षक आभूषणों एवं रंग-बिरंगी पोशाकों से अलौकिक श्रृंगार किया गया, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। राधा-कृष्ण की जीवंत झांकियों ने ब्रज की होली की अनुपम छटा को साकार कर दिया। वातावरण में गुलाल की सुगंध और पुष्पों की वर्षा ने कार्यक्रम को और भी दिव्य बना दिया।महिला समिति द्वारा आयोजित भजन संध्या में भक्तिमय गीतों की ऐसी रसधार बही कि पूरा मंदिर परिसर राधे-राधे और जय श्री श्याम के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। महिलाएं श्री राधा-कृष्ण की होली के पारंपरिक एवं रसिया भजनों पर भाव-विभोर होकर झूम उठीं। फूलों की होली ने कार्यक्रम में ब्रज संस्कृति की सजीव अनुभूति कराई, जहां श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे पर पुष्प अर्पित कर प्रेम और सद्भाव का संदेश दिया।मंदिर के पुजारी पंडित अरविंद पांडे ने पूरे विधि-विधान से पूजन-अर्चन संपन्न कराया तथा श्री विग्रह को महाभोग अर्पित किया। तत्पश्चात सामूहिक महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर प्रभु से सुख-समृद्धि और विश्व कल्याण की कामना की। महाआरती के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में धार्मिक चेतना, सांस्कृतिक मूल्यों एवं आपसी प्रेम-सौहार्द को सुदृढ़ करना रहा।

## 'अखंड ज्योति है अपार माया, श्याम देव की प्रबल छाया'



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में रंग रंगीलो श्री श्याम फागण अमृत महोत्सव के अवसर पर आज श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का आयोजन किया गया। मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका कोषाध्यक्ष मनोज खेतान वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य श्याम सुंदर शर्मा ने के सानिध्य में बाबा का अद्भुत दिव्य श्रृंगार किया। मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने बताया कि मुख्य यजमान ने 11.15 बजे पूर्वाहन में अखंड ज्योति प्रज्वलित की। इसके बाद आए हुए सभी श्याम भक्तों ने एक-एक करके अखंड ज्योति में आहुति देकर अपने इष्ट देव को रिझाया । कोलकाता से आए ज्योति खन्ना एवं उनकी टीम ने भक्तों को दिन भर झुमाए रखा। पाठ वाचक ने जब व्यास पीट से अखण्ड ज्योति है अपार माया श्याम देव की है प्रबल छाया से पाठ का प्रारंभ किया तो पूरा श्याम मंदिर हारे के सहारे की जय तीन बान धारी की जय अहिल्यावती की जय के जयकारों से गूंज रहा था। दोपहर में भोजन फलिहारी की सुंदर व्यवस्था श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा की गई थी ।अखंड ज्योति में बैठे सभी श्याम प्रेमियों के बीच फल प्रसाद का वितरन किया जा रहा था। रात्रि 8:00 बजे आरती के साथ अखंड ज्योति पाठ का समापन किया गया । इसके बाद सभी भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। भोजन प्रसाद की समुचित व्यवस्था मंडल के उपाध्यक्ष अशोक लाडिया कार्यकारिणी सदस्य राजेश ढांढनिया की देखरेख में किया जा रहा है। प्रसाद वितरण का कार्य मंडल के मंत्री पंकज गाड़ोदिया उपमंत्री आदित्य लोहिया के निदेर्शानुसार किया जा रहा है। पूजन ज्योति कार्य मंडल के मंत्री विष्णु चौधरी उपमंत्री प्रवीण सिंघानिया प्रचार मंत्री रोहित अग्रवाल देख रहे हैं। फागन तैयारियों की व्यवस्था मंडल के महामंत्री के निर्देशन अनुसार किया जा रहा है। आज के सहयोगियों में सलज अग्रवाल उत्कर्ष लोहिया अमित शर्मा हेमंत जोशी रोशन खेमका सर्वेश अग्रवाल अंकित सिंह संकेत चौधरी जयश्री शर्मा ऋषभ चौरसिया आदि थे ।उपरोक्त सभी जानकारी मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने दी।

जापान ऑन कैनवास राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता : झारखंड से एकमात्र विजेता बन कर राज्य का नाम किया रोशन

# रांची के विवान शौर्य ने राष्ट्रीय स्तर पर जीता 'आउटस्टैंडिंग परफॉरमेंस' अवार्ड



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : 'एक्सपीरियंस जापान' द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता 'जापान ऑन कैनवास 2025-26' के परिणामों की घोषणा कर दी गई है। इस प्रतियोगिता में रांची के जेवीएम श्यामली (JVM Shyamali) के चौथी कक्षा के छात्र विवान शौर्य ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए 'आउटस्टैंडिंग परफॉरमेंस अवार्ड' (Outstanding Performance Award) अपने नाम किया है।

**प्रतियोगिता का विवरण**

**साल** 2013 में शुरू हुई यह प्रतियोगिता अब अपने 11वें संस्करण में प्रवेश कर चुकी है। इस वर्ष 'जापान ऑन कैनवास 2025-26' का आयोजन जापान दूतावास के 'जापान मंथ' उत्सव के तहत किया गया था। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पूरे भारत वर्ष से चयनित 206 स्कूलों से लगभग 4876 छात्रों ने भाग लिया था । विवान ने कैटेगरी-1 (कक्षा 4 से 6) में हिस्सा लिया था, जिसका विषय 'माउंट फुजी और चेरी ब्लॉसम' था।

**राज्य के इकलौते विजेता**

**कड़ी** प्रतिस्पर्धा और कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद चुने गए पुरस्कार विजेताओं में विवान शौर्य झारखंड राज्य से एकमात्र विजेता हैं। उनकी इस उपलब्धि पर स्कूल के प्राचार्य समरजीत जाना ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही, उनकी ड्राइंग शिक्षिका सपना दास, नीतू सिंह और कक्षा अध्यापिका शीतल कुमारी ने भी विवान की इस रचनात्मक सफलता पर गर्व व्यक्त किया है।

**उपलब्धियों का सफर**

**विवान** की कलात्मक विरासत उनके परिवार से जुड़ी है। उनके पिता भी एक प्रसिद्ध कलाकार और 'कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स' के संस्थापक हैं। उन्होंने कहा की विवान में कला नैसर्गिक है वो चित्रकला के साथ साथ, रोले प्ले, कविता एवं कहानी कहने और पियानो बजाने में भी महारत रखता है। विवान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हांथों चार बार सम्मानित भी हो चुका है। छोटी सी उम्र में ही विवान के नाम कई कीर्तिमान दर्ज हैं। उनका नाम 'इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में दर्ज है। वे अब तक विभिन्न क्षेत्रों में 120 से अधिक पुरस्कार जीत चुके हैं। इनके खाते में 30 से अधिक अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार शामिल हैं। विवान की यह जीत न केवल उनके विद्यालय बल्कि पूरे झारखंड राज्य के लिए गौरव का विषय है।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने रांची के सिंहमोड़ में अपनी नयी शाखा का किया भव्य उद्घाटन



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : देश के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने गुरुवार को रांची के सिंहमोड़ क्षेत्र में अपनी नई अत्याधुनिक शाखा का आधिकारिक उद्घाटन किया। इस नई शाखा का उद्देश्य स्थानीय निवासियों, व्यापारियों और छात्रों को विश्वस्तरीय बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना है। शाखा का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि गुणानंद गामी, अंचल प्रमुख-पटना द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर बैंक के क्षेत्र प्रमुख आलोक कुमार, एमएलपी प्रमुख प्रशांत कुमार पंकज, एमसीबी प्रमुख श्री दिलीप कुमार, शाखा प्रबंधक अनूप खाखा एवं यूनियन बैंक के स्टाफ सदस्य और शहर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।इस अवसर पर बोलते हुए अंचल प्रमुख ने कहा कि सिंहमोड़ में इस नई शाखा का विस्तार हमारी बैंक की उस प्रतिबद्धता को दशार्ता है, जिसके तहत हम बैंकिंग सेवाओं को हर नागरिक की दहलीज तक पहुँचाना चाहते हैं। यह क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है और हमें विश्वास है कि यूनियन बैंक यहाँ के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उद्घाटन के दौरान क्षेत्र प्रमुख ने बताया कि प्रदेश के मुख्य स्थान में स्थित सिंहमोड़ शाखा पूरी तरह से डिजिटल सुविधाओं से लैस है। यहाँ विभिन्न ऋण सुविधाएं एमएसएमई, गृह ऋण, वाहन ऋण और व्यक्तिगत ऋण की त्वरित स्वीकृति, खाता खोलने, सावधि जमा और सरकारी योजनाओं के लिए सरल प्रक्रिया उपलब्ध है।

## एक झलक

### नदी में नहाने के दौरान डूबा किशोर, बुझ गया घर का सबसे छोटा चिराग

**इचाक** : थाना क्षेत्र अंतर्गत देवकली और फुरुका बस्ती के बीच बहने वाली नदी (स्थानीय नामझ फुरुका नदी) गुरुवार को एक परिवार के लिए मातम बन गई। नदी में स्नान करने गए 17 वर्षीय किशोर शिवम कुमार की डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, ग्राम देवकली निवासी निर्मल रविदास का पुत्र शिवम कुमार (17 वर्ष) गुरुवार, 26 फरवरी 2026 को दोपहर करीब 12:00 बजे अपने साथियों के साथ नदी में नहाने गया था। स्नान के दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथियों के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी ।शिवम अपने पिता का सबसे छोटा पुत्र था। परिवार में दो पुत्र और एक पुत्री में वह सबसे छोटा था,और परिवार को उससे कई उम्मीदें थीं। इस घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है पूरे गांव में शोक का माहौल है ।घटना की सूचना पुलिस को दी गई। प्रारंभिक जांच के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की उपस्थिति में आपसी सहमति बनी। मुखिया प्रतिनिधि महेंद्र रविदास ने बताया कि शोकाकुल परिवार की स्थिति को देखते हुए परिजनों ने हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार बिना पोस्टमार्टम कराए अंतिम संस्कार करने का निर्णय लिया है ।प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि नदी या तालाब में नहाते समय विशेष सावधानी बरतें और गहरे पानी में जाने से बचें, ताकि ऐसी दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### बलियापुर में बिजली संकट जल्द होगा खत्म, बिरसिंहपुर में सब स्टेशन अंतिम चरण में

**धनबाद/बलियापुर** : लम्बे समय से बिजली संकट से परेशान बलियापुर प्रखंड के बिरसिंहपुर पंचायत के ग्रामीणों के लिए राहत की खबर है। सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो ने बताया कि हरहरी में बन रहे 33/11 केवी के विद्युत उपकेंद्र का निर्माण अंतिम चरण में है और जल्द ही इसे चालू कर दिया जायेगा। सरकार ने विधानसभा में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में कहा कि इस सब स्टेशन का निर्माण पिछले वर्ष स्वीकृत किया गया था। असैनिक कार्य लगभग पूरा हो चुका है और अब केवल इलेक्ट्रिकल संरचना शेष है। बचे हुए कार्यों को वित्तीय वर्ष 2026-27 की वार्षिक विकास योजना में शामिल किया गया है और इसे इसी अवधि में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, पिछले कई वर्षों से लो-वोल्टेज और बिजली कटौती की समस्याएं लगातार बढ़ रही थीं, जिससे घरेलू और कृषि कार्य प्रभावित हो रहे थे। इस उपकेंद्र के चालू होने से बिरसिंहपुर और आसपास के क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति में सुधार होगा और ग्रामीणों को स्थिर विद्युत सेवा मिलने लगेगी। ऊर्जा विभाग के संयुक्त सचिव सौरव कुमार सिन्हा ने 24 फरवरी 2026 को इस संबंध में रिपोर्ट तैयार कर झारखंड विधानसभा सचिवालय को सूचित किया है। विधायक श्री महतो ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के विकास और ग्रामीण जीवन में सुधार के लिए अहम कदम साबित होगी।

### बाल विवाह से मुक्ति के लिए चलाया गया जागरूकता अभियान

**रामगढ़** : रामगढ़ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में गुरुवार को बाल विवाह से मुक्ति के लिए चलाए जा रहे आशा अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के द्वारा चलाए जा रहे आशा अभियान को लेकर लोगों को बाल विवाह को खत्म करने के प्रति जागरूक किया गया। अभियान की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अनिल कुमार ने की। उन्होंने बताया कि आशा अभियान का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह से पूर्णतः मुक्ति है। इस कार्यक्रम में एलएडीसी उपाध्यक्ष रामजी गुप्ता ने कहा कि बच्चे हमारे भविष्य की नींव हैं। भारत में दुनिया के लगभग 19 प्रतिशत बच्चे रहते हैं। उनके अधिकारों की रक्षा केवल एक जिम्मेदारी ही नहीं बल्कि एक बेहतर भविष्य के लिए अनिवार्यता बन जाती है।

# होली, रमजान व रामनवमी शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के निमित्त हुई बैठक

बैठक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**केरेडारी** : केरेडारी गुरूवार को होली रमजान व रामनवमी पर्व शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए केरेडारी थाना में अंचलाधिकारी रामरतन वर्णवाल के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुरा प्रखण्ड के गणमान्य जनप्रतिनिधि एंव समाजसेवी के उपस्थित हुए। बैठक में पुलिस अवर निरिक्षक टिंकू सिंह ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब अपने-अपने क्षेत्र में विशेष रूप से भड़काऊ व अश्लील गानों पर विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है, क्योंकि होली जैसे पर्व पर इन्हीं गानों की वजह से लड़ाई झगड़ा या विवाद का कारण बनता है। शराब की पाबंदी पर विशेष ध्यान देने की



आवश्यकता है। जहां कहीं भी शराब बेचने वाले पता चले तो उसकी सूचना थाने में दी जाए। सूचना देने वाले व्यक्ति की जानकारी गुप्त रखी जायेगी एंव चलतं डीजे साउंड पर पुर्ण प्रतिबंध रहेगा वहीं प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी नेअपनी बातों में बोलें कि सोशल मिडिया पर सबकी नजर बनी होती इसलिए सभी ग्रुप मे एडमिन लाक करके रखेगें मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक जेलकेएम बालेश्वर कुमार, निरंजन साव, मुखिया संघ के अध्यक्ष दिनेश साव, मुखिया प्रतिनिधि अमित दुबे बदरूदीन मियां, तापेश्वर साव, चंद्रीका रजक, आदि ग्रामीण मौजूदा थें।

## एक मार्च को दैहर होली मिलन समारोह : कुशवाहा समाज



**चौपारण** : प्रखंड के दैहर पंचायत होली पर्व के उल्लास को लेकर चाय परगना के कुशवाहा समाज द्वारा, 01 मार्च को दैहर मैं भव्य होली मिलन समारोह आयोजन किया जाएगा इस संबंध में वरिष्ठ समाज सेवी नागेंद्र कुमार कुशवाहा में जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज के लोगों को एक मंच पर संगठित करने के उद्देश्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है' उन्होंने कहा कि समारोह में चाय पर गाना के विभिन्न क्षेत्रों से कुशवाहा समाज के हजारों लोगों के शामिल होने की संभावना है कार्यक्रम के दौरान रंग अबीर के साथ पारंपरिक होली मिलन होगा और तथा आपसी भाईचारा सामाजिक समस्त और एक जुटता का दौरान संस्कृति माहौल में पारंपरिक व्यंजनों की भी व्यवस्था रहेगी समाज पदाधिकारी ने सभी समाज बंधु से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का सफल बनाने की अपील की है आयोजन को लेकर तैयारी प्रारंभ कर दी गई है और क्षेत्र मैं वातावरण देखा जा रहा है।

## होली पर डीजे व शराब पर सख्ती, संवेदनशील इलाकों में बढ़ेगी पुलिस निगरानी




**सिन्दरी (धनबाद)** : होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर गोशाला ओपी में थाना प्रभारी रवि कुमार सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई अहम निर्णय लिये गये। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि होली के दौरान डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। साथ ही शराब की बिक्री और सार्वजनिक स्थानों पर सेवन पर भी सख्त रोक रहेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की हुड़दंग या अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर विशेष निगरानी रखी जाएगी। बैठक में ओपी में पदस्थापित पुलिस अधिकारियों के अलावा शांति समिति के सदस्यों ने भाग लेकर प्रशासन को सहयोग का आश्वासन दिया।

# सौ एकड़ भूमि पर हो रही है अफीम की खेती

**नवीन कुमार पाण्डेय**

**चतरा** : जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र के रिमी पंचायत के बिगुगाड़ात और कुम्हिया में लगभग सौ एकड़ से भी ज्यादा अफीम की खेती लगी हुई है। हालांकि चतरा पुलिस कप्तान के निदेर्शानुसार लावालौंग के कई भागो में अफीम की खेती को विनष्ट किया जा रहा है और किया गया है। परंतु हैरत की बात है कि लावालौंग के अमानत नदी किनारे से पांच सौ मीटर दूरी में बिगुगाड़ात तथा कुम्हिया के वन भूमि पर अफीम की खेती होना यह चिंता की विषय है। आपको बता दें कि चतरा पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल द्वारा चतरा को नशा मुक्त तथा मौत की खेती मुक्त करने के



लिए रात दिन एक किया जा रहा है। साथ हीं सभी थाने के थानेदारो और जनप्रतिनिधियों और पंचायत के मुखियाओं के माध्यम से इस पर लगाम लगाने के लिए अथक प्रयास किया जा रहा है। किंतु चतरा जिला के कुछ प्रखंडों में इस खेती को हीं मुख्य खेती समझ इसको ज्यादा रिस्क लेकर भी खेती करते हैं और ज्यादा रुपए की लालच में कितने को मौत के मुंह में धकेल रहे है। आपको बता दें कि पुलिस प्रशासन द्वारा अफीम की खेती तथा नशीले पदार्थों के सेवन को लेकर होने वाले लाभ और हानि का बतौर अभियान चला कर ग्रामीणों को जागरूक करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी गई है। किंतु अधिक रुपए की कमाई में चतरा जिला के कुछ प्रखंडों के कुछ पंचायतों के लोग आज भी मौत की खेती कर अधिक कमाई करने में लगे हैं। आप जिधर नजर उठाएंगे उधर अफीम हीं अफीम की खेती नजर आएगा। वैसे में चतरा जिला नशामुक्त तथा अफीम की खेती मुक्त करना का उद्देश्य एक सपना सा लग रहा है।

# मतगणना की तैयारियां पूर्ण, आज होगी मतगणना

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : नगर निगम चुनाव 2026 के अंतर्गत कृषि उत्पादन बाजार समिति परिसर में संचालित मतगणना केंद्र का उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि प्रकाश सिंह ने निरीक्षण कर मतगणना की अंतिम तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मतगणना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश नियंत्रण, बैरिकेडिंग, मीडिया सेंटर, सीसीटीवी निगरानी, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, बैठने की व्यवस्था तथा मतगणना कर्मियों हेतु आवश्यक सुविधाओं की



समीक्षा की। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि मतगणना प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराई जाए। ज्ञात हो कि हजारीबाग नगर निगम के 36 वार्डों में संपन्न निर्वाचन के उपरांत 27 फरवरी को मतगणना निर्धारित है। इसके लिए सभी प्रशासनिक एवं सुरक्षा तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उपायुक्त ने कहा कि मतगणना प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु पर्याप्त सुरक्षा बल की तैनाती की जाएगी तथा अधिकृत व्यक्तियों को ही मतगणना केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। मीडिया कर्मी बाजार समिति परिसर में बने मीडिया सेंटर तक ही मोबाइल फोन ले जा सकेंगे। मौके पर उन्होंने मतगणना से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने का निर्देश दिया। जिला प्रशासन ने नागरिकों से मतगणना के दिन विधि-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है।

## पशु विकास दिवस में 16 राज्यों में 510 शिविर, झारखंड के 380 परिवार लाभान्वित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जमशेदपुर** : एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने 14 फरवरी 2026 को 'पशु विकास दिवस' के आठवें संस्करण के तहत देशभर में व्यापक अभियान चलाया। 'सर्वोत्तम सेवाः पशु, परिवार और प्रगति' थीम पर आयोजित इस पहल के जरिए एक ही दिन में 1.55 लाख से अधिक ग्रामीणों तक सीधा और परोक्ष लाभ पहुंचाया गया। कंपनी ने इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम बताया है। कंपनी की ओर से 16 राज्यों की 510 ग्रामशक्ति शाखाओं में शिविर लगाये गये। इस दौरान करीब 1.4 लाख पशुओं का निःशुल्क उपचार, टीकाकरण और दवा वितरण किया गया। वहीं 14 हजार से अधिक ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं में सहयोग मिला। अभियान से 30 हजार से ज्यादा परिवार प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हुए। झारखंड में पांच स्थानों पर आयोजित शिविरों में लगभग 4000 पशुओं की जांच की गई और 380 से अधिक परिवारों को फायदा पहुंचा। स्थानीय पशु चिकित्सकों ने दुधारू पशुओं की उत्पादकता, संतुलित आहार और नियमित टीकाकरण पर जानकारी दी। कंपनी के एमडी व सीईओ रवि नारायणन ने कहा कि पशुधन ग्रामीण परिवारों की आर्थिक रीढ़ है। इस पहल को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स समेत कई संस्थाओं से सम्मान मिल चुका है।

# हर्बल पलाश गुलाल फूलों व हरी सब्जियों से बन रहे अबीर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दारू** : दारू प्रखंड में JSLPS के महिलाओ के द्वारा प्रखंड परिसर के मैदान दो दिवसीय पलाश ब्रांड के तहत तैयार अबीर बिक्री हेतु स्टॉल लगाया गया। होली के नजदीक आने के साथ ही बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। जहां एक ओर रासायनिक रंगों और गुलाल की बिक्री हो रही है, वहीं 'वोकल फॉर लोकल' पहल के तहत दारू प्रखंड की महिलाएं हर्बल अबीर तैयार कर रही हैं। यह गुलाल त्वचा के लिए सुरक्षित और रासायनिक रंगों का एक प्राकृतिक विकल्प है। झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (JSLPS) के तहत कार्यरत महिला समूह इन दिनों हर्बल अबीर बनाने का काम कर रही हैं। जीवन ज्योति महिला उत्पादक समूह खरछढर से प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता प्राप्त कर दर्जनों महिलाओं को इस कार्य में संलग्न कर रहे हैं। यह गुलाल बाजार में उपलब्ध रासायनिक रंगों से पूरी तरह अलग है। जीवन ज्योति महिला उत्पादक समूह की महिलाओं ने बताया कि JSLPS से प्रशिक्षण के बाद उन्होंने इस वर्ष हर्बल गुलाल बनाना शुरू किया है। उनका कहना है कि यह गुलाल बाजार में उपलब्ध रासायनिक रंगों से पूरी तरह अलग है। इसमें किसी भी प्रकार के रसायन का उपयोग नहीं किया जाता, जिससे यह त्वचा के लिए सुरक्षित है। साथ ही, यह बाजार के गुलाल से अधिक किफायती भी है। गुलाल बनाने की प्रक्रिया के बारे में बताते हुए, महिला समूह की सुमति देवी ने जानकारी दी कि वे इसे तैयार करने में पूरी तरह से प्राकृतिक रूप से उगने वाले फूलों, हरी सब्जियों और फलों का उपयोग करती हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न रंगों के गुलाल बनाने के लिए पालक, गेंदा फूल, हल्दी, चुकंदर (बीट), नींबू, गुलाब के फूल और चमेली के फूलों सहित अन्य प्रकार के फलों, फूलों और सब्जियों का इस्तेमाल किया जाता है।

# एकल विद्यालय आचार्य की मासिक बैठक सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चरही** : एकल अभियान की और से संचालित एकल विद्यालय आचार्य के अभ्यास वर्ग संच चुरचू के स्वर्गीय टेकलाल महतो स्मृति भवन चरही में सम्पन्न हुआ मासिक अभ्यास वर्ग की अध्यक्षता रमेश यादव, महादेव जी, भाग प्रशिक्षण प्रमुख दिनेश महतो, अंचल प्रशिक्षण प्रमुख नरेश पासवान संच प्रशिक्षण प्रमुख महेंद्र महतो और संच डाड़ी के प्रशिक्षण प्रमुख गीता देवी ने किया इस मासिक अभ्यास वर्ग में प्राथमिक शिक्षा ऑनलाइन हाजरी पंचमुखी शिक्षा पर चर्चा किया गया। और सभी आचार्य को गणवेश दिया गया। सभी आचार्य, विनीता देवी हेमंती देवी पूनम कुमारी ललिता कुमारी रीना कुमारी सेरेमनी देवी पुनीता देवी रेखा कुमारी कुंती देवी गुड़िया देवी काजल कुमारी सरिता देवी सुषमा देवी मंजू कुमारी मनीता देवी प्रमिला देवी सभी आचार्य उपस्थित थे।

# दो एकड़ में लगी अवैध अफीम की फसल नष्ट

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण** : चौपारण थाना क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती के खिलाफ लगातार चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की गई है। 26 फरवरी 2026 को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर देहर पंचायत के खेरीगढ़ा जंगल में वन विभाग एवं चौपारण पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर करीब 02 एकड़ में अवैध रूप से लगी अफीम की फसल को चिन्हित कर मौके पर ही नष्ट कर दिया। अभियान के दौरान दुर्गम और पहाड़ी इलाके में ड्रोन की सहायता से फसल की पहचान की गई। इसके बाद सुरक्षा बलों ने मौके पर पहुंचकर पूरी फसल को नष्ट कर



दिया। पुलिस के अनुसार मादक पदार्थों की अवैध खेती पर रोक लगाने के लिए आधुनिक तकनीक का सहारा लिया जा रहा है, जिससे छिपकर की जा रही खेती को भी चिह्नित किया जा सके।

**बरामदगी**

**कार्रवाई** के दौरान घटनास्थल से 4 डिलीवरी पाइप बरामद किए गए, जिन्हें मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। पुलिस द्वारा अवैध रूप से अफीम की खेती करने वाले व्यक्तियों के नाम-पते का सत्यापन किया जा रहा है। दोषियों की पहचान के बाद उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। मामले में अग्रेतर कार्रवाई जारी है।

संयुक्त अभियान में शामिल अधिकारी/कर्मी
एसडीपीओ बरही श्री अजित कुमार बिमल
एसआई सुबिन्दर राम
एसआई दिव्य प्रकाश
सशस्त्र बल के जवान
बनपाल सरवन कुमार
जैनेन्द्र कुमार

पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध मादक पदार्थों की खेती और तस्करी के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त अभियान जारी रहेगा। लगातार हो रही कार्रवाई से अवैध खेती करने वालों में हड़कंप मचा हुआ।

# उन्नत कृषि, पशुधन व महिला किसानों के एक दिवसीय सम्मेलन का हुआ आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़-बगोदर मार्ग पर स्थित अतिथि सत्कार होटल विष्णुगढ़ में गुरुवार को जनजागरण केन्द्र द्वारा उन्नत कृषि एवं पशुधन के माध्यम से महिला किसानों की आय में सतत वृद्धि परियोजना के अंतर्गत किसान सम्मेलन एवं अनुभव साझा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी अभय कुमार, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी डॉ० चंदेश्वर प्रसाद, बीटीएम उमेश राणा, नागी पंचायत के मुखिया कुंवर हंसदा, जनजागरण केन्द्र अभियंता जय मंगल सिंह तथा परियोजना प्रबंधक देव कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में प्रखंड के महिला किसान, किसान समूहों के प्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात परियोजना प्रबंधक देव कुमार सिंह ने स्वागत संबोधन के माध्यम से सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का हार्दिक अभिनंदन में पुष्प गुच्छ देकर



सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में परियोजना की रूपरेखा, उद्देश्य एवं अब तक की प्रमुख उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पहल महिला किसानों को कृषि एवं पशुधन आधारित आजीविका से सशक्त बनाकर उनकी आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने यह भी बताया कि परियोजना के माध्यम से आधुनिक कृषि तकनीक, मचान की खेती, सब्जी उत्पादन, जैविक खेती, मुर्गी पालन, बकरी पालन तथा पशुओं के नियमित टीकाकरण एवं जानकारियाँ गाँव-गाँव तक पहुँचाई जा रही हैं। प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी अभय कुमार ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्नत तकनीकों को अपनाकर कम लागत में अधिक उत्पादन संभव है। उन्होंने गुणवत्तायुक्त बीजों के चयन, जैविक खाद के उपयोग एवं फसल विविधीकरण मचान की खेती पर विशेष बल दिया। साथ ही कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी साझा करते हुए किसानों को अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी डॉ० चंदेश्वर प्रसाद ने अपने संबोधन में पशुपालन को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव बताया। उन्होंने पशुओं के नियमित टीकाकरण, संतुलित आहार, साफ-सफाई एवं रोग नियंत्रण के वैज्ञानिक उपायों पर विस्तार से जानकारी दी और कहा कि व्यवस्थित पशुपालन महिलाओं के लिए आय का निरंतर एवं भरोसेमंद स्रोत बन सकता है। बीटीएम उमेश राणा ने समूह आधारित खेती एवं तकनीकी मार्गदर्शन की महत्ता पर प्रकाश डाला, जबकि नागी पंचायत के मुखिया कुँवर हँसदा ने महिला किसानों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

# मांडू विधायक ने चुरचू टाटीझरिया विष्णुगढ़ में उद्योग लगाने का उठाया मुद्दा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चरही** : झारखंड विधानसभा सत्र के दौरान बुधवार को मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने अपने क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को सदन के पटल पर रखा। विधायक ने बिष्णुगढ़, टाटीझरिया और चुरचू प्रखंडों में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना की पुरजोर मांग करते हुए सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया। सदन को संबोधित करते हुए विधायक निर्मल महतो ने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चुरचू, विष्णुगढ़,



टाटीझरिया प्रखंडों में संसाधनों की कमी नहीं है, लेकिन उद्योगों के अभाव में यहां के युवाओं को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों का रुख करना पड़ता है। उन्होंने तर्क दिया कि यदि इन क्षेत्रों में स्थानीय स्तर पर लघु या भारी उद्योग स्थापित किए जाते हैं, तो बड़े पैमाने पर हो रहे पलायन पर लगाम लगेगी। विधायक ने सदन में स्पष्ट किया कि उद्योग की स्थापना केवल रोजगार का जरिया नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र के कायाकल्प का आधार बनेगी। उन्होंने कहा कि उद्योगों की आने से कुशल-अकुशल सभी मजदूरों को अपने घर के पास ही काम मिलेगा। लोगों की आय बढ़ने से क्षेत्र में क्रय शक्ति बढ़ेगी, जिससे स्थानीय बाजार भी फलेंगे फुलेंगे। औद्योगिक निवेश से सड़क बिजली और पानी जैसे मूलभूत सुविधाओं में स्वतः सुधार होगा।चुरचू विष्णुगढ़ टाटीझरिया जैसे क्षेत्रों में अपार क्षमता है। अगर सरकार यहां उद्योग लगाने की दिशा में ठोस कदम उठाती है, तो हमारे युवाओं को अपनी मिट्टी छोड़कर बाहर नहीं जाना पड़ेगा। विधायक द्वारा सदन में यह मुद्दा उठाए जाने के बाद उनके विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों और युवाओं में खुशी की लहर है। स्थानीय लोगों में लंबे समय से इस क्षेत्र में औद्योगिक विकास की प्रतीक्षा की जा रही है। उम्मीद है कि सरकार इस दिशा में कोई सकारात्मक पहल करेगी, ताकि मांडू विधानसभा क्षेत्र का विकास की मुख्य धारा से जुड़ सके।

## झारखंड विधानसभा में गरजीं रागिनी सिंह, धनबाद की कानून-व्यवस्था पर सरकार से जवाब तलब



**धनबाद** : झारखंड विधानसभा में झरिया विधायक रागिनी सिंह ने धनबाद की बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला। शून्यकाल के दौरान उन्होंने कहा कि जब न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिल रही हो और एक विधायक का आवास सुरक्षित नहीं हो, तो आम जनता की सुरक्षा की कल्पना भी नहीं की जा सकती। विधायक ने सदन को अवगत कराया कि हाल ही में धनबाद न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। उन्होंने इसे न्यायिक व्यवस्था पर सीधा हमला बताते हुए कहा कि यह कानून के राज को खुली चुनौती है। घटना के बाद भी अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं होना पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। रागिनी सिंह ने यह भी बताया कि सरायढेला थाना क्षेत्र स्थित उनके आवास 'सिंह मेंशन' पर दो सप्ताह पूर्व अज्ञात अपराधियों द्वारा बमबाजी की गई थी। उन्होंने कहा कि यह केवल एक जनप्रतिनिधि पर हमला नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को अस्थिर करने का प्रयास है। बावजूद इसके पुलिस अब तक अपराधियों तक पहुंचने में नाकाम रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि धनबाद में अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है और आम नागरिक, व्यापारी, महिलाएं व बच्चे खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। सदन में विपक्षी सदस्यों ने भी इस मुद्दे पर सरकार से समयबद्ध कार्रवाई और उच्चस्तरीय जांच की मांग की। विधानसभा अध्यक्ष ने मामले का संज्ञान लेते हुए सरकार से जवाब तलब करने की बात कही है।

# मतगणना को लेकर अधिकारियों को दी गयी विस्तृत ब्रीफिंग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** नगर निकाय चुनाव की मतगणना को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से न्यू टाउन हॉल में विशेष प्रशिक्षण सह ब्रीफिंग सत्र आयोजित किया गया। सत्र में सभी निवार्ची पदाधिकारी, सहायक निवार्ची पदाधिकारी एवं मतगणना कार्य से जुड़े कर्मियों ने भाग लिया। अपर समाहर्ता सह महापौर पद के निवार्ची पदाधिकारी विनोद कुमार ने कहा कि मतगणना निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप एकरूपता के साथ की जायें। मतपेटिका खोलने से पूर्व उसके एड्रेस टैग और सील की सावधानीपूर्वक जांच कर प्रत्याशी के एजेंटों को संतुष्ट करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने मतपत्रों को वैध एवं अवैध घोषित करने में विशेष सतर्कता बरतने पर बल दिया, ताकि किसी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश न रहे। मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण ने हेल्प डेस्क, वज्रगृह, रिसीलिंग कक्ष और निर्वाची पदाधिकारी के टेबल पर प्रतिनियुक्त कर्मियों के दायित्वों को पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से विस्तार से समझाया। मतगणना पूर्ण होने के बाद प्रपत्र 19, 20, 21 एवं 22 भरने की प्रक्रिया तथा दो प्रत्याशियों के मत बराबर होने की स्थिति में लॉटरी प्रक्रिया की जानकारी भी दी गयी। प्रशिक्षण में एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

नगर निकाय चुनाव

## मतगणना के दिन शहर में विशेष ट्रैफिक प्लान लागू

**धनबाद :** नगर निकाय चुनाव 2026 की मतगणना को लेकर 27 फरवरी को जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में हैं। मतगणना के दिन बड़ी संख्या में प्रत्याशी, उनके अधिकृत एजेंट, पदाधिकारी और कर्मचारियों के वाहन मतगणना स्थल की ओर जाएंगे। इस वजह से शहर में यातायात को सुगम और सुरक्षित बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने विशेष रूट डायवर्जन और नियंत्रण लागू किया है। पुलिस के निर्देश के अनुसार, विनोद बिहारी महतो चौक से बेकारबांध तक आम वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। केवल अधिकृत पासधारी वाहन ही इस मार्ग से गुजर सकेंगे। सभी अधिकृत वाहन राजकीय पॉलिटेक्निक मैदान में पार्क किए जाएंगे। सड़क किनारे पार्किंग करने वाले वाहनों पर कड़ी कार्रवाई और जुमार्ने की चेतावनी दी गई है। स्थानीय निवासियों और प्रतिष्ठानों के लिए भी विशेष छूट की व्यवस्था की गई है। बेकारबांध से पॉलिटेक्निक के बीच रहने वाले लोगों को बेकारबांध की ओर से प्रवेश की अनुमति मिलेगी, जबकि विनोद बिहारी महतो चौक से पॉलिटेक्निक के बीच रहने वाले लोग चौक की ओर से नियंत्रित प्रवेश कर सकेंगे। धनबाद पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें और मतगणना के दौरान अफवाहों से बचें। प्रशासन ने बताया कि यह विशेष यातायात व्यवस्था सुबह 5 बजे से रात 8 बजे तक प्रभावी रहेगी। मतगणना केंद्र पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था भी लागू है, जिसमें बाहरी और आंतरिक क्षेत्रों में बैरिकेडिंग, सीसीटीवी निगरानी और अधिकारियों की तैनाती शामिल है। इसका उद्देश्य मतगणना प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित बनाना है, ताकि चुनाव परिणाम निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से घोषित किए जा सकें।

## राजकीय पॉलिटेक्निक धनबाद में आज मतगणना, सुरक्षा के कड़े इंतजाम




**धनबाद :** नगर निकाय चुनाव की मतगणना शुक्रवार, 27 फरवरी को सुबह 8 बजे से राजकीय पॉलिटेक्निक धनबाद में शुरू होगी। मतगणना को लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारी पूरी कर ली है। पूरे परिसर को सुरक्षा घेरे में रखा गया है और प्रवेश केवल अधिकृत पासधारकों को ही दिया जाएगा। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि मतगणना शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किये गये हैं। धनबाद नगर निगम के महापौर एवं 55 वार्ड पार्षदों के मतों की गिनती 11 काउंटिंग हॉल में 117 टेबल पर की जाएगी। वहीं चिरकुंडा नगर परिषद के अध्यक्ष तथा 21 वार्ड पार्षदों के मतों की गिनती 4 काउंटिंग हॉल में 24 टेबल पर होगी। इस प्रकार कुल 15 काउंटिंग हॉल में 141 टेबल पर एक साथ मतों की गणना की जाएगी। प्रत्येक टेबल पर एक काउंटिंग सुपरवाइजर और दो सहायक तैनात रहेंगे, जबकि पूरी प्रक्रिया की निगरानी वरीय पदाधिकारियों द्वारा की जाएगी। प्रशासन के अनुसार धनबाद नगर निगम के वार्ड 1, 6, 11, 16, 21, 26, 31, 36, 41, 46 और 51 की मतगणना सबसे पहले प्रारंभ होगी। इसके बाद क्रमवार अन्य वार्डों के मतों की गिनती की जाएगी। महापौर और वार्ड पार्षद पद के मतों की गिनती समानांतर रूप से की जाएगी, जिससे परिणाम शीघ्र घोषित किए जा सकें। मीडिया प्रतिनिधियों की सुविधा के लिए अलग से मीडिया कोषांग बनाया गया है, जहां से उन्हें अधिकृत और अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराई जायेगी। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विनोद बिहारी महतो चौक से बेकारबांध तक आम वाहनों की आवाजाही पर 27 फरवरी को सुबह 5 बजे से रात 8 बजे तक रोक रहेगी। केवल मतगणना कार्य में तैनात अधिकारी-कर्मी, प्रत्याशी एवं उनके अधिकृत एजेंट को ही प्रवेश की अनुमति होगी। प्रशासन ने आम नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की सलाह दी है, ताकि मतगणना प्रक्रिया निर्विघ्न संपन्न हो सके।

## धनबाद में ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा परखी



**धनबाद :** जिले में निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आदित्य रंजन ने कोहिनूर मैदान स्थित ईवीएम वेयर हाउस का गुरुवार को निरीक्षण किया। उन्होंने ईवीएम कक्ष की सील, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता तथा अग्निशमन यंत्रों की स्थिति की गहन जांच की। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को रख-रखाव और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार यह मासिक रूटीन निरीक्षण है, ताकि ईवीएम की सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक न हो। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा सहित निर्वाचन शाखा के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

## कतरास को अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल की सौगात, मां लिलोरी मंदिर में जश्न

**बाघमारा (धनबाद) :** झारखंड सरकार के बजट में कतरास को अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल की सौगात मिलने से क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। गुरुवार को कतरास स्थित मां लिलोरी मंदिर प्रांगण में स्थानीय दुकानदारों और आम नागरिकों की बैठक आयोजित की गई। विधानसभा में प्रस्ताव पारित होने की खबर मिलते ही लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। बैठक में सुरेश कुमार महतो, रमेश महतो, चंदन महतो, सुबोक महतो, शंकर भगत, प्रापद महतो, पप्पू महतो, महेश, मंटो सैन, पवन गुप्ता, राखी पटवा, सुशांत रवानी, भीम महतो, सुमित महतो, मुकेश साव, रतिकेश, राकेश, प्रीतम, धनंजय कुमार, आदर्श महतो और सुदाम पटवा सहित कई लोग मौजूद थे। वक्ताओं ने कहा कि अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल बनने से कतरास की पहचान और मजबूत होगी तथा आवागमन की सुविधा बेहतर होगी। इससे स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। लोगों ने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए राज्य सरकार, स्थानीय विधायक और धनबाद जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही उम्मीद जताई कि परियोजना का कार्य जल्द शुरू कर निर्धारित समय में पूरा किया जाएगा, ताकि क्षेत्र को इसका शीघ्र लाभ मिल सके।

## लोन डिसबर्समेंट पर कसा शिकंजा, खराब प्रदर्शन करनेवाले बैंकों पर होगी कार्रवाई



**धनबाद :** प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) की समीक्षा बैठक में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने बैंकों की कार्यशैली पर नाराजगी जतायी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अब केवल आवेदन स्वीकृति नहीं, बल्कि वास्तविक लोन डिसबर्समेंट को ही लक्ष्य प्राप्ति का आधार माना जायेगा। जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक में पाया गया कि कई बैंक आवेदकों का सिबिल स्कोर अच्छा होने के बावजूद विभिन्न कारणों से आवेदन अस्वीकृत कर रहे हैं। पोर्टल पर निर्धारित दस्तावेजों के अलावा अतिरिक्त कागजात, कॉलेटरल सिक्योरिटी और व्यवसायिक बिजली कनेक्शन की मांग कर लाभुकों को परेशान किया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि पीएमईजीपी और पीएमएफएमई जैसी योजनाएं स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए हैं, इसलिए बैंकों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करना चाहिए। खराब प्रदर्शन करने वाले बैंकों के क्षेत्रीय प्रबंधकों के साथ विशेष बैठक कर जवाबदेही तय की जाएगी। साथ ही लंबित आवेदनों के त्वरित निष्पादन और नियमित फॉलोअप के निर्देश दिए गए। बैठक में उप विकास आयुक्त सन्नी राज, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद, एलडीएम अमित कुमार सहित विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## धनबाद में 09 लाभुकों को मिली ई-रिक्शा, स्वरोजगार को नयी रफ्तार



**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर गुरुवार को बेलगड़िया में स्वारोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में अहम पहल की गई। जिला प्रशासन एवं झारखंड पुनर्वास एवं विकास प्राधिकरण के संयुक्त प्रयास से ई-रिक्शा सहयोग समिति लिमिटेड (पलानी, बलियापुर) के माध्यम से 9 लाभुकों के बीच नई ई-रिक्शा का वितरण किया गया। बेलगड़िया स्थित जेआरडीए के प्रशासनिक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में लाभुकों को ई-रिक्शा की चाबी सौंपी गई। यह वितरण बीसीसीएल के सीएसआर मद से कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि इससे स्थानीय युवाओं और जरूरतमंद परिवारों को स्वरोजगार का अवसर मिलेगा तथा उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। जिला प्रशासन ने भविष्य में भी इस तरह की योजनाओं को जारी रखने का भरोसा दिया है।

## एक झलक

### टासरा परियोजना में ब्लास्टिंग व प्रदूषण के खिलाफ झामुमो का विरोध

**सिन्दरी (धनबाद) :** झारखंड मुक्ति मोर्चा महानगर समिति धनबाद ने स्टेट अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की टासरा परियोजना में अनियंत्रित ब्लास्टिंग, धूल प्रदूषण और कथित अनियमितताओं के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया है। समिति ने आरोप लगाया कि तेज विस्फोट से आसपास के गांवों में कंपन हो रहा है, जिससे घरों में दरारें पड़ रही हैं और ग्रामीणों का जीवन असुरक्षित हो गया है। डोमगढ़ क्षेत्र में लगातार मलवा गिराने से पर्यावरण प्रदूषण बढ़ने की बात कही गयी है। मोर्चा ने यह भी आरोप लगाया कि कई विस्थापित परिवारों को अब तक मुआवजा नहीं मिला है तथा श्रम कानूनों और न्यूनतम मजदूरी का पालन नहीं हो रहा। समिति ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सकारात्मक पहल नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जायेगा।

### चलती गाड़ी से गिरा जला मोबिल, फिसलन से कई वाहन टकराये

**बाघमारा (धनबाद) :** गुरुवार को श्यामडीह मोड़ से बाघमारा की ओर जा रही जला मोबिल लदी गाड़ी (संख्या जेएच 15 जे 4674) से अचानक सड़क पर मोबिल गिरने लगा। श्यामडीह मोड़ से लगभग 500 मीटर आगे संजीवनी अस्पताल के पास तक सड़क पर तेल फैल गया, जिससे मार्ग पर फिसलन बढ़ गई। पीछे से आ रहे कई छोटे-बड़े वाहन अनियंत्रित होकर आपस में टकरा गए और कुछ वाहन सड़क पर गिर पड़े। घटना में कई लोग घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से पास के अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया। हादसे के बाद सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और कुछ देर के लिए यातायात बाधित रहा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए मोबिल लोड वाहन को खदेड़कर आगे रुकवाया और इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दी। हालांकि मौका पाकर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही कतरास पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन को कब्जे में लेकर जेसीबी की मदद से सड़क पर बिखरे मोबिल पर मिट्टी डलवाकर साफ कराया। इसके बाद यातायात सामान्य हो सका। स्थानीय लोगों की सक्रियता से एक बड़ा हादसा टल गया।

### समर्पण एक नेक पहल ने किडनी मरीज को समय पर उपलब्ध कराया रक्त

**धनबाद :** सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल के तत्पर प्रयास से एसएनएमएमसीएच में भर्ती एक गंभीर रूप से बीमार महिला मरीज को समय पर रक्त उपलब्ध कराया गया। मरीज रजिया खातून (उम्र 44 वर्ष) को किडनी की गंभीर बीमारी के साथ गम्भीर एनीमिया था। चिकित्सकों ने तत्काल 1 यूनिट पीआरबीसी चढ़ाने की सलाह दी। संस्था के संस्थापक दीपेश चौहान के नेतृत्व में तुरंत कार्रवाई करते हुए जिले के सरकारी ब्लड बैंक से आवश्यक रक्त उपलब्ध कराया गया। समय पर रक्त मिलने से मरीज को राहत मिली और परिजनों ने संस्था की सराहना की। दीपेश चौहान ने कहा, किडनी जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों के लिए रक्तदान अत्यंत आवश्यक है। हमारा संकल्प है कि कोई भी मरीज रक्त के अभाव में परेशान न हो। संस्था समर्पण एक नेक पहल लगातार धनबाद और आसपास के क्षेत्रों में रक्तदान, स्वास्थ्य सहायता और जनकल्याण कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है।

### रैयती जमीन अवैध घोषित करने के विरोध में संजय सेन ने शुरू की भूख हड़ताल

**बाघमारा (धनबाद) :** आशाकोठी मौजा में 2 एकड़ से अधिक रैयती जमीन को बीसीसीएल द्वारा अवैध घोषित करने के विरोध में संजय कुमार सेन ने 27 फरवरी से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करने का ऐलान किया है। बांसजोड़ा, नावागढ़ निवासी श्री सेन ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह जमीन उन्होंने करीब 20 साल पहले खतियानी जमीदार दामोदर प्रसाद लाला से खरीदी थी और उस समय से लेकर अब तक राज्य सरकार के सभी सक्षम प्राधिकरण द्वारा वैध अभिलेख जारी किए गए हैं। संजय सेन ने कहा कि वर्तमान में बीसीसीएल उनके जमीन पर खनन कर रहा है। आर्थिक मुआवजे और नियोजन की मांग करने पर कंपनी प्रबंधन ने उनके वैध कागजात को अवैध बताकर मुआवजा और नौकरी देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि अब हक अधिकार के लिए आंदोलन करना ही एकमात्र विकल्प बचा है। संजय सेन ने मीडिया को बताया कि आंदोलन की सूचना पहले ही राज्य सरकार के सभी सक्षम प्राधिकरण और बीसीसीएल को दे दी गई है। बीसीसीएल प्रबंधन ने कहा है कि खदान क्षेत्र या कार्यालय के आसपास बिना अनुमति किसी प्रकार का धरना, भूख हड़ताल, प्रदर्शन औद्योगिक उत्पादन, कर्मचारी सुरक्षा और विधि व्यवस्था को प्रभावित कर सकता है। ऐसी स्थिति में कंपनी और जिला प्रशासन कानूनी कार्रवाई करने के लिए बाध्य हो सकते हैं, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की होगी।

# भूईंफोड़ के नारायणी धाम में शुरू हुआ श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**धनबाद :** धनबाद की पावन धरती एक बार फिर श्याम नाम के जयघोष से गूंजने वाली है। भूइफोर स्थित श्री नारायणी धाम मंदिर परिसर में 26 फरवरी से श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। तीन दिवसीय इस धार्मिक उत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है और मंदिर परिसर को भव्य सजावट से अलंकृत किया जा रहा है। महोत्सव का शुभारंभ 26 फरवरी की सुबह बाबा के पावन अभिषेक के साथ हुआ। पूरे दिन भक्तजन श्याम नाम की भक्ति में लीन रहेंगे और वातावरण भक्तिमय बना रहेगा। 27 फरवरी को इसी परिसर से भव्य निशान यात्रा निकाली जायेगी, जो बिग बाजार मार्ग से होते हुए पुनः श्री श्याम बाबा के दरबार में पहुंचकर अर्पित की जायेगी। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालु हाथों में निशान लिए भक्ति गीतों और जयकारों के साथ नगर भ्रमण करेंगे, जिससे पूरा क्षेत्र श्याममय हो उठेगा। उसी दिन संध्या बेला में बाबा की ज्योत प्रज्वलित की जायेगी और भव्य कीर्तन का आयोजन होगा। भजन संध्या में सुप्रसिद्ध गायिका कंचन पांडेय तथा गायक नीरज सांवरिया अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से भक्ति रस की गंगा बहाएंगे। श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की भी विशेष व्यवस्था की गयी है। महोत्सव का समापन 28 फरवरी को प्रातः बारश की ज्योत प्रज्वलन के साथ होगा। इस अवसर पर खीर-चूरमा का विशेष भोग अर्पित किया जाएगा तथा विशाल भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। श्री नारायणी धाम के प्रधान सेवक श्री नरेश मिश्रा ने बताया कि आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं और श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की गई है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि निशान कूपन मंदिर परिसर में उपलब्ध हैं। आस्था, श्रद्धा और उत्सव का यह संगम धनबाद में भक्ति की एक नई छटा बिखेरने को तैयार है।

## झरिया में शुरू हुआ तीन दिवसीय श्रीश्याम फाल्गुन महोत्सव, भव्य निसान शोभा यात्रा निकली



**झरिया :** लाल बाजार स्थित श्रीश्याम मंदिर में गुरुवार से तीन दिवसीय श्रीश्याम फाल्गुन महोत्सव का भव्य आयोजन शुरू हुआ। पहले दिन मंदिर से भव्य निसान शोभा यात्रा निकाली गयी, जिसमें भक्त गाजे-बाजे और भजनों के साथ नाचते-गाते हुए शामिल हुए। 'जय श्री श्याम, जय श्री श्याम' और हारे का सहारा श्री श्याम हमारा जैसे नारे हर तरफ गूंजते रहे। यात्रा लाल बाजार, लक्ष्मीनिया मोड़, सब्जी पट्टी, बाटा मोड़, मेन रोड देशबंधु सिनेमा और धर्मशाला रोड होते हुए मंदिर पहुंची। श्याम भक्तों ने कुल 8111 रंग-बिरंगे निसान, जिनमें 201 चांदी के थे, श्रीश्याम बाबा को अर्पित किये। अबीर और गुलाल से पूरा झरिया रंगीन हो गया। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष रघुवीर गोयल, शिवकुमार अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, निलेश अग्रवाल सहित कई कार्यकर्ताओं ने यात्रा को सफल बनाने में योगदान दिया। पुजारी कैलाश पांडेय और गोपाल पांडेय ने निसान पूजन किया, जबकि प्रेम गोयल प्रथम निसान अर्पित करने वाले यजमान रहे। विधि-व्यवस्था के लिए झरिया पुलिस पूरी तरह सक्रिय रही। यात्रा के आगे-पीछे और प्रत्येक चौक-चौराहे पर पुलिस तैनात थी। बाटा मोड़ व लक्ष्मीनिया मोड़ पर बैरियर लगाकर यातायात नियंत्रित किया गया।

## बच्चा चोरी की अफवाह पर बवाल 10 नामजद समेत कई पर केस दर्ज

**बाघमारा/धनबाद :** धनबाद जिले में बच्चा चोरी की अफवाह ने एक बार फिर भीड़ हिंसा को जन्म दे दिया। ईस्ट बसुरिया ओपी क्षेत्र में चार महिलाओं को बच्चा चोर होने की अफवाह पर घेरकर उनके साथ मारपीट की गई और जम कर हंगामा हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद महिलाओं को भीड़ से सुरक्षित बाहर निकाला। घटना के बाद इलाके में कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति बनी रही। गोरखपुर निवासी इसरावती देवी की लिखित शिकायत के आधार पर कतरास थाना कांड संख्या 83/26 दर्ज किया गया है। पुलिस ने धर्मेन्द्र यादव, सन्नी मल्लाह समेत 10 नामजद महिला-पुरुषों और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 191(2), 352, 190 सहित अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों के अनुसार अफवाह फैलाकर कानून हाथ में लेना गंभीर अपराध है। सभी आरोपियों की पहचान कर उनकी भूमिका की गहन जांच की जा रही है।

## गोविंदपुर में 300 किलो पलाश हर्बल गुलाल का निर्माण, महिलाओं को मिला स्वरोजगार का अवसर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार गोविंदपुर प्रखंड में ओएसएफ रतनपुर आजीविका महिला संकुल संगठन के तत्वावधान में तीन दिवसीय पलाश हर्बल गुलाल निर्माण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में 10 स्वयं सहायता समूह की दीदियों ने भाग लिया और व्यावहारिक तरीके से प्राकृतिक एवं सुरक्षित गुलाल बनाना सीखा। प्रशिक्षण अवधि में लगभग 300 किलोग्राम हर्बल गुलाल का निर्माण किया गया। यह गुलाल अरारोट पाउडर, पलाश फूल, चुकंदर, गेंदा फूल, पालक और हल्दी जैसी प्राकृतिक सामग्रियों से तैयार किया गया है। तैयार उत्पाद पूरी तरह हर्बल, त्वचा के लिए सुरक्षित तथा पर्यावरण अनुकूल है। प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं को होली जैसे मौसमी बाजार से जोड़ते हुए उनकी आय में वृद्धि करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। (झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसाइटी) द्वारा उत्पादों की बाजार व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी, ताकि महिलाओं को बेहतर विपणन अवसर मिल सके। ओएसएफ अध्यक्ष रीना गोराई की निगरानी में प्रशिक्षण संचालित हुआ, जबकि डॉली सिंह ने प्रशिक्षण दिया। प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. रमेश कुमार मंडल और प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी नवीन कुमार के मार्गदर्शन से यह पहल सफल रही।

# बाल विवाह के खिलाफ दिलायी शपथ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद) :** बाल विवाह उन्मूलन को लेकर जिला समाज कल्याण विभाग, धनबाद की पहल पर गुरुवार को कतरास के गुहीबांध बस स्टैंड में सामुदायिक चौपाल का आयोजन किया गया। 'बाल विवाह मुक्त भारत अभियान' के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय महिलाओं और आंगनबाड़ी सेविकाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला पर्यवेक्षिका हेमलता रजक ने कहा कि बाल विवाह सामाजिक बुराई के साथ दंडनीय अपराध भी है। इससे बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से इस कुप्रथा को जड़ से खत्म करने का आह्वान किया। चौपाल के दौरान जागरूकता रैली निकाली गई और उपस्थित लोगों को बाल विवाह नहीं करने एवं न होने देने की शपथ दिलाई गई। साथ ही महिलाओं को संबंधित कानूनी प्रावधानों और दुष्परिणामों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सेविका रीता देवी, अनिता देवी, संतोषी देवी सहित ललिता देवी, परमेश्वरी देवी, रिंकु देवी, उर्मिला देवी, रूबी देवी, कुन्ती देवी, शारदा देवी, किरण कुमारी, जानकी कुमारी, सीमा कुमारी, कान्ती देवी, सोनिया देवी और रेणु देवी समेत बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

## सदर अस्पताल में जटिल ऑपरेशन सफल, आयुष्मान योजना से 45 वर्षीय महिला को मिला नया जीवन

**धनबाद :** धनबाद के सदर अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के तहत एक और जटिल शल्य चिकित्सा सफलतापूर्वक संपन्न की गई। तांतरी, प्रखंड तोपचांची निवासी 45 वर्षीय गीता देवी पिछले छह माह से पेट दर्द की समस्या से जूझ रही थीं। स्थानीय स्तर पर उपचार के बावजूद राहत नहीं मिलने पर उन्होंने सदर अस्पताल में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. संजीव कुमार से परामर्श लिया। जांच के दौरान अल्ट्रासाउंड में पेट में ट्यूमर की पुष्टि हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉ. संजीव कुमार के नेतृत्व में लैपरोटॉमी की गई। ऑपरेशन के दौरान बाईं ओवरी से उत्पन्न गांठ पाई गई, जिसके बाद टोटल एब्डॉमिनल हिस्टरेक्टॉमी बाइलेटरल सैल्पिंगो-ओओफोरेक्टॉमी की प्रक्रिया अपनाई गई। सर्जरी के बाद मरीज की स्थिति सामान्य और संतोषजनक बताई जा रही है। निकाले गए सैंपल को पैथोलॉजिकल जांच के लिए भेजा गया है।

# साक्ष्य के अभाव में चर्चित हत्याकांड का आरोपी बरी



**धनबाद :** धनबाद के चर्चित हत्याकांड मामले में आरोपी संजीत कुमार पासवान को अदालत से बड़ी राहत मिली है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंचम की अदालत ने बुधवार को साक्ष्य के अभाव में उसे बरी कर दिया। मामला पुटकी थाना कांड संख्या 84/2023 से जुड़ा था। 29 जून 2023 को शैलेंद्र कुमार शर्मा उर्फ भोला शर्मा ने अपने भाई संतोष कुमार शर्मा की हत्या के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। घटना के बाद उसी दिन पुलिस ने पुटकी निवासी संजीत कुमार पासवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। सेशन ट्रायल केस संख्या 815/2023 में अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 16 गवाहों की गवाही करायी गयी। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के वरीय अधिवक्ता श्रीदीप नारायण एवं अधिवक्ता राजेश कुमार झा ने अदालत के समक्ष दलील दी कि प्रस्तुत साक्ष्य अभियुक्त के विरुद्ध अपराध सिद्ध करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने 25 फरवरी 2026 को अपना फैसला सुनाते हुए साक्ष्य के अभाव में संजीत कुमार पासवान को बरी कर दिया। फैसले के बाद उसके परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई।

## धनबाद में एसएसपी के निर्देश पर जिलेभर में सघन एंटी क्राइम अभियान

**धनबाद :** वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देशानुसार बुधवार को शाम से लेकर रात तक जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर एंटी क्राइम अभियान चलाया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले में कानून-व्यवस्था बनाये रखना, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी करना और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाना था। अभियान के दौरान पुलिस ने संवेदनशील स्थानों और प्रमुख चौक-चौराहों पर बैरिकेडिंग कर कुल 1265 वाहनों की जांच की। वाहन चालकों व सवारियों की पहचान सत्यापित की गई और संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली गई। चोरी या संदिग्ध वाहनों की पहचान के लिए दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई। इसके अलावा अवैध शराब, मादक पदार्थ, जुआ और लॉटरी के खिलाफ विशेष छापेमारी की गई। यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से नशे में वाहन चलाने वालों की भी जांच की गई। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ चालान और कानूनी कार्रवाई की गई। एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह के अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे कानून का पालन करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत डायल 112 पर पुलिस को दें।

# होली को लेकर सुदामडीह थाना में शांति समिति की बैठक, हुड़दंगियों पर सख्ती के निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पाथरडीह (धनबाद) :** होली पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को सुदामडीह थाना परिसर में शांति समिति की विस्तृत बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसआई जग मोहन बांद्रा ने की, जबकि संचालन समाजसेवी मौसम महंती ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए एसआई बांद्रा ने स्पष्ट कहा कि होली के दौरान क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रहेगी। असामाजिक तत्वों, हुड़दंगियों एवं माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर विशेष नजर रखी जायेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि शराब पीकर उत्पात मचाने, जबरन रंग लगाने, सार्वजनिक स्थानों पर अभद्र व्यवहार करने तथा बिना अनुमति तेज आवाज में डीजे बजाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे त्योहार को आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। बैठक में मौजूद गणमान्य लोगों ने भी शांति बनाये रखने में प्रशासन को सहयोग देने का भरोसा दिलाया। मौके पर थाना के अधिकारी रणजीत उरांव, एएसआई एमडी करीम, एएसआई एनके सिंह समेत समाजसेवी रामनाथ सिंह, सरदार केशर सिंह, बीके साहू, संजय महतो, मनोरंजन घोषाल, भोला सहाय, राहुल कुमार सहित दर्जनों शांति समिति सदस्य उपस्थित थे।

## अलकडीहा ओपी में शांति समिति की बैठक, होली पर सख्ती के निर्देश



**जोरापोखर (धनबाद) :** होली पर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर गुरुवार को अलकडीहा ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ओपी प्रभारी अरुणिश रोशन ने की तथा संचालन बिरेंद्र कुमार निषाद ने किया। ओपी प्रभारी ने कहा कि होली के दौरान हुड़दंगियों पर पैनी नजर रखी जाएगी। शराब पीकर उत्पात मचाने, अभद्र व्यवहार करने और बिना अनुमति तेज आवाज में डीजे बजाने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने सभी से आपसी भाईचारा और सद्भाव बनाए रखते हुए पर्व मनाने की अपील की। बैठक के बाद होली मिलन समारोह भी आयोजित हुआ। बैठक में चंडी चरण देव, बबन श्रीवास्तव, सुभाष चंद्र सिंह, मिथिलेश सिंह, रामानंद सिंह, रामबाबू सिंह, संजय कुमार सिंह, पिंकी देवी, शरीफ कुरैशी, टिंकू पासवान, राकेश सिंह सहित प्रशासन की ओर से एसआई मुकेश कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार व विद्यासागर पासवान उपस्थित थे।

## होली पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने पर जोर



**निरसा (धनबाद) :** होली पर्व को शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने के लिए निरसा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निरसा अनुमंडल पदाधिकारी रजत मानिक बाखला, थाना प्रभारी अनिल शर्मा, कांग्रेस और समाज के गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से शराबियों और असामाजिक तत्वों पर नजर रखने, होलिका दहन के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को रोकने और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि समाज के लोग अपने क्षेत्र में युवाओं को जागरूक करें और किसी भी संदिग्ध स्थिति में तुरंत पुलिस या 112 पर संपर्क करें। थाना प्रभारी अनिल शर्मा ने भी लोगों से अपील की कि वे अपने क्षेत्र में समिति और प्रशासन के सहयोग से होली को शांति और हर्षोल्लास के साथ मनाने में योगदान दें। बैठक में रिंकू भट्टाचार्य, कांग्रेस नेत्री दुर्गा दास, प्रखंड प्रमुख आशा कुमारी दास, भारत स्वाभिमान न्यास के मंजीत सिंह, निरसा प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष डॉक्टर संतोष राय, निरसा सांसद प्रतिनिधि गोपाल राय सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। बैठक में सभी ने शांति और सौहार्दपूर्ण होली मनाने का संकल्प लिया और समाज से अपील की कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह या अशांति से बचें। प्रशासन और समाज के सहयोग से निरसा में होली पर्व सुरक्षित और हर्षोल्लासपूर्ण रहेगा।

## सम्पादकीय.....

# 'कॉम्प्रोमाइज्ड कौन' का कुत्सित खेल

**कॉम्प्रोमाइज्ड** शब्द इन दिनों सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। इसे कांग्रेस सांसद नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा में प्रधानमंत्री के साथ जोड़ कर कहा था। सत्तापक्ष पर इसका इतना गहरा असर हुआ कि अब भाजपा व उसके घटक दल सोते-जागते इसी शब्द का इस्तेमाल कर गांधी परिवार पर हमला करने में जुटे हुए हैं। 25 फरवरी को केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एक पोस्ट में पं.जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और सोनिया गांधी ; इन सबके नाम के साथ 'कॉम्प्रोमाइज्ड' लिख कर आरोप लगाया कि चारों के सत्ता में रहने के दौरान भारत में क्या-क्या गलत हुआ। पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी अब इस दुनिया में नहीं हैं, वहीं सोनिया गांधी प्रधानमंत्री कभी नहीं रहीं। यूपीए के दोनों कार्यकाल में डॉ. मनमोहन सिंह ही प्रधानमंत्री थे। वैसे भी भाजपा के निशाने पर गांधी परिवार हमेशा ही रहा है। अभी उसके निशाने पर राहुल गांधी हैं। भाजपा ने कहा है कि राहुल गांधी का पूरा परिवार ही 'कॉम्प्रोमाइज्ड' है। भाजपा को लगता है कि उसके ऐसे हमलों से अब वे सवाल उठने बंद हो जायेंगे, जिन पर सत्ता पक्ष बुरी तरह घिरा हुआ है। जबकि, एपस्टीन फाइल्स के खुलासों पर सवाल तो उठेंगे ही। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा कहते हैं, 'एपस्टीन फाइल्स में पूर्व राजनयिक हरदीप पुरी, उद्योगपति अनिल अम्बानी, खुद को आध्यात्मिक गुरु बतानेवाले दीपक चोपड़ा, इजरायल के पूर्व प्रधानमंत्री एहुद बराक, वर्तमान प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और खुद जेफ्री एपस्टीन ; इन सबके बीच भारत की विदेश नीति और अमेरिका व इजरायल से किये जा रहे रक्षा सौदों को लेकर जो बातचीत 2014 से 2017 के बीच लगातार हुई हैं, उनसे स्पष्ट होता है कि मोदी सरकार में विदेश मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय तथा अमेरिका या अन्य देशों में हमारे दूतावास केवल दिखावे के हैं। इनसे जुड़े निर्णय लेने की असली ताकत जेफ्री एपस्टीन और उसके गिरोह के पास ही रही। एपस्टीन तो अब मर चुका है, लेकिन उससे हरदीप पुरी के सम्बन्ध स्थापित होने के बावजूद प्रधानमंत्री उन्हें मंत्रिमंडल से बाहर नहीं कर रहे। दरअसल, मोदी अपने ही मंत्री के दबाव में हैं। क्योंकि, यदि पुरी को हटाया गया, तो बहुत-सी ऐसी बातें सामने आ जायेंगी, जिनसे उनकी कुर्सी को खतरा हो जायेगा।' इस बीच पीएम मोदी 25 फरवरी को फिर इजरायल की दूसरी यात्रा पर रवाना हुए, जबकि इजरायल और अमेरिका ईरान से युद्ध छेड़ने को तैयार बैठे हैं। ऐसे में इजरायल से भारत की नजदीकी दिखाने का अर्थ है कि हम पूरी तरह अपनी संतुलनकारी विदेश नीति को छोड़ रहे हैं। देश ने विविध विचारों और तौर-तरीकों वाले प्रधानमंत्री देखे हैं, लेकिन वर्तमान प्रधानमंत्री की शैली उसे चकित कर रही है। बहरहाल, भाजपा खुल कर गांधी परिवार पर हमले कर रही है। 'कॉम्प्रोमाइज्ड कौन' यही साबित करने का खेल भाजपा और कांग्रेस; दोनों खेल रही हैं। 'पीएम इज कॉम्प्रोमाइज्ड' कांग्रेस का नया सूत्रवाक्य है। इस समय यह मोदी सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन चुका है। इसी वाक्य वाले टी शर्ट्स के साथ युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एआई समिट में प्रदर्शन किया था। 24 फरवरी को राहुल गांधी ने भोपाल में किसान महापंचायत में अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते पर बोलते हुए भी यही वाक्य कहा और किसानों को बताया कि कैसे उनके भविष्य को खतरे में डाला जा रहा है। बहरहाल, 'कॉम्प्रोमाइज्ड कौन' के इस खेल में कांग्रेस और भाजपा ; दोनों ही मर्यादा की सीमाएं लांघ रही हैं। पक्ष और विपक्ष एक-दूसरे की आलोचना करें...खूब करें, लेकिन इस प्रक्रिया में दुश्मनी का भाव परिलक्षित नहीं होना चाहिए, जो कि हो रहा है और यह अत्यन्त दुखद है।

## ● किसने क्या कहा



सामाजिक व सांस्कृतिक संवाद का प्रमुख केन्द्र बनेगा श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक केन्द्र

**द्रौपदी मुर्मू**
राष्ट्रपति

भारत-इजरायल सम्बन्धों को 'स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' का दर्जा

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



# विदेश भेजने की होड़ और बदलती मानसिकता

विशेष — **डॉ. प्रियंका सौरभ**

> **विदेश** जाने की एक बड़ी वजह शिक्षा भी है। कई छात्र यह सोच कर विदेश जाते हैं कि वहां की पढ़ाई बेहतर है या वहां अवसर अधिक हैं। कुछ मामलों में यह सही भी हो सकता है, लेकिन एक सच्चाई यह भी है कि कई छात्र केवल इसलिए विदेश चले जाते हैं, क्योंकि उन्हें भारत में मनचाहे कॉलेज या कोर्स में प्रवेश नहीं मिल पाता। प्रतियोगिता कठिन है, सीटें सीमित हैं, और हर किसी को प्रतिष्ठित संस्थानों में जगह नहीं मिल पाती। ऐसे में विदेश जाना एक विकल्प बन जाता है। लेकिन, इस विकल्प को सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रतीक बना देना चिन्ताजनक है। आज स्थिति यह हो गयी है कि कई जगहों पर माता-पिता अपने बच्चों को विदेश भेजने को लेकर एक तरह का दबाव महसूस करते हैं। रिश्तेदारों, परिचितों और समाज के बीच यह दिखाने की कोशिश होती है कि उनका बच्चा विदेश में पढ़ रहा है या काम कर रहा है।

**पिछले** कुछ वर्षों में भारतीय समाज में एक नई प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी है—बेटे-बेटियों को विदेश भेजने की होड़। कभी पढ़ाई के नाम पर, कभी नौकरी के नाम पर, तो कभी बेहतर जीवन के सपने के साथ। कई परिवारों में यह एक उपलब्धि की तरह प्रस्तुत किया जाता है। सोशल मीडिया ने इस प्रवृत्ति को और तेज कर दिया है। किसी का कनाडा जाना, किसी का ऑस्ट्रेलिया या यूरोप जाना—यह सब मानो सफलता की पहचान बन गया है। धीरे-धीरे यह धारणा बनती जा रही है कि यदि भविष्य बनाना है तो विदेश जाना ही पड़ेगा। लेकिन यह सवाल गंभीरता से पूछने की जरूरत है कि क्या वास्तव में भारत में अवसरों की कमी है। क्या इस देश में प्रतिभा के लिए जगह नहीं बची? या फिर हम स्वयं अपने देश की संभावनाओं को कम आंकने लगे हैं? भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। तकनीक, उद्योग, सेवा क्षेत्र, स्टार्टअप, शिक्षा और शोध के क्षेत्र में लगातार नए अवसर पैदा हो रहे हैं। दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियाँ भारत में निवेश कर रही हैं। लाखों युवाओं को रोजगार मिल रहा है। छोटे शहरों और कस्बों से निकलकर युवा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहे हैं। ऐसे में यह मान लेना कि भविष्य केवल विदेश में ही है, एक अधूरी और जल्दबाजी वाली सोच लगती है। विदेश जाने की एक बड़ी वजह शिक्षा भी है। कई छात्र यह सोचकर विदेश जाते हैं कि वहाँ की पढ़ाई बेहतर है या वहाँ अवसर अधिक हैं। कुछ मामलों में यह सही भी हो सकता है। लेकिन एक सच्चाई यह भी है कि कई छात्र केवल इसलिए विदेश चले जाते हैं क्योंकि उन्हें भारत में मनचाहे कॉलेज या कोर्स में प्रवेश नहीं मिल पाता। प्रतियोगिता कठिन है, सीटें सीमित हैं, और हर किसी को प्रतिष्ठित संस्थानों में जगह नहीं मिल पाती। ऐसे में विदेश जाना एक विकल्प बन जाता है। लेकिन इस विकल्प को सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रतीक बना देना चिंताजनक है। आज स्थिति यह हो गई है कि कई जगहों पर माता-पिता अपने बच्चों को विदेश भेजने को लेकर एक तरह का दबाव महसूस करते हैं। रिश्तेदारों, परिचितों और समाज के बीच यह दिखाने की कोशिश होती है कि उनका बच्चा विदेश में पढ़ रहा है या काम कर रहा है। कई बार परिवार अपनी आर्थिक स्थिति से ज्यादा खर्च उठाकर भी बच्चों को विदेश भेज देते हैं। शिक्षा ऋण, कर्ज और आर्थिक बोझ के बावजूद यह निर्णय केवल इसलिए लिया जाता है क्योंकि समाज में इसे प्रतिष्ठा से जोड़ दिया गया है। सोशल मीडिया ने इस प्रवृत्ति को और बढ़ाया है। इंटरनेट पर विदेश में रहने वाले युवाओं की चमकदार तस्वीरें दिखाई देती हैं—खूबसूरत शहर, शानदार जीवनशैली, घूमना-फिरना, नए अनुभव। लेकिन इन तस्वीरों के पीछे का संघर्ष अक्सर दिखाई नहीं देता। विदेश में जीवन आसान नहीं होता। वहाँ भी कठिन परिश्रम करना पड़ता है, अकेलेपन का सामना करना पड़ता है और कई बार ऐसे काम भी करने पड़ते हैं जिनकी कल्पना भारत में रहते हुए नहीं की जाती। लेकिन यह सच्चाई अक्सर तस्वीरों और वीडियो के पीछे छिप जाती है।

समस्या विदेश जाने में नहीं है। समस्या उस मानसिकता में है जिसमें विदेश को सफलता का पर्याय बना दिया गया है। दुनिया को देखने, नई शिक्षा और अनुभव प्राप्त करने के लिए विदेश जाना एक अच्छा अवसर हो सकता है। कई भारतीय छात्र विदेश में उच्च शिक्षा लेकर नई तकनीक और ज्ञान प्राप्त करते हैं और बाद में देश के विकास में योगदान भी देते हैं। लेकिन जब यह निर्णय समझदारी के बजाय भीड़ का हिस्सा बनकर लिया जाता है, तब कई बार परिणाम निराशाजनक भी हो सकते हैं। भारत की सबसे बड़ी ताकत उसका युवा वर्ग है। आज का युवा पहले से अधिक जागरूक, शिक्षित और तकनीक से जुड़ा हुआ है। स्टार्टअप संस्कृति तेजी से बढ़ रही है। छोटे शहरों के युवा भी बड़े सपने देख रहे हैं और उन्हें पूरा करने के लिए मेहनत कर रहे हैं। डिजिटल युग में अवसरों की सीमाएँ पहले जैसी नहीं रहीं। आज भारत में बैठकर भी दुनिया के साथ काम किया जा सकता है। जरूरत इस बात की है कि हम अपने बच्चों को सक्षम बनाएं। उन्हें ऐसी शिक्षा दें जो उन्हें आत्मनिर्भर बनाए, उनमें कौशल विकसित करे और जीवन की चुनौतियों का सामना करने की शक्ति दे। अगर युवा योग्य होंगे तो उन्हें अवसर कहीं भी मिल सकते हैं—भारत में भी और विदेश में भी। लेकिन यदि केवल स्थान बदलने से सफलता की उम्मीद की जाएगी, तो यह सोच लंबे समय तक टिक नहीं पाएगी। समाज को भी अपनी सोच पर विचार करने की आवश्यकता है। विदेश जाना न तो असंभव उपलब्धि है और न ही सफलता का एकमात्र रास्ता। उसी तरह भारत में रहना असफलता नहीं है। हमारे देश ने हर क्षेत्र में प्रतिभाएँ दी हैं—विज्ञान, साहित्य, खेल, राजनीति, उद्योग और तकनीक में। दुनिया के कई बड़े मंचों पर भारतीय अपनी पहचान बना चुके हैं। यह सब यहीं से शुरू हुआ है। एक और चिंता का विषय प्रतिभा का देश से बाहर जाना भी है। कई वर्षों तक 'ब्रेन ड्रेन' की चर्चा होती रही है। हालांकि अब स्थिति बदल रही है और कई लोग विदेश से अनुभव लेकर वापस भी लौट रहे हैं। फिर भी यह जरूरी है कि देश का युवा अपने देश की संभावनाओं पर विश्वास बनाए रखे।

# रंग जो दिलों तक उतर जायें

गौरतलब — **डॉ. प्रियंका सौरभ**

> **होली** हमें याद दिलाती है कि जीवन की असली खूबसूरती बाहरी रंगों में नहीं, बल्कि भीतर की भावनाओं में छिपी होती है। आज का समय तेज रफ्तार, प्रतिस्पर्द्धा और व्यक्तिगत महत्त्वाकांक्षाओं का है। परिवार साथ रहते हुए भी दूर होते जा रहे हैं। संवाद की जगह औपचारिक संदेशों ने ले ली है और संवेदनाओं की जगह तर्क ने। छोटी-छोटी बातों पर मनमुटाव, अहंकार और गलतफहमियां रिश्तों के बीच दीवार खड़ी कर देती हैं।

**भारत** की सांस्कृतिक परंपरा में होली केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और मानवीय संबंधों का जीवंत उत्सव है। यह वह अवसर है जब रंगों के बहाने मन के भीतर जमी धूल को झाड़ने, रिश्तों में आई दरारों को भरने और जीवन में नई ऊर्जा भरने का अवसर मिलता है। होली हमें याद दिलाती है कि जीवन की असली खूबसूरती बाहरी रंगों में नहीं, बल्कि भीतर की भावनाओं में छिपी होती है। आज का समय तेज रफ्तार, प्रतिस्पर्धा और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं का है। परिवार साथ रहते हुए भी दूर होते जा रहे हैं। संवाद की जगह औपचारिक संदेशों ने ले ली है और संवेदनाओं की जगह तर्क ने। छोटी-छोटी बातों पर मनमुटाव, अहंकार और गलतफहमियाँ रिश्तों के बीच दीवार खड़ी कर देती हैं। ऐसे में होली एक अवसर बनकर आती है ; इन दीवारों को गिराने और अपनत्व के पुल बनाने का।

होली का वास्तविक संदेश क्षमा, स्वीकार और समानता में निहित है। जब हम एक-दूसरे को रंग लगाते हैं, तो यह प्रतीक होता है कि हम भेदभाव, कटुता और दूरी को पीछे छोड़ रहे हैं। रंगों की यह परंपरा हमें सिखाती है कि जीवन में विविधता ही सुंदरता है। अलग-अलग स्वभाव, विचार और संस्कृतियाँ मिलकर ही समाज को समृद्ध बनाती हैं। यदि हम इन विविधताओं को स्वीकार कर लें, तो अधिकांश विवाद स्वयं समाप्त हो सकते हैं।

मनमुटाव अक्सर संवाद की कमी से जन्म लेते हैं। हम अपनी बात कहने में देर कर देते हैं और दूसरे की बात सुनने का धैर्य खो बैठते हैं। त्योहार संवाद का स्वाभाविक अवसर प्रदान करते हैं। परिवार और मित्र जब एक साथ बैठते हैं, तो दिल की बातें खुलकर सामने आती हैं। एक सच्ची मुस्कान और एक आत्मीय आलिंगन वर्षों की दूरी को मिटा सकता है। होली हमें यही सहजता और खुलेपन का पाठ पढ़ाती है। डिजिटल युग में जुड़ाव का स्वरूप बदला है। सोशल मीडिया पर शुभकामनाओं की भरमार होती है, लेकिन वास्तविक मिलन कम होता जा रहा है। होली हमें स्क्रीन से बाहर निकलकर वास्तविक संबंधों को प्राथमिकता देने की प्रेरणा देती है। रंगों से सना चेहरा और हँसी से भरा वातावरण उस आत्मीयता को जन्म देता है, जिसे कोई आभासी माध्यम पूरी तरह नहीं दे सकता। परिवार के संदर्भ में होली का महत्व और भी बढ़ जाता है। यह पीढ़ियों को जोड़ने का अवसर है। बच्चे जब अपने बड़ों को हँसते-खेलते देखते हैं, तो उनके भीतर भी अपनत्व और सहयोग की भावना विकसित होती है।

## आज का इतिहास

- लंदन में रूस का 1557 में दूतावास खुला।
- हेनरी IV 1594 में फ्रांस का राजा बना।
- वियना में इंटरनेशनल वर्किंग यूनियन ऑफ सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना 1921 में हुई।
- क्रांतिकारी एवं स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद ने इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क में ब्रिटिश पुलिस के साथ मुठभेड़ में गिरफ्तारी से बचने के लिए 1931 में खुद को गोली मार ली।
- मिस्र में महिलाओं को 1956 में वोट डालने का अधिकार मिला।
- फ्रांस ने 1965 में एकर अल्जीरिया में भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
- अमेरिकी साप्ताहिक पत्रिका 'पीपुल' की 1974 से बिक्री शुरू।
- 1988 को पहली बार हेलीकॉप्टर डाक सेवा का उद्घाटन किया गया था।
- नाइजीरिया में असैन्य शासन के लिए 1999 में चुनाव।
- सन 2001 में गोधरा, गुजरात में अयोध्या से वपास आ रहे कारसेवकों के डिब्बे में मुसलमानों के आग लगाये जाने से 59 हिन्दू कारसेवकों की मौत।
- फिलीपीन्स में एक आतंकवादी ने 2004 में एक नाव को बम से उड़ा दिया, जिसमें लगभग 100 से ज्यादा लोग मारे गये।
- मारिया शारापोवा ने 2005 में कतर ओपन खिताब जीता।
- लान्साना कोयटे 2007 में गुयाना के नये प्रधानमंत्री बने।
- लगातार सातवें साल विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए 2008 में 25 महिलाओं को जी.आर-8 सम्मान से नवाजा गया।
- पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 2009 में अपनी लोकसभा सीट का उत्तराधिकारी पार्टी के वरिष्ठ नेता लाल जी टंडन को सौंपा।
- पश्चिम बंगाल के कोलकाता में 2013 में एक बाजार में आग लगने से 20 लोगों की मौत।
- 1931 में प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद का निधन।
- 1956 में लोकसभा के पहले स्पीकर जी. वी. मावलंकर का निधन।
- 1976 में कर्नाटक के प्रथम मुख्यमंत्री तथा मध्य प्रदेश के भूतपूर्व राज्यपाल के. सी. रेड्डी का निधन।




## ईश्वर से प्रेम करना है वास्तविक प्रेम

**बहुत** से ऐसे लोग मिलेंगे जो कहेंगे कि उन्हें किसी से प्यार हो गया है। अपने प्रेम को पाने के लिए वह दुनिया छोड़ने की बात करेंगे। लेकिन वास्तव में प्रेम को पाने के लिए दुनिया छोड़ने जरूरत ही नहीं है। प्रेम तो दुनिया में रहकर ही किया जाता है। जो दुनिया छोड़ने की बात करते हैं वह तो प्रेमी हो ही नहीं सकते है। दुनिया छोड़ने की बात करने वाले लोग वास्तव में रूप के आकर्षण में बंधे हुए लोग होते हैं। वह प्रेम के वास्तविक स्वरूप से अनजान होते हैं। ऐसी स्थिति कभी रामचरित मानस के रचयिता तुलसीदास जी की भी थी, लेकिन जब उन्हें प्रेम का सही बोध हुआ तब वह परम पद को पाने में सफल हुए। तुलसीदास जी के युवावस्था के समय की बात है इनका विवाह एक अति रूपवती कन्या से हुआ जिसका नाम रत्नावली था। रत्नवती के रूप में तुलसीदास ऐसे खो गये कि उनके बिना एक क्षण जीना उनके लिए कठिन प्रतीत होने लगा। एक बार रत्नावली अपने मायके चली आयी तो तुलसीदास बचैन हो गये। आधी रात को आंधी तूफान की परवाह किये बिना रत्नावती से मिलने चल पड़े। नदी उफन रही थी जिसे पार करने के लिए वह एक आश्रय का सहारा लेकर तैरने लगे। रत्नावली के ख्यालों में तुलसीदास जी ऐसे खोये हुए थे कि उन्हें यह पता भी नहीं चला कि वह जिस चीज का आश्रय लेकर नदी पार कर रहे हैं वह किसी व्यक्ति का शव है।

## सुविचार

लगन का अर्थ उन्नीस बार विफल होने के बाद 20वीं बार सफल होना
**जे. एंड्रयूज**

अपने सपनों को साकार करने का सर्वश्रेष्ठ तरीका है कि आप जाग जायें
**पॉल वैलेरी**

# 'केरल' से 'केरलम' : पहचान की पुनर्स्थापना या राजनीतिक रणनीति?

**कांतिलाल मांडोत**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट बैठक में केरल का नाम बदलकर 'केरलम' करने के प्रस्ताव को मंजूरी मिलना केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि सांस्कृतिक, राजनीतिक और संवैधानिक बहस का विषय बन गया है। यह फैसला उस प्रस्ताव की अगली कड़ी है जिसे राज्य विधानसभा पहले ही पारित कर चुकी थी। अब प्रश्न यह है कि इस नाम परिवर्तन से राज्य को वास्तविक लाभ क्या होंगे, संभावित हानियां क्या हो सकती हैं, इसका चुनावी राजनीति पर क्या असर पड़ेगा और क्या इससे भारतीय जनता पार्टी को कोई राजनीतिक फायदा मिल सकता है। सबसे पहले लाभ की बात करें तो समर्थकों का तर्क है कि 'केरलम' नाम राज्य की भाषाई और सांस्कृतिक पहचान के अधिक अनुरूप है। मलयालम भाषा में राज्य को 'केरलम' कहा जाता है, इसलिए यह परिवर्तन स्थानीय अस्मिता और आत्मसम्मान को मजबूती देता है। भारत में पहले भी कई राज्यों ने अपनी ऐतिहासिक या भाषाई पहचान के अनुरूप नाम बदले हैं—जैसे ओडिशा (पूर्व नाम उड़ीसा) और उत्तराखंड (पूर्व नाम उत्तरांचल)। इन उदाहरणों से यह तर्क दिया जाता है कि नाम परिवर्तन कोई असामान्य कदम नहीं, बल्कि समय के साथ पहचान के परिष्कार की प्रक्रिया है। दूसरा संभावित लाभ सांस्कृतिक ब्रांडिंग का है। 'केरलम' नाम पर्यटन, आयुर्वेद, बैकवाटर्स और पारंपरिक कला रूपों की वैश्विक पहचान को स्थानीय भाषा से जोड़ सकता है। जब कोई राज्य अपनी मूल सांस्कृतिक अभिव्यक्ति को आधिकारिक रूप देता है तो वह अपने नागरिकों में गौरव की भावना उत्पन्न करता है। इससे प्रवासी समुदाय, विशेषकर खाड़ी देशों में काम कर रहे लाखों मलयाली लोगों के बीच भावनात्मक जुड़ाव भी मजबूत हो सकता है। यह मनोवैज्ञानिक लाभ सीधे आर्थिक लाभ में बदले या न बदले, लेकिन सामाजिक आत्मविश्वास को बढ़ाने में भूमिका निभा सकता है।

हालांकि, इसके साथ कुछ व्यावहारिक चुनौतियां और संभावित हानियां भी जुड़ी हैं। नाम बदलने की प्रक्रिया में प्रशासनिक दस्तावेजों, शैक्षणिक प्रमाणपत्रों, सरकारी वेबसाइटों, कानूनी अभिलेखों और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय समझौतों में संशोधन की आवश्यकता होगी। यह प्रक्रिया समय और संसाधन दोनों लेती है। आलोचकों का कहना है कि जब राज्य बेरोजगारी, बाढ़ प्रबंधन, कर्ज बोझ और बुनियादी ढांचे जैसी चुनौतियों से जूझ रहा हो, तब नाम परिवर्तन प्राथमिकता नहीं होना चाहिए। उनका तर्क है कि इससे प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ सीमित हैं, जबकि प्रशासनिक लागत वास्तविक है।

चुनावी असर के संदर्भ में यह निर्णय दिलचस्प है। केरल में लंबे समय से वामपंथी दलों और कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन का वर्चस्व रहा है। भाजपा यहां अब तक सीमित प्रभाव ही बना पाई है। ऐसे में यदि नाम परिवर्तन का निर्णय केंद्र सरकार की मंजूरी से आगे बढ़ता है, तो भाजपा इसे 'संस्कृति के सम्मान' और 'संविधान सम्मत प्रक्रिया' के रूप में प्रस्तुत कर सकती है। यह संदेश देने की कोशिश हो सकती है कि केंद्र क्षेत्रीय पहचान के खिलाफ नहीं, बल्कि उसके साथ है। इससे भाजपा को यह नैरेटिव गढ़ने का अवसर मिल सकता है कि वह केवल हिंदी पट्टी की पार्टी नहीं, बल्कि दक्षिण भारत की आकांक्षाओं को भी समझती है।

# ग्रीन अमोनिया : भविष्य की ऊर्जा और देश की शौर्य गाथा

गौरतलब — **प्रो. आरके जैन**

> **जनवरी** 2026 में इंडिया एनर्जी वीक पर प्रधानमंत्री द्वारा 500 अरब डॉलर के निवेश अवसरों की घोषणा ने इस बदलाव को वैश्विक मंच पर स्थापित कर दिया। नीतियां अब केवल कागज पर नहीं, बल्कि धरातल पर जिन्दा हो रही हैं, और ग्रीन अमोनिया इस परिवर्तन का सबसे दमकता और ठोस प्रतीक बन कर उभरा है। यह ग्रीन अमोनिया सीधे हवा से नाइट्रोजन और सौर-पवन ऊर्जा से हाइड्रोजन लेकर बनता है ; एक भी ग्राम कार्बन छोड़े बिना।

**दुनिया** आज जीवाश्म ईंधनों की जकड़न में जकड़ी है, और हर देश ऊर्जा संकट की चपेट में है। लेकिन भारत ने इस चुनौती को अवसर में बदलते हुए एक नई ऊर्जा क्रांति की अगुवाई शुरू कर दी है, जो ऊर्जा की भूख मिटाएगी और पर्यावरण को नया जीवन देगी। ग्रीन अमोनिया अब सिर्फ एक रसायन नहीं रहा—यह राष्ट्रीय सुरक्षा की ढाल, आर्थिक आत्मनिर्भरता की चाबी और 2070 के नेट-जीरो लक्ष्य का सबसे तेज हथियार बन चुका है। जनवरी 2026 में इंडिया एनर्जी वीक पर प्रधानमंत्री द्वारा 500 अरब डॉलर के निवेश अवसरों की घोषणा ने इस बदलाव को वैश्विक मंच पर स्थापित कर दिया। नीतियां अब केवल कागज पर नहीं, बल्कि धरातल पर जिंदा हो रही हैं, और ग्रीन अमोनिया इस परिवर्तन का सबसे दमकता और ठोस प्रतीक बनकर उभरा है।

यह ग्रीन अमोनिया सीधे हवा से नाइट्रोजन और सौर-पवन ऊर्जा से हाइड्रोजन लेकर बनता है—एक भी ग्राम कार्बन छोड़े बिना। जबकि पारंपरिक ग्रे अमोनिया प्राकृतिक गैस जलाकर बनाया जाता है, जो उर्वरक क्षेत्र में अरबों टन कार्बन डाइऑक्साइड फैलाता है। लेकिन 2025 की एसईसीआई नीलामी ने इतिहास रच दिया—49.75 से 64.74 प्रति किलो की कीमतें यूरोप की एच2ग्लोबल से 40-50% सस्ती साबित हुईं। 13 उर्वरक संयंत्रों के लिए 7.24 लाख टन वार्षिक मांग सुनिश्चित की गई, और दस साल के स्थिर मूल्य अनुबंधों ने निवेशकों में नया विश्वास पैदा किया। यह दर अब ग्रे अमोनिया के करीब पहुँच चुकी है, और बहुत जल्द इसे पीछे छोड़ देगी।

राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन इस ऊर्जा क्रांति का मुख्य इंजन है। 2030 तक 5 मिलियन टन ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन का लक्ष्य तेजी से साकार हो रहा है। साइट (स्ट्रैटेजिक इंटरवेंशन्स फॉर ग्रीन हाइड्रोजन ट्रांज़िशन) योजना के 17,490 करोड़ प्रोत्साहन ने इलेक्ट्रोलाइजर निर्माण और उत्पादन में तेजी ला दी। 15 कंपनियों को कुल 3000 मेगावाट वार्षिक क्षमता आवंटित हो चुकी है। ग्रीन अमोनिया मिशन का सबसे व्यावहारिक और ताकतवर पहलू यह है कि इसे भंडारण, परिवहन और उपयोग में आसानी से अपनाया जा सकता है। उर्वरक, नौवहन, स्टील और रिफाइनरी जैसे कठिन क्षेत्रों को डीकार्बनाइज करने में यह सबसे प्रभावी और भरोसेमंद विकल्प बनकर उभरा है।

बड़े प्रोजेक्ट अब वास्तविकता की ओर बढ़ रहे हैं और भारत की ग्रीन ऊर्जा क्रांति को ठोस आकार दे रहे हैं। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी का पुदीमडका हब 7 गीगावाट इलेक्ट्रोलाइजर और 20 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा से लैस होगा, जो सालाना 2.5 मिलियन टन ग्रीन केमिकल्स अमोनिया, यूरिया और मेथनॉल उत्पादित करेगा। एनजीईएल-असागो का समझौता भारत का पहला बड़े पैमाने पर ग्रीन यूरिया प्लांट ला रहा है। एएम ग्रीन की काकीनाडा इकाई 1.5 मिलियन टन क्षमता वाली है, और यूनिपर के साथ 5 लाख टन वार्षिक ऑफटेक 2028 से यूरोप में निर्यात शुरू करेगा।

## राशिफल

**मेष** — अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। समय ठीक है।

**वृष** — महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रुकावटें आयेंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। सचेत रहना जरूरी है।

**मिथुन** — परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़ कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**कर्क** — राजकीय कार्यों से लाभ। सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें।

**सिंह** — अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

**कन्या** — कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। धैर्य के साथ रहें।

**तुला** — पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जानेवाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**वृश्चिक** — स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जायेगा।

**धनु** — संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। धैर्य रखें।

**मकर** — मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जायेगा। पर प्रपंच में ना पड़ कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कुंभ** — स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नयी ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

**मीन** — सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, प्रबंध सम्पादक : नागेंद्र नारायण सिंह, सम्पादक (झारखंड) : विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

### होली पर शांति और सौहार्द बनाये रखने को बारेसांढ़ थाना में शांति समिति की बैठक

# प्रेम और सद्भाव से मनायें सभी त्योहार



## होली, रमजान और रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक



**लातेहार :** सदर थाना परिसर में होली, रमजान और रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज तिवारी अंचलाधिकारी नंदकुमार राम, थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा, पुलिस निरीक्षक रामाकांत गुप्ता और शहर के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। बैठक में बीडीओ ने कहा कि होली आपसी प्रेम और भाईचारे का त्योहार है। इसे सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि डीजे पर अश्लील गाने नहीं बजाए जाएं और किसी तरह की अशांति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है। अंचलाधिकारी नंदकुमार राम ने पर्वों के दौरान शांति बनाए रखने को प्रशासन की प्राथमिकता बताया। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी तरह की गड़बड़ी की आशंका होने पर तुरंत प्रशासन को सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।थाना प्रभारी ने कहा कि होली के दौरान उपद्रव करने वालों पर विशेष नजर रखी जाएगी। शराब पीकर हुड़दंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। पुलिस टीम लगातार गश्त करेगी और संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त सतर्कता बरती जाएगी। बैठक के बाद उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। मौके पर असीम कुमार बाग, ललित पांडेय, पिंटू रजक, श्रवण पासवान, उषा देवी समेत कई लोग मौजूद रहे।

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गारू (लातेहार) :** होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर बारेसांढ़ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसआई विजय कुमार महतो ने की। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि त्योहार के दौरान आपसी भाईचारा बनाए रखें और किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें। बैठक में इरफान अंसारी, सुरेश यादव, कालेश्वर राम समेत कई जनप्रतिनिधि और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि होली रंगों और खुशियों का पर्व है, इसे प्रेम और सद्भाव के साथ मनाया जाना चाहिए। वक्ताओं ने युवाओं से विशेष रूप से संयम बरतने और कानून-व्यवस्था का सम्मान करने की अपील की। एसआई विजय कुमार महतो ने कहा कि त्योहार के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी और गश्त बढ़ाई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी तरह की असामाजिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कहीं कोई विवाद या संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत थाना को सूचना देने की बात कही गई। बैठक के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने क्षेत्र में शांति, सौहार्द और भाईचारा कायम रखने का संकल्प लिया। वहीं प्रशासन ने आम नागरिकों के सहयोग से इस बार भी होली को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने का भरोसा जताया।

## यातायात नियमों का उल्लंघन करनेवालों 103 वाहन चालकों का कटा ऑनलाइन चालान, 1,03,000 रुपये वसूला जुर्माना

**लातेहार :** होली पर्व को देखते हुए जिले में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। सीसीटीवी कैमरों की मदद से बिना हेलमेट और ट्रिपल लोड वाहन चलाने वाले चालकों पर ऑनलाइन कार्रवाई की गयी। उपायुक्त लातेहार उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर जिले में पहले से ही यातायात नियमों को लेकर निगरानी बढ़ाई गई थी। त्योहार के दौरान दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए विशेष अभियान चलाया गया, जिसके तहत सीसीटीवी आधारित ऑनलाइन चालान प्रणाली लागू की गई।जिला परिवहन पदाधिकारी लातेहार उमेश मंडल ने बताया कि अलग-अलग स्थानों पर लगे कैमरों से कुल 103 वाहन चालकों को बिना हेलमेट वाहन चलाते हुए पकड़ा गया। इनमें चंदवा प्रखंड के इंदिरा चौक से 19, बालूमाथ प्रखंड के मुरपा चौक से 36 और लातेहार के धरमपुर चौक से 48 मामलों में कार्रवाई की गयी। इन चालकों से लगभग 1,03,000 रुपये जुर्माना वसूला गया।पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन की गयी। चालान की प्रति सीधे वाहन मालिकों के मोबाइल नंबर पर भेजी गयी, जिससे पारदर्शिता बनी रहे और लोगों को तत्काल सूचना मिल सके। जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि होली के दौरान और उसके बाद भी यह अभियान जारी रहेगा।

## एक झलक

### तेज रफ्तार बाइक ने मारी टक्कर, 04 लोग घायल

**भवनाथपुर :** थाना क्षेत्र के कैलान पंचायत स्थित झोंक नदी के समीप गुरुवार को एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े एक व्यक्ति से टकरा गई, जिससे चार लोग घायल हो गए। घायलों में कैलान पंचायत के मंगरदह निवासी सतन भुइयां तथा बरडीहा निवासी विकास विश्वकर्मा (पिता–सुरेंद्र विश्वकर्मा), अजीत कुमार (पिता–रामधारी रजवार) एवं देव कुमार (पिता–नंदलाल चौरसिया) शामिल हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार सतन भुइयां सड़क किनारे खड़े थे, तभी बरडीहा की ओर जा रही एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित हो गई और उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीनों युवक तथा सतन भुइयां सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस की मदद से भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

### यादव जी की लव स्टोरी पर रोक की मांग को लेकर सौंपा गया ज्ञापन

**लातेहार :** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा, झारखंड प्रदेश इकाई के जिला अध्यक्ष मोहर यादव के नेतृत्व में गुरुवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने लातेहार उपायुक्त के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में फिल्म यादव जी की लव स्टोरी के प्रदर्शन पर तत्काल राष्ट्रव्यापी रोक लगाने की मांग की गयी है। महासभा का आरोप है कि ओम ठकुरानी प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित इस फिल्म के पोस्टर, ट्रेलर और सोशल मीडिया प्रचार सामग्री में यादव समाज की छवि को कथित रूप से अपमानजनक तरीके से दिखाया गया है। मोहर यादव ने कहा कि यादव समाज ने हमेशा राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को आगे बढ़ाने में भूमिका निभाई है। ऐसे में किसी भी समुदाय के इतिहास या पहचान को गलत संदर्भ में प्रस्तुत करना स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से मामले में हस्तक्षेप की मांग की। प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बिहारी यादव ने बताया कि फिल्म को लेकर कई स्थानों पर विरोध दर्ज कराया जा रहा है।

### तीन आयुष ग्रामों में स्वास्थ्य जांच व योग जागरूकता शिविर आयोजित

**गुमला :** गुमला जिला आयुष समिति के तत्वावधान में बुधवार को रायडीह प्रखंड अंतर्गत नवागढ़ पंचायत के भलमंडा, खीराखांड एवं पतराटोली बाजारटांड़ में आयुष ग्राम स्वास्थ्य शिविरों का सफल आयोजन किया गया। नवागढ़ पंचायत समिति सदस्य हिमांशु कुमार गुप्ता ने तीनों शिविरों का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा समाज को रोगमुक्त बनाना है, इसी उद्देश्य से गांव स्तर पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि ग्रामीणों को अपने क्षेत्र में ही स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। शिविर में ग्रामीणों की नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया। चिकित्सकों द्वारा उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह की विशेष जांच की गयी।

## पीवीटीजी परिवारों की आजीविका सुदृढ़ करने की दिशा में 'पहल' परियोजना के तहत मुर्गी वितरण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** गुमला जिले में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) परिवारों के स्थायी एवं समग्र विकास के उद्देश्य से ह्यपहलह्न परियोजना का प्रभावी क्रियान्वयन जारी है। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर डुमरी प्रखंड में मुर्गी पालन गतिविधि के तहत चयनित परिवारों के बीच मुर्गियों का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम नीति आयोग द्वारा जिला प्रशासन के नेतृत्व में तथा आईएसडीजी रिसर्च फाउंडेशन, रांची के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। परियोजना के अंतर्गत प्रत्येक चयनित परिवार को देसी नस्ल की 100 मुर्गियां, 100 किलोग्राम मुर्गी चारा, दो ड्रिंकर एवं दो फीडर उपलब्ध कराए गए। साथ ही पारदर्शिता एवं पहचान सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक लाभुक के घर पर डिस्प्ले बोर्ड भी स्थापित किया गया है। लाभुकों को मुर्गी पालन से संबंधित व्यावहारिक प्रशिक्षण पूर्व में दिया गया है, ताकि वे वैज्ञानिक पद्धति से पालन कर आय में वृद्धि कर सकें। कृषि एवं पशुपालन आधारित गतिविधियों को भी चरणबद्ध तरीके से बढ़ावा दिया जा रहा है। परियोजना के तहत कुल 43 पीवीटीजी परिवारों को स्थायी आजीविका से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम में डुमरी प्रखंड की प्रमुख जीवंती एक्का उपस्थित रहीं।

## महिला उद्यमिता से पोषण-रोजगार को बढ़ावा

'संडे हो या मंडे, रोज खाओ अंडे'



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** गुमला जिले में महिला सशक्तिकरण, आय वृद्धि एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के नेतृत्व में नेशनल एग कोऑर्डिनेशन कमेटी ने प्रदान संस्था एवं झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (JSLPS) के सहयोग से एग कार्ट योजना की शुरूआत की है। वितरण समारोह में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निदेशार्नुसार उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो ने 25 महिला उद्यमियों को विशेष रूप से डिजाइन की गई एग कार्ट सौंपी। इस अवसर पर जिला पशुपालन पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह, जेएसएलपीएस के डीपीएम शैलेन्द्र जेरिका तथा प्रदान के जिला समन्वयक मेराज एवं अजय उपस्थित रहे। यह पहल पूरे झारखंड में 600 एग कार्ट स्थापित करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य का हिस्सा है। योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्थायी आजीविका से जोड़ना तथा क्षेत्र में पोषण की कमी को दूर करना है। लगभग एक लाख रुपये की लागत से तैयार प्रत्येक एग कार्ट पहियों पर चलता व्यवसाय है। इन कार्ट में गैस चूल्हा, मिनी एलपीजी सिलेंडर, आवश्यक बर्तन, फोल्डेबल स्टूल, शाम के संचालन के लिए लाइटिंग व्यवस्था तथा स्वच्छता हेतु पानी भंडारण और सफाई उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। महिला उद्यमी इन गाड़ियों के माध्यम से आमलेट, उबले अंडे और एग रोल जैसे व्यंजन बेचकर अपनी आय में वृद्धि कर सकेंगी। योजना का एक प्रमुख उद्देश्य झारखंड में प्रति व्यक्ति अंडा खपत को बढ़ावा देना भी है। सार्वजनिक स्थानों पर प्रोटीनयुक्त अंडों की सहज उपलब्धता सुनिश्चित कर दैनिक उपभोग बढ़ाने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण मानी जा रही है। एनईसीसी का प्रसिद्ध संदेश संडे हो या मंडे, रोज खाओ अंडे – इसी उद्देश्य को सशक्त रूप से रेखांकित करता है। गुमला में 25 एग कार्ट का वितरण इस अभियान की शुरूआत है। आगामी चरण में इस मॉडल को राज्यभर में 600 कार्ट तक विस्तारित किया जाएगा, जिससे महिला-नेतृत्व वाले फूड स्टॉल का मजबूत नेटवर्क तैयार हो सके और जिले में महिला उद्यमिता को नई पहचान मिले।

## शिव परिवार सह पंचमुखी हनुमान मंदिर के 10वें वार्षिकोत्सव पर भंडारा का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** रेलवे स्टेशन रोड स्थित राजहार मोड़ के पास अवस्थित शिव परिवार सह पंचमुखी हनुमान मंदिर के 10वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर गुरुवार को मंदिर परिसर में भंडारा का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत आयोजित इस भंडारे का शुभारंभ बैद्यनाथ राम और राजधनी प्रसाद यादव ने नौ कन्याओं का पूजन कर किया। इस अवसर पर श्री राम ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि जब हर वर्ग के लोग मिलकर तन, मन और धन से सहयोग करते हैं तो सामाजिक एकता और भी सुदृढ़ होती है। राजधनी प्रसाद यादव ने भी मंदिर समिति के अध्यक्ष चंद्रेश्वर प्रसाद शौंडिक उर्फ चामू साव सहित सभी सदस्यों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इससे पूर्व त्रिभुवन पांडेय और राजेश्वर पाठक द्वारा हवन और पूणार्हुति संपन्न करायी गयी। मुख्य यजमान के रूप में पंकज कुमार अपनी धर्मपत्नी के साथ उपस्थित रहे। मंदिर समिति के अध्यक्ष चंद्रेश्वर प्रसाद शौंडिक ने बताया कि वार्षिकोत्सव का शुभारंभ 24 फरवरी को कलश यात्रा के साथ हुआ था। 25 फरवरी को वेदी पूजन और पाठ का आयोजन किया गया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एमडीए अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भवनाथपुर :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिनेश कुमार की अध्यक्षता में मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे एमडीए अभियान की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस दौरान बताया गया कि जिला स्तर से एमडीए अभियान की अवधि को बढ़ाकर अब 7 मार्च तक कर दिया गया है। ऐसे व्यक्ति जो 10 फरवरी से 25 फरवरी के बीच किसी कारणवश फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन नहीं कर पाए थे, वे अब 7 मार्च तक शेष बचे हुए समय में दवा का सेवन कर सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी पात्र लाभार्थियों से अपील की गई है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए अनिवार्य रूप से एमडीए की दवा का सेवन करें, ताकि भविष्य में हाथीपांव जैसी गंभीर बीमारी से बचाव संभव हो सके। बैठक में उपस्थित एमडीए सुपरवाइजरों को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में छूटे हुए लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें दवा खिलाने का कार्य सुनिश्चित करें। साथ ही अभियान को सफल बनाने के लिए जनजागरूकता बढ़ाने पर भी विशेष जोर दिया गया।

समीक्षा बैठक में मलेरिया पदाधिकारी विधानन्द प्रजापति, पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि शिव सागर दास सहित सभी एमडीए सुपरवाइजर उपस्थित रहे। सभी स्वास्थ्यकर्मियों को अभियान की समयसीमा के भीतर लक्ष्य प्राप्त करने हेतु सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया गया।

### पलाश मार्ट में हर्बल अबीर की बिक्री शुरू होली पर स्थानीय उत्पाद अपनाने की अपील



**कोडरमा :** झारखंड के कोडरमा में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (JSLPS) द्वारा संचालित पलाश मार्ट के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा हर्बल अबीर का निर्माण किया जा रहा है। समाहरणालय परिसर में उपायुक्त ऋतुराज ने पलाश मार्ट का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं आमजनों से अपील की कि होली के पावन अवसर पर जेएसएलपीएस की दीदियों द्वारा तैयार प्राकृतिक एवं सुरक्षित हर्बल अबीर का अधिक से अधिक उपयोग करें। उपायुक्त ने कहा कि स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने से जहां महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण मिलेगा, वहीं लोगों को रसायनमुक्त एवं त्वचा के लिए सुरक्षित रंग भी उपलब्ध होंगे। उन्होंने इसे आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए जिलेवासियों से इन उत्पादों की खरीद कर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का उत्साहवर्धन करने की अपील की।

## कलश यात्रा के साथ शिव मंदिर स्थापना सह आंशिक पुनर्निर्माण कार्यक्रम का शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड अंतर्गत ग्राम हेठपोचरा स्थित शिव मंदिर में मंदिर स्थापना सह आंशिक पुनर्निर्माण के तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को विधि-विधानपूर्वक कलश यात्रा के साथ हुआ।कार्यक्रम के प्रथम दिन आयोजित कलश यात्रा में सैकड़ों पुरुष एवं महिलाओं ने भाग लिया। श्रद्धालुओं द्वारा गाजे-बाजे एवं हर हर महादेव के जयघोष के साथ शोभायात्रा निकाली गई, जो पूरे गांव का भ्रमण करते हुए सूखी नदी तट तक पहुंची। इस पावन अवसर पर हेठपोचरा एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विनोद उरांव जीप सदस्य, उमेश पाठक, लाल शंभू नाथ शाहदेव, पूर्व मुखिया रामेश्वर सिंह, रामजी सिंह मुखिया, अखिलेश प्रजापति, शंभू प्रसाद, विनोद महलका, मुरली अग्रवाल, गोविंद साह, भगवान साहू, दिलीप कुमार प्रसाद, पितामबर , दिनेश प्रसाद, राजू प्रसाद, लाल आशीष नाथ शाहदेव, लाल अभिषेक नाथ शाहदेव, लाल जितेंद्र नाथ शाहदेव, अनुप कुमार, कैलाश ठाकुर, लखन साह, उपेंद्र प्रसाद, अनुज प्रसाद, पंकज कुमार ठाकुर, मनोज प्रसाद, सुधीर प्रसाद, दिलचंद सिंह, सचिन सिंह, पीतांबर सिंह, कर्मदेव सिंह, प्रेम प्रकाश सिंह, प्रकाश सिंह, बलराम प्रसाद, रिंकू प्रसाद, कुंदन प्रसाद सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तगण उपस्थित रहे। मंदिर समिति द्वारा जानकारी दी गयी कि शुक्रवार को वेदी पूजन, मूर्ति संस्कार एवं नगर भ्रमण का आयोजन किया जाएगा। वहीं शनिवार को मूर्ति स्थापना, हवन एवं विशाल भंडारा का आयोजन सुनिश्चित है। इसी दिन संध्या 06:30 बजे से रात्रि 02:30 बजे तक भव्य भक्ति भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सुप्रसिद्ध भजन गायक प्रदुम्न सम्राट यादव (व्यास) एवं शिवकुमार यादव (व्यास) अपनी भक्तिमय प्रस्तुति देंगे।

## विशेष ग्राम सभा में फाइलेरिया उन्मूलन और बाल-विवाह रोकथाम पर जोर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**डुमरी (गुमला) :** झारखंड के डुमरी प्रखंड अंतर्गत जुरमू पंचायत के कांजी-करमटोली गांव में स्वराज्य संस्थान, लोहरदगा के बैनर तले विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रेमसी कुजूर ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी उमेश कुमार स्वाशी रहे। इस अवसर पर जुरमू पंचायत के मुखिया इग्नसियुस मिंज ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत सभी लोगों को दवा का सेवन अनिवार्य रूप से करना चाहिए। दवा नहीं लेने पर भविष्य में गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। उन्होंने बाल-विवाह रोकथाम पर भी जोर देते हुए कहा कि लड़कियों की न्यूनतम विवाह आयु 18 वर्ष और लड़कों की 21 वर्ष निर्धारित है। निर्धारित आयु के बाद ही विवाह करने से समाज को बाल-विवाह मुक्त बनाया जा सकता है। साथ ही उन्होंने सभी अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील की। बैठक में तुर मोहम्मद ने बच्चों के चार मौलिक अधिकारों–जीवन का अधिकार, सुरक्षा का अधिकार, विकास का अधिकार और शिक्षा का अधिकार–की जानकारी देते हुए जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया।

### सड़क सुरक्षा के लिए प्रशासन की अनोखी पहल

## अब बच्चे सिखायेंगे बड़ों को ट्रैफिक नियम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** गुमला जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने एक अनोखी और प्रेरक पहल शुरू की है। भविष्य की पीढ़ी को जागरूक कर अभिभावकों के व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से जिला परिवहन पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में राजकीयकृत मध्य विद्यालय, टोटो में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मोटरयान निरीक्षक द्वारा कक्षा 4 से 7 तक के बच्चों को सड़क दुर्घटनाओं की वास्तविक वीडियो फुटेज दिखाई गई।



सीसीटीवी में कैद भयावह हादसों के दृश्य देखकर बच्चे सहम उठे। उन्हें बताया गया कि सड़क पर महज एक क्षण की लापरवाही किस तरह पूरे परिवार की खुशियां छीन सकती है। तकनीकी जानकारी साझा करते हुए अधिकारियों ने बताया कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाओं में मौत का मुख्य कारण सिर में गंभीर चोट होती है, जिससे मानक हेलमेट पहन कर काफी हद तक बचाव संभव है।

**'अभिभावकों को बनना होगा रोल मॉडल'**

**कार्यक्रम** में बच्चों को संबोधित करते हुए अधिकारियों ने कहा कि माता-पिता और अभिभावकों को स्वयं यातायात नियमों का पालन कर बच्चों के लिए आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए। अभियान का बच्चों पर गहरा प्रभाव पड़ा। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं ने सामूहिक शपथ ली कि वे अपने माता-पिता एवं अभिभावकों को बिना हेलमेट घर से बाहर नहीं जाने देंगे। बच्चों ने यह भी संकल्प लिया कि वे हेलमेट पहने बिना गाड़ी की चाबी नहीं देंगे। डीटीओ ज्ञान शंकर जायसवाल ने बताया कि प्रशासन द्वारा गुमला के प्रमुख चौक-चौराहों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम सक्रिय कर दिये गये हैं।

## 48 किलो अवैध गांजा के साथ पिता-पुत्र गिरफ्तार, भेजे गये जेल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** गुमला सदर थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 48 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। हारिस बिन जमां ने प्रेस वार्ता में बताया कि गुप्त सूचना मिलने के बाद सुरेश प्रसाद यादव के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। गुरुवार-शुक्रवार की मध्य रात्रि करीब 2 बजे बढ़ाइक मोहल्ला में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने बढ़ाइक मोहल्ला निवासी राहुल कुमार सिंह और उसके पिता राज किशोर सिंह उर्फ गुड्डू को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने गांजा की खरीद-बिक्री में संलिप्तता स्वीकार की है। एसपी ने बताया कि घर की तलाशी लेने पर पीछे बने अलबेस्टर के दो कमरेनुमा हिस्से से विमल पान मसाला लिखे चार थैलों में टेप से लिपटे कुल 32 पैकेट गांजा बरामद किए गए, जिनका कुल वजन लगभग 48 किलोग्राम है। इसके अतिरिक्त तलाशी के दौरान 39,280 रुपये नकद भी बरामद किए गए। छापेमारी दल में एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, सदर थाना प्रभारी महेंद्र कुमार करमाली, आरक्षी निरीक्षक विनय कुमार राम सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### वन्दे मातरम् के 150 वर्ष स्मरणोत्सव पर मेदिनीनगर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## 'वन्दे मातरम्' राष्ट्रीय चेतना और मातृभूमि के प्रति समर्पण का अमर मंत्र'

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केन्द्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज की ओर से वर्ष भर चलने वाले वन्दे मातरम् के गौरवपूर्ण 150 वर्ष के स्मरणोत्सव, 'एक पेड़ मां के नाम' एवं स्वच्छ भारत अभियान विषय पर आज राजकीयकृत ब्राह्मण प्लस टू उच्च विद्यालय, मेदिनीनगर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण के संकल्प तथा कन्या पूजन के साथ हुई। इसके उपरांत क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर ने अतिथियों का परिचय कराते हुए विषय प्रवेश कराया। उन्होंने कहा कि वन्दे मातरम राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने और मातृभूमि के प्रति समर्पण भाव को सशक्त करने वाला अमर मंत्र है। बतौर अतिथि उपस्थित पर्यावरणविद् एवं वनराखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल किशोर जायसवाल ने वृक्षों की अंधाधुंध कटाई से बिगड़ते पर्यावरण संतुलन पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने पर्यावरण धर्म के आठ मूल मंत्रों की जानकारी देते हुए प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने का आह्वान किया। वरिष्ठ पत्रकार प्रभात मिश्र 'सुमन' ने वन्दे मातरम् के पलामू से ऐतिहासिक जुड़ाव पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वन्दे मातरम् के रचयिता बंकिम चन्द्र चटर्जी के बड़े भाई संजीव चट्टोपाध्याय, जो पलामू में मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात थे, ने 'पलामू' नाम से बांग्ला में एक प्रसिद्ध यात्रा-वृत्तांत लिखा था। पत्रकार सतीश चंद्र मिश्र 'सुमन' ने कहा कि वन्दे मातरम हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों ने सेल्फी बूथ पर फोटो खिंचाकर 'वन्दे मातरम्' का सामूहिक गान करते हुए भारत माता को नमन किया। इस अवसर पर सामूहिक स्वच्छता शपथ भी दिलायी गयी।



'एक पेड़ मां के नाम' के तहत पौधरोपण व सामूहिक स्वच्छता शपथ

**छात्राओं ने प्रस्तुत किये सांस्कृतिक कार्यक्रम**

**विद्यालय** की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने वातावरण को राष्ट्रभावना और ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक संतोष कुमार ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्राचार्य डॉ. सतीश कुमार दुबे ने किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रचार सहायक मनोज कुमार सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

**बच्चों को मिले पुरस्कार**

**जागरूकता** कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित निबंध, रंगोली एवं पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## गुमला में ब्रह्माकुमारी व नगर परिषद का संयुक्त स्वच्छता अभियान सफल



**गुमला :** गुमला जिला मुख्यालय स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में नगर परिषद गुमला एवं ब्रह्माकुमारी संस्थान, गुमला के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत नगर परिषद के कर्मियों, विद्यालय के विद्यार्थियों तथा ब्रह्माकुमारी संस्थान के भाई-बहनों ने मिलकर विद्यालय परिसर की साफ-सफाई की। इस दौरान विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छ वातावरण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। नगर परिषद के प्रशासक मनीष कुमार ने संदेश के माध्यम से कहा कि शहर के प्रत्येक नागरिक और विद्यार्थी का कर्तव्य है कि वे अपने घर, आसपास और पूरे शहर को स्वच्छ रखें। उन्होंने कूड़ा केवल कूड़ेदान में डालने और स्वच्छता के प्रति सजग रहने की अपील की। ब्रह्माकुमारी संस्थान की संचालिका ब्रह्माकुमारी शांति दीदी ने कहा कि बाहरी स्वच्छता के साथ-साथ मन की स्वच्छता भी अत्यंत आवश्यक है। नकारात्मक विचारों से मन को मुक्त रखकर ही हम समाज और शहर को स्वच्छ बनाने में सकारात्मक योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि गुमला को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए सामूहिक प्रयास समय की मांग है।

# किसके सिर सजेगा ताज, फैसला आज



- मतगणना केन्द्र की सुरक्षा तीन लेयर में, पूरा परिसर सीसीटीवी की जद में
- सुबह आठ बजे से शुरू हो जायेगी मतगणना

**नीरज सिन्हा**

**लातेहार :** नगर पंचायत लातेहार के अध्यक्ष से लेकर वार्ड पार्षद के प्रत्याशियों का भाग्य का फैसला शुक्रवार को हो जाएगा। मतगणना को लेकर सारी प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। मतगणना से पूर्व जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, जिले के पुलिस कप्तान कुमार गौरव सहित जिले के वरीय अधिकारियों को वज्रगृह सहित मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। सुबह आठ बजे से मतगणना का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। मतगणना केन्द्र की सुरक्षा तीन लेयर में की गई है। साथ ही पूरा परिसर सीसीटीवी के निगराणी में है। कल लातेहार नगर पंचायत अध्यक्ष से लेकर नप क्षेत्र के 15 वार्डों के पार्षदों का फैसला सामने आ जाएगा। अब देखना यह है कि इस चुनाव परिणाम के बाद किसकी होली धूमधाम से मनेगी और किस प्रत्याशी की फीका।

**ये प्रत्याशी हैं चुनाव मैदान में**

**अध्यक्ष** के लिए आठ प्रत्याशी मैदान में: अध्यक्ष के लिए कुमारी नीना तिर्की, बिलासी तोपनो, बैजंती देवी, भगतू नगेसिया, महेश सिंह, मिलयानी कुजूर, सूर्य देव भक्त और सेलेस्टिन कुजूर है (सेलेस्टिन कुजूर ने अपना समर्थन बिलासी तोपनो को पहले ही दे दिया है)।

**15 वार्ड के लिए 56 प्रत्याशी**

**वार्ड** नम्बर 01 से अयुब अंसारी, अहमद अंसारी, मोहम्मद नसरुद्दीन मिया, प्रियंका राज, माला देवी, संजय प्रसाद, वार्ड 02 से अर्पण सिंह, आशा देवी, कंचन शौण्डिक, सुगंधा देवी, वार्ड 03 से अनीता देवी, वर्षा कुमारी, विमला देवी, वार्ड संख्या 04 से आफताब आलम खान, उमेश यादव, अंकित कुमार, चंदा कुमारी, जय राम कपूर, नवीन कुमार सिन्हा, हमजबी असरफ, राजेंद्र यादव सद्दाम हुसैन, वार्ड संख्या 05 से प्रमिला देवी, रूबी देवी, शब्बू परवीन वार्ड संख्या 06 से मनोज कुमार गुप्ता, सत्यनारायण प्रसाद, सुनीता देवी, वार्ड संख्या 07 से बेबी देवी, भुनेश्वर राम, मनोज कुमार दास, योगेश्वर राम, वार्ड संख्या 08 से आशा देवी, आशीष कुमार गुप्ता, राजू प्रसाद गुप्ता, लक्ष्मी देवी, वार्ड संख्या 09 से पूजा देवी, रीमा कुमारी, संयुक्ता कुंवर, वार्ड संख्या 10 से धीरज कुमार पासवान, वीरेंद्र कुमार पासवान, मुंद्रिका मांझी, वार्ड संख्या 11 से उत्तम कुमार, संतोष रंजन कुमार, वार्ड संख्या 12 से मुस्तरी बीवी, मोहम्मद रिजवान, शंकर राम, वार्ड संख्या 13 से अमनतिका अल्मा पन्ना, पार्वती देवी, प्रतिमा खलखो, मनीता देवी, वार्ड संख्या 14 से इंद्रदेव उरांव, तरसीला कुजूर, वार्ड संख्या 15 से गुड़िया सिन्हा, पावित्री देवी, सुनीता गुप्ता चुनाव मैदान में हैं।

## एक झलक

### तेलगांव में स्ट्रॉबेरी की सफल खेती बनी प्रेरणा

**गुमला :** परंपरागत खेती से आगे बढ़ते हुए तेलगांव के किसान लक्ष्मण ने स्ट्रॉबेरी की खेती कर एक नई मिसाल प्रस्तुत की है। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर भूमि संरक्षण पदाधिकारी सह जिला उद्यान पदाधिकारी आशीष प्रताप ने आज उनके खेत का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान फसल में गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक फलन देखा गया। पौधों की स्वस्थ वृद्धि और आकर्षक फलों ने यह संकेत दिया कि क्षेत्र में उच्च मूल्य वाली फसलों की व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं। लक्ष्मण ने बताया कि जिला उद्यान कार्यालय, गुमला से उन्हें उन्नत किस्म के पौधे एवं आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। विभागीय सहयोग और नियमित परामर्श से वे आत्मविश्वास के साथ इस नई खेती को आगे बढ़ा रहे हैं। उनका विश्वास है कि स्ट्रॉबेरी उत्पादन से आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। निरीक्षण के दौरान तकनीकी विशेषज्ञ दीपक कुमार सिंह, समाजसेवी अनिरुद्ध चौबे एवं अन्य कृषक उपस्थित रहे। सभी ने फसल का अवलोकन कर किसान का उत्साहवर्धन किया तथा आवश्यक सुझाव प्रदान किए। जिला प्रशासन द्वारा किसानों को नवाचार, उन्नत तकनीक एवं उच्च मूल्य फसलों की ओर प्रेरित किया जा रहा है, ताकि कृषि को अधिक लाभकारी बनाते हुए ग्रामीण आय में सतत वृद्धि सुनिश्चित की जा सके।

### लापता तीन बच्चे हिरणी फॉल के पास से सकुशल बरामद

**पश्चिमी सिंहभूम :** जिले के बंदगांव प्रखंड अंतर्गत करिका गांव से लापता हुए तीन बच्चों को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सकुशल बरामद कर लिया। डायल 100 पर सूचना मिलने के बाद पुलिस ने महज ढाई घंटे के भीतर बच्चों को खोज निकाला और सुरक्षित उनके परिजनों के हवाले कर दिया। घटना बुधवार शाम की बताई जा रही है, हालांकि परिजनों ने इसकी जानकारी पुलिस को गुरुवार को दी। सूचना मिलते ही पुलिस महकमा सक्रिय हो गया। पुलिस अधीक्षक अमित रेणु के निर्देश पर तुरंत सर्च अभियान शुरू किया गया। गुप्त सूचना तंत्र और जंगली इलाकों में सक्रिय नेटवर्क की मदद से बच्चों की तलाश तेज कर दी गयी। जांच के दौरान पता चला कि तीनों बच्चे गांव से बाजार जाने की बात कहकर निकले थे। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजन चिंतित हो उठे। इधर, गुरुवार सुबह हिरणीफॉल के आसपास ग्रामीणों ने तीनों बच्चों को देखा और पूछताछ की।



### नगर निकाय मतगणना को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क, विधि-व्यवस्था के विस्तृत प्रबंध

**गुमला :** गुमला में आगामी नगर निकाय मतगणना प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसके तहत आज कार्तिक उरांव कॉलेज परिसर में अनुमंडल पदाधिकारी राजीव नीरज और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश प्रसाद यादव द्वारा विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई। इस बैठक में उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो एवं जनरल ऑब्जर्वर कमल कांत गुप्ता भी उपस्थित रहे। बैठक में मतगणना के दौरान सुरक्षा प्रबंध, भीड़ नियंत्रण, प्रवेश-निकास व्यवस्था, पास सत्यापन, दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती, संवेदनशील बिंदुओं की निगरानी तथा आपात स्थिति से निपटने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मतगणना केंद्र और उसके आसपास शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। सभी तैनात दंडाधिकारी एवं पुलिस अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करेंगे और किसी भी प्रकार की अफवाह या अवांछित गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। ब्रीफिंग में पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गुमला, अनुमंडल पदाधिकारी चैनपुर पूर्णिमा कुमारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चैनपुर, तैनात पुलिस बल, दंडाधिकारीगण एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। प्रशासन की यह तैयारी यह सुनिश्चित करती है कि मतगणना निष्पक्ष और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो।

### चाईबासा में मतगणना को लेकर प्रशासन सतर्क, 800 जवान रहेंगे तैनात



**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिला स्थित चाईबासा महिला कॉलेज परिसर में नगरपालिका (आम) निर्वाचनझ2026 की मतगणना को लेकर गुरुवार को दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई। 27 फरवरी 2026 को प्रस्तावित मतगणना को शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)-सह-उपायुक्त चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अमित रेणु ने संयुक्त रूप से की। बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष कुमार, अपर उपायुक्त प्रवीण केरकेट्टा, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, निवार्ची पदाधिकारी तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों को मतगणना प्रक्रिया, सुरक्षा प्रबंध और दायित्वों के संबंध में विस्तार से दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशासन ने जानकारी दी कि 27 फरवरी को पूर्वाह्न 8 बजे से मतगणना प्रारंभ होगी। निर्धारित समय से पहले सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत स्ट्रांग रूम खोला जाएगा। मतगणना के लिए प्रवेश व्यवस्था भी सुव्यवस्थित की गई है। 18. चाईबासा नगर परिषद एवं 17. चक्रधरपुर नगर परिषद के अध्यक्ष व वार्ड पार्षद पद के प्रत्याशियों को महाविद्यालय के मुख्य द्वार से प्रवेश दिया जाएगा, जबकि मतगणना अभिकताओं के लिए मधु बाजार की ओर स्थित द्वार निर्धारित किया गया है। उपायुक्त चंदन कुमार ने सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं कर्मियों को निष्पक्षता, पारदर्शिता और सजगता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक अमित रेनू ने कहा कि मतगणना के उपरांत संभावित विजय जुलूस को ध्यान में रखते हुए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पूरे शहर में विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए 800 पुलिस जवानों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी पुलिस अधिकारी मतगणना प्रक्रिया की समाप्ति तक मुस्तैदी से ड्यूटी पर तैनात रहेंगे।

### मतगणना की तैयारी पूरी, पोलिटेक्निक कॉलेज केन्द्र का डीसी-एसपी ने किया संयुक्त निरीक्षण



**लातेहार :** नगरपालिका आम निर्वाचन-2026 के तहत 27 फरवरी को होने वाली मतगणना को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने पोलिटेक्निक कॉलेज स्थित मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मतगणना कक्ष, प्रवेश और निकास द्वार, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी निगरानी, अभ्यर्थियों एवं मतगणना अभिकर्ताओं के बैठने की व्यवस्था सहित सुरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं की विस्तार से समीक्षा की गई। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतगणना कार्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पारदर्शी और शांतिपूर्ण माहौल में कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि परिसर में किसी भी अनावश्यक व्यक्ति का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा और केवल वैध पासधारकों को ही अंदर आने दिया जाएगा। सुरक्षा मानकों के कड़ाई से पालन पर जोर देते हुए उन्होंने अतिरिक्त बैरिकेडिंग कराने का निर्देश दिया और कहा कि व्यवस्था में किसी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी रखी जाए और किसी भी अफवाह पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।मौके पर सामान्य प्रेक्षक योगेन्द्र प्रसाद, उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, अपर समाहर्ता रामा रविदास, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला परिवहन पदाधिकारी उमेश मंडल, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांश, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्रवण राम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन समेत अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मतगणना की पूर्व संध्या पर काउंटिंग हॉल में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतगणना कर्मियों को किया ब्रीफ

**मेदिनीनगर :** आज मतगणना की तैयारी पूरी कर ली गयी है।तैयारियों के क्रम में गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी समीरा एस,पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन की मौजूदगी में काउंटिंग हॉल में मतगणना कर्मियों को कॉउंटिंग से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर ब्रीफिंग दिया गया। इस दौरान स्ट्रांग रूम से पोल्ड बैलेट बॉक्स को कॉउंटिंग रूम तक लाने, मतों की गिनती एवं गिनती के पश्चात होने वाले कार्यों, विभिन्न प्रपत्रों का बेहतर संधारण को लेकर सभी को ब्रीफ किया गया। डीसी ने प्रपत्र 19 को भरने में विशेष ध्यान देने की बात कही। डीसी ने कहा कि इसके पूर्व आप सभी को कॉउंटिंग को लेकर ट्रेनिंग दिया गया है, ट्रेनिंग में बतायीं गयीं बातों का पालन करें। कॉउंटिंग में कोई कंफ्यूजन रहने की स्थिति में अपने निवार्ची पदाधिकारी से संपर्क करें। इसके पूर्व जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज स्थित व्रज गृह व मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान ब्रैकेडिंग, पंडाल व अन्य सुविधाओं का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम, काउंटिंग हॉल तक जाने वाले रास्ते,मीडिया सेंटर,मेडिकल सेंटर,खाने का स्टॉल व मतगणना कक्ष के कमरों की विभिन्न सुविधाओं का भी अवलोकन किया गया।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डन रीच, कोलकाता-700043 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए मद के सामने उल्लिखित तिथि को 15.00 बजे से पूर्व ई-निविदा आमंत्रित की जाती है एवं 15.30 बजे खोली जाएगी। **क्रम सं., निविदा सं., कार्यों का विवरण, निविदा मूल्य एवं बयाना राशि** निम्नानुसार हैं: **(1), टी-पीयूबी-जीआरसी-2026-423, दिनांक 25.02.2026,** एडीईएन/सेटलमेंट/जीआरसी, दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डन रीच के तहत बिल्डिंग नंबर 19 और 20 का सुदृढ़ीकरण एवं सुधार तथा अन्य विविध कार्य, रु. 4,90,56,973.96, रु.3,95,300/- **(2), टी-पीयूबी-जीआरसी-2026-424, दिनांक 25.02.2026,** एडीईएन/सेटलमेंट/गार्डन रीच, दक्षिण पूर्व रेलवे के अधिकार क्षेत्र के तहत नॉर्थ कॉलोनी, गार्डन रीच कॉम्प्लेक्स में नए ऑडिटोरियम (G+I) का निर्माण, रु. 9,23,14,004.09, रु.6,11,600/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00 (क्रम सं. 1 एवं 2 हेतु), **खुलने की तिथि:** 24.03.2026 (क्रम सं. 1 हेतु) और 18.03.2026 (क्रम सं. 2 हेतु), **कार्य की समापन अवधि:** 12 (बारह) माह (क्रम सं. 1 हेतु) और 18 (अठारह) माह) (क्रम सं. 2 हेतु)। निविदा अनुसूची में कोई परिवर्तन, संशोधन, बदलाव, यदि कोई है, केवल ई-निविदा पोर्टल पर उपलब्ध होगा एवं समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जाएगा। इच्छुक निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। किसी भी परिस्थिति में इन कार्यों के लिए मैनुअल निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएंगी। **द्रष्टव्य:** प्रत्याशित बोलीदाता सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए, **www.ireps.gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं। हेल्प डेस्क संपर्क नं. 033-2450-3783 **(PR-1239)**

### मतगणना को लेकर अभ्यर्थियों की बैठक सह प्रशिक्षण

**लातेहार :** नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 की मतगणना प्रक्रिया को लेकर डीआरडीबी सभागार में अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद पद के सभी अभ्यर्थियों के साथ प्रशिक्षण सह बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सामान्य प्रेक्षक योगेंद्र प्रसाद ने की। सामान्य प्रेक्षक ने बताया कि मतगणना राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कराई जाएगी और पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष व पारदर्शी होगी। उन्होंने अभ्यर्थियों से सहयोग की अपेक्षा जतायी। प्रभारी पदाधिकारी (प्रशिक्षण कोषांग) अनिल मिंज ने मतगणना कक्ष में प्रवेश व्यवस्था, पहचान पत्र व पास निर्गत करने की प्रक्रिया, टेबलवार मतगणना प्रणाली तथा आपत्ति निवारण की व्यवस्था की जानकारी दी।

## चम्पाई सोरेन के पोते वीर सोरेन के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर सीएम ने दी श्रद्धांजलि





**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सरायकेला-खरसावां :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन गुरुवार को सरायकेला-खरसावां जिले के जिलिंगोड़ा पहुंचे, जहां उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के पोते वीर सोरेन के असामयिक निधन पर गहरी शोक-संवेदना व्यक्त की। दिवंगत वीर सोरेन, बाबूलाल सोरेन के ज्येष्ठ पुत्र थे। मुख्यमंत्री ने दिवंगत वीर सोरेन के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट कीं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, बाबूलाल सोरेन एवं परिवार के अन्य सदस्यों से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री ने मरांग बुरु से प्रार्थना की, कि वह दिवंगत की आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकग्रस्त परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहने की शक्ति दें।

### नवदिवसीय शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ में उमड़ी आस्था की भीड़

## प्रतिदिन भव्य भंडारे का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**डोमचांच (कोडरमा) :** झारखंड के डोमचांच प्रखंड अंतर्गत धरगांव पंचायत में आयोजित श्री श्री 1008 नवदिवसीय शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ के सातवें दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। यज्ञ मंडप की परिक्रमा एवं भागवत कथा श्रवण के लिए हजारों की संख्या में भक्त यज्ञ स्थल पहुंचे। वृंदावन से पधारी कथा वाचिका दीदी दिव्यांशी ने संगीतमय प्रस्तुति के माध्यम से श्रद्धालुओं को भागवत कथा का रसपान कराया। कथा के दौरान श्रद्धालु ॐ नमः शिवाय, राधे-राधे एवं जय श्री राम का जाप करते हुए यज्ञ मंडप की परिक्रमा करते नजर आए। आयोजन स्थल पर लगभग पांच किलोमीटर तक ध्वनि व्यवस्था एवं आधुनिक लाइटिंग की विशेष सज्जा की गई है, जिससे पूरा पंचायत क्षेत्र रोशनीमय हो उठा है। महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन महाप्रसाद (खिचड़ी) का भव्य भंडारा आयोजित किया जा रहा है, जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। वहीं रात्रि में भव्य मेले का भी आयोजन किया जा रहा है, जो आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। महायज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ समिति के अध्यक्ष बाबूलाल यादव, सचिव रामू यादव, सहायक अध्यापक एवं कोषाध्यक्ष सुखदेव मेहता, पूर्व मुखिया सुरेश यादव सहित समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

### झुमरीतिलैया से बाहर करें कूड़ा-करकट : डॉ. नीरा

**झुमरीतिलैया :** शहर में आबादी के बीच कूड़ा करकट जमा करने को लेकर विधायक डॉ नीरा यादव ने सवाल खड़ा किया है। साथ ही शहर से दूर कूड़ा करकट जमा करने की सरकार से मांग की है। गुरुवार को विधानसभा के शून्यकाल में विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि झुमरीतिलैया के विभिन्न वार्डों से जमा किये जा रहे कूड़ा करकट को तिलैया बस्ती में जमा किया जाता है जो रिहायशी इलाके के बीच में है।

## हर्बल गुलाल के साथ मनेगी होली, सखी मंडल की दीदियों ने शुरू किया 10 क्विंटल उत्पादन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनिगर :** इस वर्ष होली पर कैमिकल युक्त रंगों की जगह हर्बल गुलाल की मांग बढ़ रही है। ग्रामीण विकास विभाग के द्वपलाशद्ध ब्रांड के तहत सखी मंडल की दीदियां प्राकृतिक उत्पादों से हर्बल गुलाल तैयार कर रही हैं। ये बातें उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन ने कही।वे समाहरणालय सभागार में सखी मंडल द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल का लोकार्पण कर रहे थे।उन्होंने कहा कि हर्बल गुलाल त्वचा के लिए सुरक्षित है और इससे नुकसान की आशंका कम रहती है। उन्होंने दीदियों को हर्बल अगरबत्ती एवं मच्छर भगाने वाली अगरबत्ती निर्माण के लिए भी प्रेरित किया। जिले के लेस्लीगंज, नवडीहा बाजार और छतरपुर प्रखंड की महिलाओं द्वारा इस वर्ष लगभग 10 क्विंटल हर्बल गुलाल का निर्माण किया जा रहा है,जिसकी बिक्री जिले के विभिन्न प्रखंडों में की जा रही है। गुलाल निर्माण में चुकंदर (बिट), आरारोट,पालक साग, हल्दी, गेंदा फूल, उड़हुल फूल और पलाश के फूल का उपयोग किया गया है।लेस्लीगंज आजीविका उत्पादक समूह की पूजा देवी, नुरेशा खातून, रेनू देवी, राणा सिद्दिकी, नागवंती देवी एवं नुशरत बीबी समेत अन्य दीदियां इस कार्य में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

विज्ञान में उत्कृष्टता की मिसाल

## सेक्रेड हार्ट स्कूल के 09 छात्र बने गोल्ड मेडलिस्ट



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया :** साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित नेशनल साइंस ओलम्पियाड में सेक्रेड हार्ट स्कूल झुमरी तिलैया के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कक्षा 6 से 10 तक के कुल 09 विद्यार्थियों ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया। गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में आराध्या श्री, दिव्यांशु भारती, जारा अहमद, अर्नव राज, ओम कुमार, वंश राज, वाशु गौतम, आशुतोष यादव एवं मोहित राज के नाम शामिल हैं। इन विद्यार्थियों की उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष एवं गर्व का वातावरण व्याप्त है। विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में झुमरी तिलैया नगर निगम के सहायक नगर निर्देशक राकेश कुमार ने विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं पदक प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के राष्ट्र निर्माता हैं। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक सोच और प्रतिस्पर्धा की भावना को सुदृढ़ करती हैं। सेक्रेड हार्ट स्कूल के विद्यार्थियों ने जिस प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, वह पूरे शहर के लिए गर्व की बात है। मैं सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं। विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने भी सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

### डीआईजी ने पलामू व मनिका थाना मतगनना केन्द्र का किया निरीक्षण

# विधि-व्यवस्था सदृढ़ रखने के दिये सख्त निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मनिका थाना के निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने थाना परिसर, अभिलेखों, मालखाना, हाजत, आगंतुक पंजी, लंबित कांडों की स्थिति तथा विधि-व्यवस्था सहित अन्य कार्यो की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीआईजी ने विधि-व्यवस्था सुदृढ़ करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विधि व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बेहतर पुलिसिंग के लिए टीमवर्क के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। डीआईजी ने थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिस पदाधिकारियों को क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित गश्ती करने, संवेदनशील इलाकों पर विशेष निगरानी रखने, सूचना तंत्र को और मजबूत करने, थाना स्तर पर लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन करने, फरार अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी, वारंट/कुर्की की ससमय तामिला कराते हुए संबंधितों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का स्पष्ट निर्देश दिया। उन्होंने थाना आनेवाले मामलों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई करने, शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण तथा पीड़ितों के साथ मानवीय व्यवहार सुनिश्चित करने की भी नसीहत दी। उन्होंने भ्रामक सूचना एवं अफवाहों जैसी बातों को गंभीरता से लेते हुए इसका सत्यापन करते हुए संबंधित अराजक तत्वों के विरूद्ध ठोस कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया।उन्होंने साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए लोगों को जागरूकता करने और तकनीकी साक्ष्यों के सुदृढ़ संकलन भी बाते कही। वहीं थाना कर्मियों को अनुशासन, समयपालन और जनता के साथ मित्रवत व्यवहार बनाए रखने की हिदायत दी। निरीक्षण के मौके पर थाना प्रभारी प्रभात कुमार दास, पुलिस निरीक्षक श्रीमती दुलार चौड़े सहित थाना के पदाधिकारी एवं कर्मीगण उपस्थित रहे।

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, चतरा**
**समग्र शिक्षा अभियान**
**जिला स्तरीय कार्यालय, प्रखण्ड परिसर, चतरा-825401**
**दूरभाष: (06541) 253924, इमेल-chatrajepc@ymail.com**

**आम-सूचना**

राज्य परियोजना निदेशक, झा.शि.प. परिषद् राँची के पत्रांक GE/08/163/2022-23/1811 दिनांक 09.05.2025 के आलोक में विज्ञापन संख्या-1058 दिनांक 08.07.2025 द्वारा चतरा जिले मे संचालित 10 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में पूर्ण तया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर शिक्षिकाओं के रिक्त पदो पर चयन हेतु योग्य एवं अहर्ताधारी महिला अभ्यर्थियों से अंकित शर्तो के अधीन विहित प्रपत्र में आवेदन **25.07.2025** तक निबंधित डाक के माध्यम से आमंत्रित किये गये। तत्पश्चात् गठित समिति द्वारा अन्तर्वीक्षा हेतु अभ्यर्थियों का नाम अंतिमीकरण किया गया। उक्त पदो पर चयन हेतु अभ्यर्थियों का अन्तर्वीक्षा उपायुक्त, चतरा की अध्यक्षता में दिनांक 07.03.2026 को (DRDA) जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, चतरा के सभागार कक्ष में पूर्वाह्न 11:00 बजे से आहूत की गई है।

अन्तर्वीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थी अपने सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण-पत्रों की मूल प्रति के साथ निर्धारित तिथि, समय व स्थल पर भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

उक्त से संबंधित विस्तृत जानकारी जिले के आधिकारिक वेबसाईट www.chatra.nic.inij उपलब्ध है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झा.शि.प., चतरा

**PR 373644 Jharkhand Education Project Council(25-26).D**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़**

**आवश्यक सूचना**

रामगढ़ जिला अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति सम्बन्धित शिकायतों को मरम्मति हेतु जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है। जिनमें निम्न पदाधिकारी एवं कर्मचारी प्रतिनियुक्त किये गये है :-

| नियंत्रण कक्ष का स्थान | संबंधित पदाधिकारी/कर्मचारी का नाम | संबंधित पदाधिकारी का मो0न0 | कार्यालय दूरभाष न0 |
|---|---|---|---|
| कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़। | (1) निखिल रंजन कुमार, नोडल पदाधिकारी | 8409209569 | 06553-223193 |
| | (2) श्री संजय कुमार, प्रधान लिपिक | 6204213661 | |
| | (3) श्री नागेन्द्र कुमार पासवान, | 6205523266 | |
| | (4) श्री धीरेन खलखो | 9798458570 | |

प्रखण्ड स्तर पर भी पेयजलापूर्ति से संबंधित शिकायत दर्ज करने हेतु सभी प्रखण्ड कार्यालय में एक - एक शिकायत पुस्तिका का संधारण किया जा रहा है। प्रखण्डों के सहायक अभियंताओं एवं कनीय अभियंताओं से उनके निम्न वर्णित मोबाईल नम्बरों पर भी सम्पर्क कर शिकायत दर्ज कराया जा सकता है।

| क्र0 | प्रखंड का नाम | कनीय अभियंता का नाम | मोबाईल नं0 | सहायक अभियंता का नाम | मोबाईल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रामगढ़ | बख्तेयार अफजल | 9472757865 | -------- | --------- |
| 2. | चितरपुर | बख्तेयार अफजल | 9472757865 | -------- | --------- |
| 3. | दुलमी | बख्तेयार अफजल | 9472757865 | -------- | --------- |
| 4. | गोला | मो0अरमान अहमद | 7903082597 | -------- | --------- |
| 5. | माण्डू | इन्तेखाब अकरम | 9471793990 | -------- | --------- |
| 6. | पतरातू | श्री रोहित उरॉव | 9546180888 | -------- | --------- |
| 7. | पतरातू | श्री धनन्जय कुमार | 8789920876 | -------- | --------- |
| 8. | पतरातू | श्री राहुल कुमार महतो | 8404811840 | -------- | --------- |

ह0/-
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़

**PR 373647 Drinking Water and Sanitation(25-26)#D**

## एक झलक

### न्यायालय ने बच्ची से दुष्कर्म मामले में सुनाया 20 साल का सश्रम कारावास

**मधेपुरा :** मधेपुरा में चार साल पुराने दुष्कर्म मामले में पॉक्सो कोर्ट ने एक दोषी को 20 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। जुमार्ना नहीं देने पर दोषी को अतिरिक्त सजा काटनी होगी। दरअसल, यह मामला उदाकिशुनगंज थाना क्षेत्र के एक गांव का है। 11 फरवरी 2023 की शाम करीब 5.30 बजे पीड़िता अपनी छोटी बहन और अन्य बच्चों के साथ गांव के ही मिडिल स्कूल के पास खेल रही थी। इसी दौरान गांव का ही रहने वाला 60 वर्षीय दिनेश यादव उर्फ दीनाभद्री यादव वहां पहुंचा। आरोपित ने मासूम को बहला-फुसलाकर स्कूल के पीछे एक सुनसान जगह पर ले गया और उसके साथ दरिंदगी की। घटना के बाद जब बच्ची काफी देर तक घर नहीं लौटी, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। बच्ची स्कूल के पीछे बेसुध और मरणासन्न स्थिति में पड़ी मिली। होश में आने पर मासूम बच्ची ने अपनी मां को बताया कि दीनाभद्री बाबा ने उसके साथ गलत काम किया है। इतना ही नहीं, अपनी करतूत को छिपाने के लिए आरोपित ने बच्ची को 10 रुपये देकर चुप रहने और किसी को न बताने का लालच भी दिया था।

### नवविवाहिता की संदिग्ध मौत, तालाब से मिला शव

**बक्सर :** ब्रह्मपुर नगर पंचायत में नवविवाहिता नेहा कुमारी (20)की रहस्यमयी मौत से इलाके में सनसनी फैल गई है। गुरुवार सुबह ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर परिसर स्थित शिव सरोवर से उनका शव बरामद किया गया। नेहा, द्वारिका राम की पुत्री थीं और उनकी शादी 12 फरवरी को कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के छतनवार गांव में हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद वह बुधवार को ससुराल से मायके ब्रह्मपुर आई थीं। देर रात वह अचानक घर से लापता हो गईं। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उनका पता नहीं चला।
गुरुवार सुबह स्थानीय लोगों ने मंदिर के पास तालाब में शव तैरता देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकालकर कब्जे में ले लिया। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा होगा। थाना अध्यक्ष ब्रजेश कुमार ने बताया कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

### सड़क दुर्घटनाओं पर विधायक ने जताया दुख

**भागलपुर :** बिहपुर विस के भाजपा विधायक इँ.शैलेंद्र ने बिहपुर विस क्षेत्र में लगातार हो रहे सड़क दुर्घटनाओं पर दुख जताया है। उन्होंने दुर्घटनाओं का मुख्य कारण वाहन चालकों द्वारा ट्रैफिक नियमों का पालन न करना बताया है। फोरलेन सड़क बन जाने के बाद इस प्रकार के दुर्घटनाओं पर भी विराम लग जाएगा। विधायक ने कहा कि एक तरफ गंगा पर बना भागलपुर विक्रमशिला सेतु दक्षिण बिहार समेत सहित झारखंड को जोड़ता है। वहीं बिहपुर से वीरपुर नेपाल के सीमा तक बन रहा एनएच 106 पुल और पथ के निर्माण के बाद अंगप्रदेश का यह क्षेत्र सीधे मिथिला क्षेत्र से जुड़ जाएगाफिलहाल एनएच 31 पर वाहनों का भारी भीड़ और दवाब है।

# बजट सत्र : बिहार विधानसभा में वर्ष 2022-23 की सीएजी रिपोर्ट पेश

एजेंसी

**पटना :** बिहार विधानसभा में गुरुवार को भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट पेश की गई। इस रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2022-23 के लिए बिहार सरकार की कुल आय 1,72,688.02 करोड़ थी जिसमें राज्य सरकार द्वारा अपने स्त्रोतों से प्राप्त राजस्व से 48,152.63 करोड़ जो विगत वर्ष से 9,313.75 करोड. (23.98 प्रतिशत) अधिक था। जबकि की केंद्र सरकार से प्राप्त का हिस्सा 1,24,535.39 करोड़ (कुल प्राप्तियों का 72.12 प्रतिशत) था। आज पेश की गई सीएजी की रिपोर्ट के मुताबिक 31 मार्च, 2023 तक 4,844 करोड़ राजस्व बकाया है। जिनमें से 1430.32 करोड़ पांच वर्षों से लंबित था। वहीं फसलों की सब्सिडी में अनियमितता की बातें सामने आई हैं। सीएजी ने एटीएस को लेकर परिवहन विभाग में गड़बड़ी का खुलासा किया है। रिपोर्ट के मुताबिक एसओपी का पालन किए बगैर गाड़ियों के फिटनेस सर्टिफिकेट जारी हुए, जिससे सरकार को करोड़ों का नुकसान हुआ। सीएजी रिपोर्ट में कृषि इनपुट सब्सिडी योजना में अनियमितताओं का खुलासा किया है। जिसमें 2019 में 10 ऐसे जिलों में 21.48 करोड़ की सब्सिडी का भुगतान किया गया, जिन्हें आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बाढ़ प्रभावित घोषित नहीं किया गया था। इसके



अलावा 14 अन्य जिलों के आवेदकों को 4.03 करोड़ की राशि का भुगतान किया गया, जबकि वे चिन्हित आपदा प्रभावित क्षेत्रों में शामिल नहीं थे। रबी और खरीफ मौसम 2019 और 2020 के दौरान कृषि विभाग द्वारा 151.92 करोड़ की सब्सिडी बांटी गई, जो चिन्हित फसल क्षति क्षेत्र से 1.34 लाख हेक्टेयर अधिक क्षेत्र में दी गई। एसडीआरएफ के निर्धारित मानकों के अनुरूप सहायता दरों का पालन नहीं करने के कारण आवेदकों को 3.74 करोड़ का अधिक भुगतान किया गया। सब्सिडी आवेदन के प्रोसेसिंग और स्वीकृति के दौरान डेटाबेस में व्यावसायिक नियमों, अनुचित मैपिंग और निर्धारित प्रावधानों का अनुपालन नहीं किया गया। इसके चलते 15.53 लाख मामलों में 56.14 करोड़ का अधिक, कम या अनियमित भुगतान किया गया। इसके अतिरिक्त, फसल क्षति क्षेत्र के 33 प्रतिशत से कम होने के बावजूद 2019-22 के दौरान 6,81,617 मामलों में 159.28 करोड़ की सब्सिडी का अस्वीकार्य भुगतान किया गया। माल एवं यात्रियों पर कर के रूप में 248 करोड़ 58 लाख रुपये का राजस्व बाकी। रिपोर्ट के अुसार विद्युत पर कर एवं शुल्क के 20 लाख रुपये बकाए थे। वस्तु एवं सेवाओं पर तीन करोड़ 25 लाख रुपये बकाया। राज्य उत्पाद पर 54 करोड़ 30 लाख रुपया। खनन एवं धातु कर्म उद्योग पर 1505 करोड़ 16 लाख रुपये, खान एवं भूतत्व विभाग ने 5 वर्षों से अधिक समय से लंबित बकाया का विवरण नहीं दिया, राशि वसूली के लिए भू-राजस्व के रूप में नीलामवाद दयार किया गया है। वाहनों पर कर के रूप में 183 करोड़ 39 लाख रुपये बकाए हैं, परिवहन विभाग ने 5 वर्षों से अधिक समय से लंबित बकायों का विवरण नहीं दिया है। विभाग ने लंबित बकाए की अवस्था को भी नहीं बताया। भू-राजस्व में 302 करोड़ 47 लाख रुपये का राजस्व बकाया है। इसने भी 5 वर्षों से अधिक समय से लंबित बकाया का विवरण नहीं दिया। मुद्रांक शुल्क एवं निबंधन फीस के रूप में 215.61 करोड़ रुपये बकाया है, मद्य निषेध विभाग ने भी 5 वर्षों से अधिक समय से लंबित बकाया का विवरण नहीं दिया। बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम ने ठेकेदारों को अनुचित लाभ पहुंचाया। 94 लाख 25 हजार रुपये का फायदा दिया,जिससे कंपनी को हानि हुई। परिवहन वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र में भी बड़ा खेल किया गया। जिससे सरकार को 2 करोड़ 27 लाख की राजस्व हानि हुई।

## पूर्व मंत्री पूर्णमासी राम के निधन पर मुख्यमंत्री ने व्यक्त की शोक संवेदना

एजेंसी

**पटना :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व मंत्री और वरिष्ठ राजनेतापूर्णमासी राम के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि पूर्णमासी राम न केवल एक कुशल और दूरदर्शी राजनेता थे, बल्कि समाजसेवा के क्षेत्र में भी उनका योगदान अत्यंत सराहनीय था। पूर्णमासी राम का राजनीतिक जीवन लंबे समय तक सक्रिय रहा। वे 1990 से लगातार पांच बार तक बगहा विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे और समाज के विकास तथा जनहित के लिए विभिन्न कार्यों में सक्रिय रूप से योगदान देते रहे। इसके अलावा, उन्होंने गोपालगंज लोकसभा सीट से सांसद के रूप में भी जनता की सेवा की। उनके नेतृत्व में कई विकास परियोजनाएँ सम्पन्न हुईं और उन्होंने हमेशा जनता की समस्याओं को प्राथमिकता दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्णमासी राम का व्यक्तित्व मृदुभाषी और सरल स्वभाव का था। उनके शांत और संतुलित दृष्टिकोण के कारण वे राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत थे। उनके निधन से न केवल राजनैतिक क्षेत्र बल्कि समाज सेवा एवं स्थानीय विकास के क्षेत्र में भी अपूरणीय क्षति हुई है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि पूर्णमासी राम का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। उन्होंने दिवंगत आत्मा की चिर शांति की कामना की और परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य बनाए रखने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

### बुज़ुर्गों के चेहरे पर मुस्कान लौटाने की होली

## मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा का भावपूर्ण आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**झुमरी तिलैया (कोडरमा) :** झुमरी तिलैया के वृद्धाश्रम में गुरुवार को मारवाड़ी युवा मंच की प्रेरणा शाखा की महिलाओं ने बुजुर्गों के जीवन में खुशियों के रंग बिखेरे। होली के इस विशेष आयोजन में वृद्धाश्रम में रहने वाले एकाकी जीवन जी रहे बुजुर्गों के चेहरे पर जब फूलों और गुलालों की वर्षा की गई, तो उनकी आंखों में चमक लौट आई और भाव विभोर दृश्य देखने को मिला। शहर के ओजस्वी गायक नवीन जैन ने भोजपुरी, राजस्थानी, हरियाणवी, बंगला और पंजाबी गीतों की संगीतमय प्रस्तुति दी, जिसमें बुजुर्ग और युवा एकसाथ झूम उठे। मुख्य अतिथि कल्पना उमाकांत प्रजापति, पूर्व सेवानिवृत्त निशा भारद्वाज और



मारवाड़ी युवा मंच की सहायक मंत्री श्रेया केडिया भी इस आनंद में सहभागी हुईं। रेलवे के सहायक मंडल अभियंता उमाकांत प्रजापति ने अपने उद्बोधन में मां की महिमा का मंडन करते हुए कविता के माध्यम से बुजुर्गों के सम्मान का संदेश दिया। वहीं पूर्व प्राचार्य निशा भारद्वाज ने कहा कि छात्र जीवन में संस्कृत के श्लोक रटने का उद्देश्य बुजुर्गों की सेवा और सम्मान में प्रकट होता है, और प्रेरणा शाखा ने इसे पूरी निष्ठा से निभाया है। शाखा अध्यक्ष सारिका लड्डा ने कहा कि बुजुर्गों की सेवा और सम्मान से जो खुशी उत्पन्न होती है, वह कई गुना होकर हमारे जीवन में लौटती है। सहायक मंत्री श्रेया केडिया ने कहा कि मंदिर-मस्जिद की सेवा से अर्जित शक्ति की तरह वृद्धाश्रम की सेवा से भी असीम खुशियों का अनुभव होता है।

## पटना मेट्रो रेल का भूतनाथ से मलाही पकड़ी तक सफल ट्रायल रन सम्पन्न

एजेंसी

**पटना :** राजधानी पटनावासियों के लिए यह गर्व का क्षण है कि पटना मेट्रो रेल का भूतनाथ स्टेशन से मलाही पकड़ी स्टेशन तक का ट्रायल रन सफलतापूर्वक गुरुवार को पूरा कर लिया गया। यह उपलब्धि शहर में आधुनिक एवं सुरक्षित सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पटना मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएमआरसीएल) के अनुसार भूतनाथ से मलाही पकड़ी मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो रेल का परिचालन जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा। फिलहाल पाटलिपुत्र बस टर्मिनल से भूतनाथ तक ही मेट्रो का परिचालन किया जा रहा है। यह ट्रायल रन एलिवेटेड कॉरिडोर पर निर्धारित तकनीकी मानकों के



अनुरूप संचालित किया गया। परीक्षण के दौरान मेट्रो ट्रेन को विभिन्न गति स्तरों पर चलाकर कई मानकों पर परखा गया, जिन मानकों की गुरुवार को गहन जांच की गई है, उनमें सिग्नलिंग सिस्टम की कार्यक्षमता, ब्रेकिंग सिस्टम का प्रदर्शन, ट्रैक और ओवरहेड इलेक्ट्रिफिकेशन सिस्टम, स्टेशन समन्वय एवं संचार व्यवस्था के साथ-साथ आपातकालीन सुरक्षा प्रोटोकॉल की गहन जांच की गई है।

## विद्यार्थियों ने सीखी आधुनिक खेती की तकनीक

एजेंसी

**सुपौल :** जिले के बसंतपुर प्रखंड अंतर्गत सीतापुर दक्षिण मध्य विद्यालय के इको क्लब के छात्र-छात्राओं ने गुरुवार को एक विशेष शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रति जागरूक करना था। विद्यालय में नामांकित 442 छात्रों में से कृषि एवं पर्यावरण में रुचि रखने वाले 20 छात्र-छात्राओं का चयन इस एक्सपोजर विजिट के लिए किया गया। चयन विद्यार्थियों की रुचि, प्रतिभा तथा रंगोली, चित्रकला, जल संरक्षण और बाल वाटिका जैसी गतिविधियों में उनकी भागीदारी के आधार पर किया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने किसान भूषण से सम्मानित




प्रगतिशील किसान भिखारी मेहता के रानी पट्टी स्थित कृषि फार्म हाउस का दौरा किया। यहां छात्र-छात्राओं ने आधुनिक कृषि और वानिकी की बारीकियों को करीब से समझा। भिखारी मेहता ने उन्हें स्ट्रॉबेरी की उन्नत खेती, वर्मी कंपोस्ट (केंचुआ खाद) तैयार करने की विधि तथा वानिकी के वैज्ञानिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर बच्चों ने गुलेल से कलमी पौधे तैयार करने की प्रक्रिया और नगदी फसलों की खेती के बारे में भी जानकारी हासिल की। छात्रा आराध्या देव और छात्र प्रेम राज सहित अन्य विद्यार्थियों ने कृषि तकनीकों को व्यवहारिक रूप में देखा और समझा। विद्यालय के प्राचार्य सिंधेश्वर शर्मा एवं नोडल शिक्षक मनोज कुमार दास ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों में किताबों के ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक समझ भी विकसित होती है।

### शराब तस्करी के मामले में आरोपित को 05 वर्ष की सजा

**भागलपुर:** जिले के पिरपैंती थाना क्षेत्र स्थित कंगाली चौक पर वर्ष 2021 में 140 बोतल विदेशी शराब बरामदगी के मामले में न्यायालय ने गुरुवार को महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए आरोपित को 5 वर्ष की सजा सुनाई है। साथ ही न्यायालय ने दोषी पर एक लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। उल्लेखनीय है कि 18 सितंबर 2021 को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि झारखंड के रास्ते एक काले रंग की हुंडई कार से अवैध शराब बिहार लाई जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इसी दौरान संदिग्ध कार ने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस टीम ने पीछा कर वाहन को पकड़ लिया। कार चालक मौके से फरार हो गया।

## डीएवी शिक्षिका की कविता प्रतिष्ठित संकलन में प्रकाशित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रजरप्पा(रामगढ़) :** सीसीएल रजरप्पा स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल, रजरप्पा परियोजना के लिए यह अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है कि विद्यालय की अंग्रेजी शिक्षिका नंदिनी गुप्ता की कविता ₹ट्रांज़िट बॉन्ड्स₹ का प्रकाशन प्रतिष्ठित काव्य संकलन ₹बियोंड हैलोज एंड गुडबायस₹ संकलन एक में हुआ है, जिसे ब्लू स्टार पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित किया गया है। कविता ₹ट्रांज़िट बॉन्ड्स₹ शिक्षक और छात्र के मध्य स्थापित होने वाले गहरे, आत्मीय और शाश्वत भावनात्मक संबंधों को अत्यंत संवेदनशीलता और प्रभावशाली शैली में अभिव्यक्त करती है। इस रचना में यह संदेश निहित है कि यद्यपि समय और परिस्थितियों के कारण भौतिक संपर्क सीमित या अस्थायी हो सकते



हैं, किन्तु शिक्षा, मार्गदर्शन और प्रेरणा के माध्यम से निर्मित संबंध जीवनभर अमिट और प्रेरणादायी बने रहते हैं। इस कविता की भाव-समृद्धि, विचारशीलता और प्रभावपूर्ण अभिव्यक्ति को पाठकों एवं साहित्यप्रेमियों द्वारा व्यापक सराहना प्राप्त हो रही है। यह संकलन प्रमुख डिजिटल प्लेटफॉर्म्स अमेजॉन तथा गूगल प्ले बुक्स पर उपलब्ध है, जिससे यह रचना व्यापक पाठकवर्ग तक पहुँच रही है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में नंदिनी गुप्ता को ट्रॉफी, मेडल, प्रकाशन प्रमाणपत्र, ₹बियोंड द एक्सीलेंस₹ सम्मान तथा प्रकाशक द्वारा प्रदत्त प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। झारखंड जोन-डी के सह विद्यालय के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह डीएवी विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. के. शर्मा ने नंदिनी गुप्ता को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल साहित्यिक एवं व्यावसायिक भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रदान कीं। विद्यालय परिवार भी नंदिनी गुप्ता को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए हृदय से बधाई देता है और उनके साहित्यिक जीवन में निरंतर प्रगति, सफलता एवं नई ऊँचाइयों की कामना करता है।

## जयनगर सीएचसी की बदहाली पर सुरेन्द्र भाई मोदी ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा) :** कोडरमा जिले के जयनगर प्रखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था इन दिनों खुद 'वेंटिलेटर' पर नजर आ रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (उ्लउ) में डॉक्टरों की भारी किल्लत और बदहाली को देखते हुए सुरेंद्र भाई मोदी ने कोडरमा उपायुक्त (उ्ळ) से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की बदहाल चिकित्सा व्यवस्था में अविलंब सुधार की पुरजोर वकालत की। ज्ञापन सौंपते हुए सुरेंद्र भाई मोदी ने प्रशासन को अवगत कराया कि एक लाख से अधिक की आबादी वाले इस क्षेत्र में स्थित अस्पताल में मात्र एक टइइर डॉक्टर तैनात हैं। विडंबना यह है कि वही डॉक्टर 'प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी' की प्रशासनिक जिम्मेदारियों का निर्वहन भी कर रहे हैं। ऐसे में प्रशासनिक कार्यों के बोझ के कारण आम मरीजों को उचित चिकित्सा परामर्श और समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है। आयुष डॉक्टरों के भरोसे ओपीडी, इमरजेंसी सेवाएं पूरी तरह ठप?अस्पताल की स्थिति पर चिंता जताते हुए उन्होंने बताया कि: नियमित टइइर डॉक्टरों के अभाव में अस्पताल की ओपीडी आयुष और फइ.र.ड. डॉक्टरों के भरोसे चल रही है, जबकि इनका मुख्य कार्य स्कूलों में बच्चों की जांच करना है।

## आपदा से निपटने के लिए विभागों में आपसी समन्वय जरूरी : मुख्य सचिव

एजेंसी

**पटना :** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नयी दिल्ली और आपदा प्रबंधन विभाग बिहार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय भूंकप परिदृष्य पर आधारित दो दिवसीय कार्यक्रम गुरुवार को सफलता पूर्वक संपन्न हो गया। सरदार पटेल भवन स्थित आपदा प्रबंधन विभाग के कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम की समीक्षा मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने की और जिलों को प्रभावी समन्वय करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि आपदा कभी भी आ सकती है। इसका कोई समय निर्धारित नहीं है। इसलिए हमे पहले से तैयार रहना होगा। सभी टीमें आपस में समन्वय स्थापित कर बेहतर कार्य करें। इससे



बड़ी से बड़ी आपदा से निपटा जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बराबर होना चाहिए, ताकि लोग भी इसके प्रति जागरूक हो सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव डॉ चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि संसाधनों की अद्यतन सूची संधारित की जाए। आपात संपर्क व्यवस्था सुदृढ़ करने के साथ ही चिकित्सा सुविधाएं और एम्बुलेंस नेटवर्क को भी तत्पर रखा जाए। ताकि आपात स्थिति में सभी टीमें अपने दायित्व को ससमय निर्वहन कर सकें। बिहार राज्य आपदा प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ उदय कांत मिश्रा ने कहा कि पहले भूकम्प सप्ताह मनाया जाता था। इसके बाद उसे भूकम्प पखवाड़ा के रूप में विस्तारित कर दिया गया ।

## बगहा नगर परिषद क्षेत्र में मरीन ड्राइव का निर्माण हो : राम सिंह

एजेंसी

**पश्चिम चम्पारण(बगहा) :** बगहा नगर परिषद क्षेत्र में मरीन ड्राइव निर्माण को लेकर बिहार विधानसभा में गुरुवार को मामला गूंजा। बगहा से भाजपा विधायक राम सिंह ने तारांकित प्रश्न के माध्यम से नगर परिषद क्षेत्र में प्रस्तावित मरीन ड्राइव निर्माण की योजना पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। विधायक ने सदन में कहा कि बगहा नगर के 22 वार्ड नदी के किनारे बसे हुआ है, ऐसे में यदि मरीन ड्राइव का निर्माण होता है तो इससे शहर के विकास को नई दिशा मिलेगी। साथ ही नगर के सौंदर्यीकरण और पर्यटन की संभावनाओं को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने सरकार से निर्माण कार्य की प्रगति, स्वीकृति और विभागीय




प्रक्रिया की स्थिति स्पष्ट करने की मांग की।इस पर संबंधित मंत्री ने सदन में जवाब देते हुए बताया कि मरीन ड्राइव निर्माण को लेकर विभागीय स्तर पर आवश्यक प्रक्रियाएं अपनाई जा रही हैं। उन्होंने स्वीकृति एवं आगे की कार्ययोजना की जानकारी भी दी तथा आश्वस्त किया कि नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। विधायक राम सिंह ने कहा कि बगहा नगर परिषद के समुचित विकास और सौंदर्यीकरण के लिए वे सदन में निरंतर आवाज उठाते रहेंगे।

# डॉ. प्रेम कुमार ने सहकारिता विभाग की योजनाओं व फेडरेशनों की प्रगति पर की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

दिग्विजय सिंह

**पटना :** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने आज अपने कार्यालय कक्ष में मिथिलेश तिवारी एवं अन्य सदस्यों से प्राप्त सहकारिता विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना पर एक उच्च स्तरीय बैठक की। इस बैठक में सहकारिता विभाग, बिहार सरकार के अंतर्गत स्थापित विभिन्न प्रकार के फेडरेशन एवं समितियों यथा Vegetable federation, Marketing federation, मधुमक्खी पालन सहकारी समिति, बुनकर सहकारी समिति आदि के संबंध में चर्चा की गई । इन फेडरेशन एवं समिति में से अधिकांश की प्रगति काफी धीमी है तथा अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में काफी पीछे है। सहकारिता विभाग के सचिव द्वारा जानकारी दी गई कि बिस्कोमान के तर्ज पर विपणन सहकारी संघ एवं फेडरेशन (परिसंघ) का गठन विभाग द्वारा किया जा रहा है। कोशी प्रमण्डल को छोड़कर शेष आठ (08) प्रमण्डलों यथा-पटना, मगध, तिरहुत, सारण, दरभंगा, पूर्णियाँ, भागलपुर एवं मुंगेर में विपणन सहकारी संघ का गठन किया जा चुका है। राज्य स्तर पर बिहार राज्य विपणन सहकारी फेडरेशन एवं कोशी प्रमण्डल में विपणन संघ के गठन की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। पैक्स अब केवल अनाज खरीद तक सीमित नहीं है, बल्कि इन्हें जनऔषधि केन्द्र, खाद वितरण केन्द्र, सार्वजनिक वितरण



प्रणाली की दुकान, बीज वितरण, किसान समृद्धि केन्द्र, कॉमन सर्विस सेंटर इत्यादि के रूप में भी विकसित किया जा रहा है, जहाँ से किसानों को खाद-बीज के साथ-साथ अन्य ई-गवर्नेंस सेवाओं का भी लाभ प्रदान किया जा रहा है। वेजफेड योजना के तहत सभी प्रखण्डों में प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समिति एवं आठ सब्जी संघों का गठन हो चुका है। पूर्णियाँ प्रमण्डल के सब्जी संघ के गठन का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। 114 प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समितियों (PVCS) में आधारभूत संरचना का निर्माण, 200 PVCS में तरकारी आउटलेट का निर्माण, 68 PVCS में प्याज भंडारण गोदाम, संघ स्तर पर 4 कोल्ड स्टोरेज के निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसके आलोक में निर्माण कार्य प्रगति पर है। वेजफेड अपनी स्थापना के उद्देश्यों के प्रति पूर्णतः समर्पित है। राज्य में 4 माह में प्रखंड स्तरीय मधुमक्खीपालक सहकारी समितियों की संख्या 144 से बढ़कर 224 हो गई है। मधुमक्खीपालक सहकारी समितियों के राज्य स्तरीय फेडरेशन का गठन हो चुका है।मधुमक्खी पालक समितियों के सदस्यों का आवासीय प्रशिक्षण सहकारिता प्रशिक्षण केन्द्र, पूसा में कराया जा रहा है। राज्य में 168 निबंधित प्राथमिक बुनकर समितियाँ कार्यरत हैं, जिसके सहयोग हेतु क्षेत्रीय स्तर पर 4 बुनकर संघ है। राज्य स्तर पर बिहार राज्य हस्तकरघा बुनकर सहकारी संघ लि० एवं दि बिहार स्टेट शीप एण्ड ऊल विभर्स कोऑपरेटिव यूनियन लिमिटेड कार्य कर रही है। सारण, दरभंगा, सहरसा एवं मधेपुरा जिलों सहित सभी जिलों में 23 जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक लि० के 290 शाखाओं के माध्यम से किसानों को सुविधाएँ दी जा रही है। सभी जिले सहकारी बैंक के शाखाओं से आच्छादित हैं।

### डॉ. प्रेम कुमार ने नवनिर्मित आवासीय परिसर में स्पोर्ट्स क्लब निर्माण पर की समीक्षा बैठक



**बिहार** विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने आज अपने कार्यालय कक्ष में माननीय सदस्यों के लिए वीरचंद पटेल पथ स्थित नवनिर्मित आवासीय परिसर के संबंध में खेल विभाग, भवन निर्माण विभाग एवं सभा सचिवालय के वरीय अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की । इस बैठक में नवनिर्मित आवासीय परिसर में स्पोर्ट्स क्लब के निर्माण के विषय में विचारझविमर्श किया गया। अध्यक्ष ने निर्देश दिया कि सर्वप्रथम भवन निर्माण विभाग एवं सभा सचिवालय के पदाधिकारियों द्वारा स्थल निरीक्षण कर उपयुक्त स्थान का चयन कर लिया जाए। इसके उपरांत इस संबंध में संबंधित पदाधिकारियों के साथ अगली बैठक की जायेगी।
इस बैठक में खेल विभाग के सचिव महेंद्र कुमार एवं अन्य पदाधिकारीगण, भवन निर्माण विभाग के पदाधिकारीगण एवं सभा सचिवालय की प्रभारी सचिव ख्याति सिंह सहित वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एक झलक

### ज्वेरेव हुए उलटफेर के शिकार, केकमानोविच ने तीन सेटों में हराया

**अकापुल्को :** सर्बिया के मियोमिर केकमानोविच ने जर्मनी के टेनिस स्टारा अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर एक बड़ उलटफेर करते हुए मेक्सिकनो टेलसेल टेनिस टूनार्मेंट के क्वार्टर-फाइनल में प्रवेश किया है। केकमानोविच ने तीन सेट के रोमांचक मुकाबले में चौथी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव के खिलाफ 6-3, 6-7(3), 7-6(4) से ये जीत दर्ज की ।इस मुकाबले में केमानोविच ने बेहतरीन प्रदर्शन कर विरोधी खिलाड़ी को कोई अवसर नहीं दिया। ।मैच के बाद केकमानोविच ने कहा, जीत से वह खुश है पिछले कुछ साल उनके लिए कठिन रहे हैं। इसलिए उन्हें इस बातक की खुशी है कि इस मैच में सब कुछ उनके अनुसार हुआ। वह विशेष अवसर पर आक्रामक रहे जिसका भी लाभ उन्हें मिला। वहीं अनुभवी ज्वेरेव निरंरतता के लिए संघर्ष करते दिखे। उन्होंने 17 गलतियां कीं, जबकि केकमानोविच ने छह गलतियां कीं।इस जीत के साथ ही केकमानोविच ने ज्वेरेव के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 2-2 से बराबर कर लिया और एटीपी 500 इवेंट के आखिरी आठ में पहुंच गए हैं।यहां उनका मुकाबला फ्रांस के टेरेंस एटमाने से होगा, एटमाने ने एक अन्य मुकाबले में राफेल जोडार को 6-2, 4-6, 6-1 से हराया था। एक अन्य मुकबाले में फ्लेवियो कोबोली ने डालिबोर स्वर्सिना को 6-4, 6-4 से हराया और अब उनका अगला मैच चीन के वू यिबिंग से होगा जिन्होंने जापान के शो शिमाबुकुरो को 6-3, 7-6(4) से हराया।

### टी20 विश्ककप : घरेलू मैदान में मिली हार निराशाजनक : शनाका

**नयी दिल्ली :** श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के कप्तान दासुन शनाका अपनी टीम के टी20 विश्वकप से बाहर होने से बेहद निराश हैं। शनाका के अनुसार घरेलू धरती पर मिली हार सबसे अधिक दुखदायक है।टीम पिछले एक दशक से किसी भी आईसीसी टूनार्मेंट के सेमीफाइनल तक में नहीं पहुंच पायी है।इस बार वह दूसरे सुपर-8 मुकाबले में न्यूजीलैंड के हाथों मिली हार के बाद सुपर-8 से बाहर हो गयी। दासुन शनाका के अनुसार अपनी ही धरती पर जीत नहीं पाने से प्रशंसकों को भी निराशा होती है। न्यूजीलैंड से मिली हार के बाद शनाका ने कहा, ये हमारे लिए शर्म की बात है।प्रशंसकों का हमे भरपूर समर्थन मिला है। हमने मैच में अच्छी शुरूआत भी की थी पर किवी टीम ने अच्छी बल्लेबाजी कर मुकाबला अपने नाम कर लिया।हम उन्हें 130 के आसपास रोकना चाहते थे पर हमारे गेंदबाज सफल नहीं रहे। विरोधी टीम की ओर से मिच सेंटनर और कॉलिन कोल ने काफी अच्छा खेला।
वहीं हमें अच्छी शुरूआत नहीं मिली।वहीं अब हमारा लक्ष्य अंतिम मैच में पाकिस्तान के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना रहेगा।हमें उम्मीद है कि हम उस मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे।जीत के लिए एक दो बल्लेबाजों पर निर्भर नहीं रहा जा सकता है। पूरी टीम को ही अपने ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। साथ ही कहा कि जिम्मेदारी के साथ ही जोखिम लेने की भी जरुरत है जिससे बाद में किसी बात का पछतावा न रहे।

### इंग्लैड-न्यूजीलैंड मैच पर टिकीं पाकिस्तान की सम्भावनाएं

**कोलंबो :** न्यूजीलैंड की श्रीलंका के खिलाफ जीत से न केवल सह मेजबान श्रीलंकाई टीम आईसीसी टी20 विश्वकप के सेमीफाइनल से बाहर हो गयी है बल्कि इससे पाकिस्तान की संभावनाएं भी घटी हैं।न्यूजीलैंड की टीम अब प्लस 3.050 के रन रेट से अंक तालिका में काफी आगे बढ़ गयी है।ऐसे में पाक टीम के सेमीफाइनल की संभावनाएं अब दूसरी टीमों के परिणामों पर निर्भर हो गयी है। पाक टीम अब उम्मीद करेगी कि हैरी ब्रूक की कप्तानी वाली इंग्लैंड की टीम शुक्रवार को होने वाले मुकाबले में न्यूजीलैंड को हरा दे। इस मुकाबले में अगर इंग्लैंड की टीम न्यूजीलैंड को हरा देती है ।

# सुपर-8 में साउथ अफ्रीका का विजयी अभियान जारी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** साउथ अफ्रीका ने टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 में लगातार दूसरा मैच जीत लिया है। टीम ने गुरुवार के पहले मैच में वेस्टइंडीज को 9 विकेट से हराया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग की। वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 176 रन बनाए। 177 रन का टारगेट साउथ अफ्रीका ने 16.1 ओवर में एक विकेट पर हासिल कर लिया। कप्तान ऐडन मार्करम ने नाबाद 82 और रायन रिकेल्टन 45 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए रोमारियो शेफर्ड ने नाबाद 52 रन बनाए। जबकि जेसन होल्डर 49 रन बनाकर आउट हुए। साउथ अफ्रीका की ओर से लुंगी एनगिडी ने 3 विकेट झटके। कगिसो रबाडा और कॉर्बिन बॉश को 2-2 विकेट मिले।

**साउथ अफ्रीका के मैच विनर्स, होल्डर-शेफर्ड ने**




- वेस्टइंडीज को 09 विकेट से हराया; मार्करम की फिफ्टी, लुंगी एनगिडी ने 03 विकेट झटके
- ऐडन मार्करम ने नाबाद 82 रन की पारी खेली। वह प्लेयर ऑफ द मैच रहे

**दोनों टीमों की प्लेइंग-11**

**साउथ अफ्रीका:** ऐडन मार्करम (कप्तान), क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), रायन रिकेल्टन, डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स, मार्को यानसन, कॉर्बिन बॉश, केशव महाराज, कगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी

**वेस्टइंडीज:** ब्रैंडन किंग, शाई होप (कप्तान और विकेटकीपर), शिमरोन हेटमायर, रोवमन पॉवेल, शेरफन रदरफोर्ड, रोस्टन चेज, जेसन होल्डर, रोमारियो शेफर्ड, मैथ्यू फोर्ड, गुडाकेश मोती और शमार जोसेफ।

**रिकॉर्ड साझेदारी की**

**टीम** ने एक समय 83 रन पर 7 विकेट गंवा दिए थे।यहां से जेसन होल्डर और रोमारियो शेफर्ड ने 8वें विकेट के लिए 89 रन की साझेदारी करके टीम को 170 पार पहुंचा दिया।यह टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास में 8वें विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी है।

**विंडीज के काम न आयी शेफर्ड-होल्डर की पारी**

**साउथ** अफ्रीका सेमीफाइनल के करीब, भारत की राह आसान,साउथ अफ्रीका ने सुपर-8 में लगातार दूसरा मैच जीत लिया है।टीम सेमीफाइनल के बेहद करीब पहुंच गई है।अफ्रीका के 2 मैच में 4 अंक हो गए हैं। टीम ग्रुप-1 पॉइंट्स टेबल के पहले स्थान पर है। वहीं, वेस्टइंडीज 2 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। भारत तीसरे और जिम्बाब्वे चौथे नंबर पर है।

## भारतीय अंडर-20 महिला टीम ने स्वीडिश क्लब एन्स्केडे आईके डैम से खेला ड्रॉ

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारतीय अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम ने बुधवार, रात स्वीडन के लिडिंगो स्थित बोसोन नेशनल स्पोर्ट्स सेंटर में खेले गए अभ्यास मैच में स्वीडिश क्लब एन्स्केडे आईके डैम के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। भारत की ओर से सिबानी देवी नोंगमेइकापाम ने 44वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। हालांकि मुकाबले के अंतिम क्षणों में 88वें मिनट पर एन्स्केडे ने बराबरी का गोल दागकर स्कोर 1-1 कर दिया। भारत अंडर-20 टीम के मुख्य कोच योआकिम अलेक्जेंडरसन ने पिछले मैच की तुलना में शुरूआती एकादश में आठ बदलाव किए। भारतीय टीम ने अपने पिछले मुकाबले में टैबी एफके को 4-0 से हराया था, जबकि उससे पहले हामरबी आईएफ के खिलाफ उसे 0-6 से हार का सामना करना पड़ा था। यंग टाइग्रेस अब 28 फरवरी को स्वीडन के क्लब कार्लबर्ग्स बीके के खिलाफ एक और अभ्यास मैच खेलेगी। यह दौरा इस वर्ष थाईलैंड में होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप की तैयारियों का हिस्सा है।

**भारत अंडर-20 महिला टीम**

**मोनालिशा** देवी मोइरांगथेम (गोलकीपर), निशिमा कुमारी (रेमी थोखचोम 60वें मिनट), थोइनबिसाना चानू तोइजाम, सिंडी रेमरुआतपुई कोलनी, शुभांगी सिंह, पूजा, अंजू चानू कायेन्पैबाम (भूमिका देवी खुमुकचाम 60वें मिनट), लिंगदेकिम, सुलंजना राउल, सिबानी देवी नोंगमेइकापाम (नेहा 60वें मिनट), बबीता कुमारी (दीपिका पाल 46वें मिनट, शिल्जी शाजी 88वें मिनट)।

## मनुष-मानव की जोड़ी सिंगापुर स्मैश के सेमीफाइनल में पहुंची, रचा इतिहास



एजेंसी

**सिंगापुर :** भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ियों मनुष शाह और मानव ठक्कर की जोड़ी ने इतिहास रचते हुए सिंगापुर स्मैश के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। वे विश्व टेबल टेनिस के ग्रैंड स्मैश स्तर की प्रतियोगिता में सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली पहली भारतीय पुरुष युगल जोड़ी बन गए हैं।छठी वरीयता प्राप्त मनुषझमानव की जोड़ी ने बेल्जियम के मार्टिन एलेग्रो और एड्रियन रासेनफॉसे को सीधे गेमों में 3-0 (11-8, 11-9, 11-9) से पराजित किया। यह मुकाबला 27 मिनट तक चला। भारतीय जोड़ी ने बेल्जियम की इस जोड़ी के खिलाफ अपना आमना-सामना रिकॉर्ड 2-0 कर लिया। उल्लेखनीय है कि बेल्जियम की जोड़ी ने क्वार्टरफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को हराकर जगह बनाई थी। सेमीफाइनल में भारतीय जोड़ी का मुकाबला फ्रांस के चौथी वरीयता प्राप्त सगे भाई फेलिक्स लेब्रून और एलेक्सिस लेब्रून से शुक्रवार को होगा। इससे पहले दिन में मिश्रित युगल वर्ग में मनुष शाह और दिया चिताले की छठी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी का सफर क्वार्टरफाइनल में समाप्त हो गया। उन्हें ब्राजील के तीसरी वरीयता प्राप्त ह्यूगो काल्डेरानो और ब्रूना ताकाहाशी की जोड़ी ने 3-0 (11-6, 11-9, 11-5) से पराजित किया।

## 5वीं किओ नेशनल कराटे चैम्पियनशिप 2026 आज से दिल्ली में प्रारम्भ




फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**नयी दिल्ली :** आज से दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के तत्वावधान में 5वीं डक्ड नेशनल कराटे चैंपियनशिप 2026 का शुभारंभ हुआ। इस राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से अंडर-21, सीनियर एवं पैरा कराटे वर्ग के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यह चैंपियनशिप आज से 1 मार्च तक आयोजित की जाएगी। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु झारखंड की कराटे टीम, स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष हंसी मानस सिन्हा एवं सचिव सेंसाई हेजाज असदक के नेतृत्व में दिल्ली पहुंच चुकी है। इस प्रतियोगिता में झारखंड के अंडर-21 एवं सीनियर वर्ग के निम्नलिखित खिलाड़ी राज्य का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं । प्रियांशु, संदीप, लक्ष्मी, चंद्र प्रकाश उपाध्याय, मनीष राज, संध्या कुमारी, प्रमोद यादव, प्रियंका कुमारी, अमर उरांव, मल्लिका भट्टाचार्जी, प्रिंस कुमार ठाकुर, कृष्णा भगत, अमृत मुंडा, प्रिंस गुप्ता, आकांक्षा तिर्की, निशा चंद्र हेमरोम।



इंडियन वेल्स में बीएनपीए परिबास ओपन टेनिस में जैक ड्रेपर को हराने के बाद उत्साहित आर्थर रिंडरकनीच।

### विश्व कप से बाहर होने के बाद श्रीलंकाई कप्तान ने दीर्घकालिक बदलाव की मांग की

**कोलंबो :** श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका ने विश्व कप से बाहर होने के बाद टीम में व्यापक और दीर्घकालिक सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया है। अंतिम चार में पहुंचने की उम्मीदें तब समाप्त हो गईं जब श्रीलंका को न्यूजीलैंड ने 61 रन से पराजित किया। शनाका ने कहा कि यदि टीम को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में लगातार मजबूत प्रदर्शन करना है तो शारीरिक तैयारी और लंबी अवधि की योजना पर गंभीरता से काम करना होगा। उन्होंने कहा, देश के लिए खेलते समय शारीरिक फिटनेस पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इस पर कोई समझौता नहीं हो सकता।

## खेलो इंडिया अस्मिता वूमेन साइकिलिंग ईस्ट जोन लीग का उद्घाटन आज

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** भारतीय खेल प्राधिकरण एवं साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिय के निर्देशनुसार खेलो इंडिया अस्मिता साइकलिंग लीग ईस्ट जोन का आयोजन दिनांक 27 एवं 28 फरवरी 2026 को सिद्धू कान्हू वेलोड्रम स्टेडियम खेलगांव रांची मैं आयोजित की जा रही है यह जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस में शैलेंद्र पाठक, महासचिव झारखंड साइकलिंग एसोसिएशन सह संयुक्त सचिव भारतीय साइकलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया, अभिजीत सेठ अध्यक्ष तकनीकी कमेटी, सुजीत कुमार, उपाध्यक्ष, झारखंड साइकलिंग एसोसिएशन, रणवीर सिंह, कोषाध्यक्ष झारखंड साइकलिंग एसोसिएशन सतविंदर कौर पूर्व साईं साइकिलिंग प्रशिक्षका ने संयुक्त रूप



से प्रेस वार्ता में दी. उन्होंने कहा कि यह दो दिवसीय खेलो इंडिया अस्मिता वूमेन साइकलिंग ईस्ट जोन लीग का उद्घाटन मे मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, राजमहल सांसद विजय हंसदा,डुमरी विधायक जयराम महतो समेत कई लोग मौजूद रहेंगे. उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में कुल पांच इवेंट का आयोजन किया जा रहा है. इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में ईस्ट जोन के बिहार, उत्तर प्रदेश,वेस्ट बेंगल असम, मणिपुर, उड़ीसा राज्य के लगभग 450 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं ! इस प्रतियोगिता के लिए 30 से अधिक टेक्निकल अधिकारियों की नियुक्ति भारतीय साइकलिंग फेडरेशन ऑफ के द्वारा की गई है. उन्होंने कहा कि इसका समापन के मौके पर झारखंड के खेल मंत्री सुदीव कुमार सोनू,विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री अनुपमा सिंह समेत कई विशिष्ट लोग मौजूद रहेंगे ।

## चैम्पियंस लीग में विनीसियस का कमाल, रियल मैड्रिड ने बेनफिका को हरा कर अंतिम-16 में बनायी जगह




एजेंसी

**मैड्रिड :** 15 बार के यूरोपीय चैंपियन रियल मैड्रिड ने शानदार वापसी करते हुए बेनफिका को 2-1 से हराया और कुल 3-1 की बढ़त के साथ यूईएफए चैंपियंस लीग के अंतिम-16 में प्रवेश कर लिया।सैंटियागो बर्नब्यू में खेले गए रोमांचक मुकाबले में विनीसियस जूनियर ने निर्णायक गोल कर टीम को जीत दिलाई।पहले चरण में 1-0 से पीछे चल रही बेनफिका ने आक्रामक शुरूआत की और 14वें मिनट में राफा सिल्वा के गोल से बढ़त बना ली। गोलकीपर थिबाउट कोर्टुआ ने पहले शानदार बचाव किया, लेकिन रिबाउंड पर राफा ने गेंद को जाल में पहुंचा दिया। हालांकि, रियल मैड्रिड ने तुरंत जवाब दिया। दो मिनट बाद फेडेरिको वाल्वेर्दे के पास पर औरेलियन त्चौआमेनी ने सटीक शॉट लगाकर स्कोर 1-1 कर दिया। मुकाबला बराबरी पर आने के बाद दोनों टीमों के बीच तेज टक्कर देखने को मिली। 32वें मिनट में आर्डा गुलर ने गोल किया, लेकिन वीएआर ने ऑफसाइड करार देते हुए उसे रद्द कर दिया।

## भारत बधिर क्रिकेट टीम ने जीता पहला एडीसीए टी20आई एशिया कप




एजेंसी

**नयी दिल्ली :** कटक के ऐतिहासिक बाराबती स्टेडियम में खेले गए पहले एडीसीए टी20आई एशिया कप 2026 का समापन बुधवार को हुआ, जहां भारतीय बधिर क्रिकेट टीम ने फाइनल में श्रीलंका की टीम को 6 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। यह टूर्नामेंट भारतीय बधिर क्रिकेट एसोसिएशन (आईडीसीए) द्वारा आयोजित किया गया था, जिसे ओडिशा की राज्य क्रिकेट इकाइयों का सहयोग मिला। यह एशिया कप का पहला संस्करण था और इसे बधिर क्रिकेट के इतिहास में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। फाइनल के बाद आयोजित भव्य समापन समारोह में मुख्य अतिथि कटक के जिलाधिकारी एवं कलेक्टर दत्तात्रय भाऊसाहेब शिंदे और विशेष अतिथि पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर संजय राउल ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की। भारत ने अपने अभियान की शुरूआत श्रीलंका के खिलाफ 4 विकेट की जीत से की। इसके बाद नेपाल पर 10 विकेट की एकतरफा जीत दर्ज की। लीग चरण में श्रीलंका ने भी नेपाल को 6 विकेट से हराया, जबकि रिवर्स मुकाबले में नेपाल पर 157 रन की बड़ी जीत दर्ज की। भारत ने श्रीलंका के खिलाफ एक रोमांचक मुकाबले में 1 रन से जीत हासिल की और नेपाल पर 9 विकेट से जीत दर्ज कर फाइनल में जगह पक्की की। फाइनल में भारत ने संयमित और आत्मविश्वास भरा प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका को 6 विकेट से हराकर ऐतिहासिक ट्रॉफी जीत ली।

## आज इंग्लैंड को हरा कर सेमीफाइनल में जगह बनाने उतरेगी न्यूजीलैंड टीम




एजेंसी

**कोलंबो :** श्रीलंका के खिलाफ जीत से उत्साहित न्यूजीलैंड की टीम शुक्रवार को यहां टी20 विश्वकप क्रिकेट के सुपर-8 मैच में इंग्लैंड को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने उतरेगी।कीवी टीम के स्पिनरों ने श्रीलंकाई टीम के खिलाफ काफी अच्छी गेंदबाजी की थी और वह यही सिलसिला इंग्लैंड के खिलाफ भी जारी रखना चाहेगी। कीवी टीम के कप्तान मिचेल सैंटनर काफी अच्छे फार्म में हैं जिसका लाभ भी टीम को मिलेगा।वहीं दूसरी ओर इंग्लैंड की टीम पहले ही अपने दोनों मैच जीतकर सेमीफाइनल में पहुंच गयी है और उसका लक्ष्य इस मैच में भी बेहतरीन प्रदर्शन कर सेमीफाइनल के लिए लय बनाये रखना रहेगा।कप्तान हैरी ब्रुक के अलावा उसके उन्य बल्लेबाज पिछले सुपर-8 मैच में पाकिस्तान के खिलाफ असफल रहे थे।ऐसे में वे अपना फार्म हासिल करना चाहेंगे। दूसरी ओर श्रीलंका के खिलाफ बड़ी जीत के बाद न्यूजीलैंड का नेट रन रेट काफी अच्छा प्लस 3.050 हो गया है।ऐसे में इस मैच में जीत के साथ वह सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी पर अगर वह मामुली अंतर से हारती भी है तो भी उसकी सेमीफाइनल की संभावनाएं बनी रहेंगी।

**टी20 विश्वकप सुपर-8, शाम 7 बजे से होगा मुकाबला**

वहीं इंग्लैंड से हार के बाद पाकिस्तान का नेट रन रेट माइनस 0.461 हो गया है।ऐसे में पाक टीम नेट रन रेट में तभी आगे निकल सकती है जब न्यूजीलैंड को मैच में बड़ी हार मिले।न्यूजीलैंड की टीम जिस प्रकार श्रीलंका के खिलाफ छह स्पिनरों के साथ सहजता से उतरी थी उससे तय है कि इस मैच में भी वह उसी टीम के साथ उतरेगी। इस मैच में न्यूजीलैंड के स्पिनरों और इंग्लैंड के बल्लेबाजों के बीच रोमांचक मुकाबला होना तय है।इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक और ऑलराउंडर विल जैक्स दोनों ने ही पाक स्पिनरों साइम अयूब, मोहम्मद नवाज और शादाब खान के सामने काफी अच्छी बल्लेबाजी की थी और उनका लक्ष्य कीवी टीम के खिलाफ इसी प्रदर्शन को बनाये रखना रहेगा हालांकि ये इतना आसान नहीं रहेगा क्योंकि कीवी स्पिनर मिचेल सैंटनर, रचिन रविंद्र, ग्लेन फिलिप्स और कोल मैककॉन्ची प्रेमदासा स्टेडियम की पिच पर कहर ढ़ा सकते हैं।

# न्यूजीलैंड की शानदार जीत, श्रीलंका बाहर

एजेंसी

**कोलंबो :** कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए अहम मुकाबले में न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को 61 रनों से हराकर उसके टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सफर पर विराम लगा दिया। इस जीत के साथ न्यूजीलैंड ने अपनी सेमीफाइनल की उम्मीदों को जिंदा रखा, जबकि सह-मेजबान श्रीलंका टूर्नामेंट से बाहर हो गया। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 168 रन बनाए। जवाब में श्रीलंकाई टीम निर्धारित ओवरों में 107 रन ही बना सकी और 61 रनों से मुकाबला हार गई।

**श्रीलंका का टूटा घरेलू सपना**

**भारत** के साथ इस टी20 वर्ल्ड कप का सह-मेजबान श्रीलंका घरेलू सरजमीं पर खिताब जीतने का सपना देख रहा था, लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ हार ने उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। बल्लेबाजी में कामिंदु मेंडिस और दुनिथ वेल्लालागे को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका।नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे, जिससे टीम दबाव से उबर नहीं पाई।पारी की पहली ही गेंद पर श्रीलंका को बड़ा झटका लगा, जब मैट हेनरी ने पथुम निसांका को क्लीन बोल्ड कर दिया। लगातार रन बना रहे निसांका का विकेट मैच का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ।



**सैंटनर की कप्तानी पारी**

**न्यूजीलैंड** की शुरूआत भी अच्छी नहीं रही थी और 84 रन तक उसने 6 विकेट गंवा दिए थे।ऐसे मुश्किल समय में मिचेल सेंटनर ने 26 गेंदों में 47 रनों की तूफानी पारी खेली। उन्होंने कोल मैककॉन्ची के साथ 84 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी कर टीम को 168 के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।सैंटनर की इस पारी ने न्यूजीलैंड को मैच में मजबूती से वापस ला खड़ा किया।

**रचिन रवीन्द्र का ऑलराउंड कमाल**

**गेंदबाजी** में रचिन रवीन्द्र ने श्रीलंका की कमर तोड़ दी।उन्होंने 4 ओवरों में 27 रन देकर 4 विकेट चटकाए। उन्होंने कुसल मेंडिस, पवन रत्नायके, कप्तान दासुन शनाका और दुशन हेमंता को पवेलियन भेजा।इससे पहले रवीन्द्र ने बल्ले से भी 32 रनों का अहम योगदान दिया था।न्यूजीलैंड की इस हरफनमौला जीत ने टूर्नामेंट में रोमांच बढ़ा दिया है।जहां एक ओर श्रीलंका का सफर समाप्त हो गया, वहीं न्यूजीलैंड अब सेमीफाइनल की दौड़ में मजबूती से बना हुआ है।

## एक झलक

### अपने 19वें जन्मदिन के अवसर पर लेकर आया मिंत्रा बर्थडे ब्लास्ट

**रांची :** भारत के अग्रणी फैशन, ब्यूटी और लाईफस्टाईल डेस्टिनेशंस में से एक मिंत्रा अपने 19वें जन्मदिन के अवसर पर मिंत्रा बर्थडे ब्लास्ट (एमबीबी) लेकर आया है। यह ईवेंट 28 फरवरी से शुरू होगी। मिंत्रा इनसाईडर कस्टमर्स को 24 घंटे पहले यानी 27 फरवरी से इसकी अरली एक्सेस मिल जाएगी। इस एडिशन में फैशन, ब्यूटी और लाईफस्टाईल श्रेणियों में 20,000 से अधिक इंटरनेशनल और मेड-इन-इंडिया ब्रांड्स के 6 मिलियन से अधिक स्टाईल उपलब्ध होंगे। आगामी शादियों के सीजन और ईद एवं होली जैसे त्योहारों को देखते हुए इस एडिशन में मेंस और वीमेंस एथनिक वियर, ब्यूटी और पर्सनल केयर एवं वॉच और वियरेबल्स की श्रेणियों में तेजी रहने की उम्मीद है।

### सेबी ने म्यूचुअल फंड स्कीम की एक नयी कैटेगरी का किया एलान

**नयी दिल्ली :** मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने म्यूचुअल फंड स्कीम की एक नई कैटेगरी का ऐलान किया है। लाइफ साइकिल फंड नाम की ये स्कीम लॉन्ग टर्म में निवेशकों को बड़ी राशि तैयार करने में मदद करेगी। इस स्कीम में पहले से तय एलोकेशन स्ट्रेटजी का इस्तेमाल किया जाएगा। सेबी के आज जारी एक सर्कुलर के अनुसार लाइफ साइकिल फंड्स ओपन एंडेड स्कीम होंगे। लाइफ साइकिल फंड नाम वाली इस स्कीम के जरिए निवेशकों को अलग-अलग एसेट क्लास में निवेश करने का मौका मिलेगा। इन एसेट क्लास में गोल्ड ईटीएफ, सिल्वर ईटीएफ, एक्सचेंज ट्रेडेड कमोडिटी डेरिवेटिव्स और शेयर भी शामिल होंगे। सेबी के सर्कुलर में बताया गया है कि इस स्कीम को इन्वेस्टर्स के खास इन्वेस्टमेंट गोल को पूरा करने के इरादे से डिजाइन किया गया है। इन्वेस्टर्स का इन्वेस्टमेंट गोल को पूरा करने के लिए इसमें समय के साथ पोर्टफोलियो का एलोकेशन भी बदल सकता है। लाइफ साइकिल फंड्स का मेच्योरिटी पीरियड कम से कम 5 साल और अधिक से अधिक 30 साल होगा। मतलब अलग-अलग फंड हाउस अपने लाइफ साइकिल फंड्स को 5 साल या 5 साल के मल्टीपल्स यानी 10 साल,15 साल, 20 साल, 25 साल और अधिकतम 30 साल की अवधि के लिए भी लॉन्च कर सकेंगे। सर्कुलर में कहा गया है कि लाइफ साइकिल फंड 5 साल के मल्टीपल में लॉन्च किए जा सकेंगे।

### डब्ल्यूटीओ जुलाई में करेगा भारत की आठवीं व्यापार नीतियों की समीक्षा

**नयी दिल्ली :** विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) इस साल जुलाई में भारत की आठवीं व्यापार नीति की समीक्षा करेगा। इस दौरान सदस्य देशों की तरफ से भारत की व्यापार नीतियों की व्यापक समीक्षा की जाएगी।

वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि व्यापार नीतियों की जुलाई में समीक्षा से पहले सीमा शुल्क आयोग के सदस्य के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने डब्ल्यूटीओ में भारत के डिजिटल कस्टम सुधारों और व्यापार सुगमता समझौते (टीएफए) के क्रियान्वयन को प्रस्तुत किया। मंत्रालय के मुताबिक इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के सदस्य (सीमा शुल्क) सुरजीत भुजबल ने किया।

# उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद सपाट स्तर पर बंद हुआ शेयर बाजार

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार आज दिनभर उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद सपाट स्तर पर बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद से ही तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच खींचतान शुरू हो गई। दिन के पहले सत्र में तेजड़िये हावी होते रहे, वहीं दूसरे सत्र में मंदड़ियों ने अपना जोर बना दिया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.03 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी ने 0.06 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज दिनभर के कारोबार के दौरान ऑटोमोबाइल, ऑयल एंड गैस



और पीएसयू बैंक सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। इसके अलावा फार्मास्यूटिकल, टेलीकॉम, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, मेटल, आईटी, कैपिटल गुड्स और टेक इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर मीडिया, पावर और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में आज बिकवाली का दबाव बना रहा। इसके अलावा एफएमसीजी और कंज्यूमर ड्यूरेबल इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में आज आमतौर पर खरीदारी होती रही, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 0.66 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.01 प्रतिशत की सांकेतिक कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज शेयर बाजार में मिडकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में एक लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 468.46 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 467.38 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.08 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

## एफआईआई को फिर पसंद आने लगा भारतीय शेयर बाजार

**नयी दिल्ली :** साल 2025 के दौरान लगातार बिकवाल (सेलर) की भूमिका में बने रहे विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की भारतीय शेयर बाजार में एक बार फिर दिलचस्पी बढ़ती हुई नजर आने लगी है। फरवरी महीने में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने अभी तक करीब 244 करोड़ डॉलर की खरीदारी की है। इसमें सेकेंडरी मार्केट में विदेशी निवेशकों ने अभी तक करीब 214.05 करोड़ डॉलर की खरीदारी की है। वहीं प्राइमरी मार्केट में विदेशी निवेशकों ने 29.90 करोड डॉलर का शुद्ध निवेश किया है। इस तरह फरवरी का महीना घरेलू शेयर बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के बावजूद पिछले 17 महीना के दौरान विदेशी निवेशकों के लिए सबसे अधिक मासिक निवेश वाला महीना बन गया है। इसके पहले सितंबर 2024 में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सेकेंडरी और प्राइमरी मार्केट मिला कर एक महीने में 595 करोड डॉलर का निवेश किया था।




शेयर बाजार में पिछले कुछ दिनों से आईटी सेक्टर पर जबरदस्त दबाव बना हुआ है, जिसकी वजह से विदेशी निवेशक जमकर बिकवाली कर रहे हैं। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार फरवरी के पहले दो सप्ताह के दौरान ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़ी चिंताओं के कारण विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 121 करोड़ से अधिक मूल्य के आईटी सेक्टर के शेयरों की बिकवाली की है। इस भारी भरकम बिकवाली के बावजूद घरेलू शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों का नेट इनफ्लो अभी तक लगभग 244 करोड़ डॉलर का हो चुका है।

## सैमसंग ने लॉन्च की गैलेक्सी एस 26 सीरीज, मिलेगा इंडस्ट्री का अग्रणी कैमरा सिस्टम और ए आई का शानदार अनुभव

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने आज गैलेक्सी एस 26 सीरीज लॉन्च की है, जिसमें कमाल की परफॉर्मेंस, इंडस्ट्री का अग्रणी कैमरा सिस्टम और गैलेक्सी ए आईअनुभव हैं जो लोगों के रोजमर्रा के फोन टास्क को आसान बनाएंगे। गैलेक्सी एस26, एस26+ और एस26 अल्ट्रा सैमसंग की तीसरी पीढ़ी के ए आई फोन हैं और यह बैकग्राउंड में बड़ी ही आसानी से जटिल टास्क संभालते हैं, जिससे यूजर्स सिर्फ. परिणामों पर फोकस कर सकते हैं। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के सीईओ, प्रेसिडेंट और डिवाइस एक्सपीरियंस (ऊ) डिविजन के हेड, टीएम रोह ने गैलेक्सी एस26 सीरीज के साथ, हमने ए आई को इतना आसान बनाने पर फोकस किया है कि यह बैकग्राउंड में



चुपचाप काम करे, ताकि लोग सिर्फ. उन चीजों पर ध्यान दें जो मायने रखती हैं। गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा सैमसंग का अब तक का सबसे पतला सिर्फ. 7.9 mm का अल्ट्रा डिवाइस है और इसमें मोबाइल फोन में दुनिया का पहला बिल्ट-इन प्राइवेसी डिस्प्ले पेश किया गया है। रोजमर्रा की स्थितियों जैसे ट्रांसिट, कैफे और शेयर्ड जगहों के लिए डिजाइन किया गया प्राइवेसी डिस्प्ले, मोबाइल डिवाइस पर पहले कभी नहीं मिला-इसके हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर मिलकर प्राइवेसी की रक्षा करते हैं और आपके व्यूइंग अनुभव पर भी कोई असर नहीं पड़ता। गैलेक्सी एस26 अल्?ट्रा स्?नैपड्रैगन 8 एलीट जेन 5 मोबाइल प्?लेटफॉर्म फॉर गैलेक्?सी से पावर्ड है – जो अब तक की सबसे बेहतरीन परफॉर्मेंस देता है। इसमें सुपर फास्?ट चार्जिंग 3.0 की भी खूबी है, जिससे फोन सिर्फ.30 मिनट में 75% तक चार्ज हो जाता है। गैलेक्?सी एस 26 अल्?ट्रा में कैमरा में बड़े बदलाव किए गए हैं, जिसमें लो-लाइट फोटोग्राफी को बेहतर बनाने वाला वाइडर एपर्चर और डिम कंडीशंस में वाइब्रेंट, क्लियर फुटेज के लिए बेहतर नाइटोग्राफी वीडियो जैसे अपग्रेड शामिल हैं। अपग्रेडेड सुपर स्टेडी टेक्नोलॉजी वीडियो कैप्चर के दौरान स्टेबल फ्रेमिंग सुनिश्चित करती है।

### घरेलू सर्राफा बाजार में सोने का भाव मामूली बढ़ा, चांदी की फीकी पड़ी चमक

**नयी दिल्ली :** घरेलू सरार्फा बाजार में आज सोना के भाव में मामूली तेजी नजर आ रही है। दूसरी ओर चांदी के भाव में आज सांकेतिक गिरावट देखी गई। सोना आज 100 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 110 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया। इसके विपरीत चांदी के भाव में आज 100 रुपये प्रति किलोग्राम की मामूली आई है।

सोने की कीमत में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,61,900 रुपये से लेकर 1,62,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,48,410 रुपये से लेकर 1,48,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सरार्फा बाजार में आज 2,84,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।

## एआई+ स्मार्टफोन ने AIoT इकोसिस्टम के साथ नोवापॉड्स और नोवावॉच किया लॉन्च

**रांची :** एआई+ स्मार्टफोन ने अपने AIoT इकोसिस्टम में विस्तार की घोषणा करते हुए नोवापॉड्स और नोवावॉच लॉन्च किए। ब्रांड ने अपने अगले स्मार्टफोन्स – पल्स 2 और नोवा 2 सीरीज – का भी ऐलान किया है। पल्स 2 की लॉन्चिंग 2 मार्च को होगी, इसके बाद नोवा 2 सीरीज पेश की जायेगी। एआई के मिशन 'भारत में तकनीक को लोकतांत्रिक बनाने' के अगले चरण के रूप में पेश किया गया पल्स 2 सरल, स्मूद और आत्मविश्वास बढ़ाने वाला अनुभव देने के लिए डिजाइन किया गया है, वह भी किफायती कीमत पर। इसमें 50MP एआई डुअल कैमरा और 8MP फ्रंट कैमरा मिलेगा, जो हर रोशनी में बेहतरीन फोटोग्राफी और परफेक्ट सेल्फी सुनिश्चित करेगा। साथ ही इसमें सबसे पतली 6000mAh बैटरी दी गई है, जो पूरे दिन का बैकअप




देगी, और यह एंड्रॉइड 16 आधारित नेक्स्टक्वांटम ओएस पर आउट-ऑफ-द-बॉक्स उपलब्ध होगा। जुलाई 2025 में डेब्यू करने के बाद एक वर्ष से भी कम समय में एआई+ ने लगभग दस लाख उपयोगकताओं का आधार तैयार कर लिया है। नोवापॉड्स और नोवावॉच की बिक्री फ्लिपकार्ट पर 27 फरवरी को दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। यह लॉन्च वायरलेस ऑडियो, बायोमेट्रिक ईयरबड्स, ओपन-वियर लाइफस्टाइल फॉर्मेट, फिटनेस वियरेबल्स और बच्चों के 4G स्मार्टवॉच जैसे कई सेगमेंट्स को कवर करता है। उत्पादों की कीमत 699 से 7,999 तक रखी गई है। इन सभी उत्पादों के साथ ब्रांड का वादा है कि रोजमर्रा की तकनीक को अधिक सहज, उपयोगी और सुलभ बनाया जाये। माधव शेठ, सीईओ, एआई+ स्मार्टफोन्स और संस्थापक, नेक्स्टक्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीज ने कहा, एक वर्ष से भी कम समय में लगभग दस लाख यूजर्स ने एआई+ पर भरोसा जताया है, और हम उसी विश्वास पर आगे बढ़ रहे हैं। यह AIoT लॉन्च हमारे इकोसिस्टम को फोन से आगे–म्यूजिक, मूवमेंट, हेल्थ और फैमिली सेफ्टी–तक ले जाता है। हम एक साथ कई कैटेगरी में प्रवेश कर रहे हैं, अलग-अलग प्राइस सेगमेंट्स में शुरूआत से ही बदलाव लाते हुए, और हमारा स्पष्ट फोकस है: इंटीग्रेशन, एक्सेसिबिलिटी और स्केल। ऑडियो सेगमेंट में नोवापॉड्स लाइनअप में Go, Pro और Clips शामिल हैं, जिन्हें अलग-अलग सुनने की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। ये डिवाइस (मॉडल के अनुसार) 30 घंटे तक का प्लेबैक, मल्टी-माइक ENC के साथ क्लियर कॉलिंग और IPX4 प्रोटेक्शन प्रदान करते हैं। विशेष रूप से क्लिप्स मॉडल 'फैशन-फॉरवर्ड टेक' अप्रोच के साथ टेक्नोलॉजी और स्टाइल का संयोजन प्रस्तुत करता है।

## स्थिरता और दीर्घकालिक स्तर पर धन सृजन करने के इच्छुक ग्राहकों के लिए लॉन्च किया डिविडेंड लीडर्स 50 इंडेक्स फंड

**रांची/जमशेदपुर :** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने अपने यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूलिप) के तहत डिविडेंड लीडर्स 50 इंडेक्स फंड लॉन्च किया है। यह नया फंड ग्राहकों को लगातार लाभांश (डिविडेंड) प्रदान करने वाली मजबूत कंपनियों के स्टॉक में निवेश कर दीर्घकालिक स्तर पर धन सृजन करने में मदद करेगा। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के मुख्य निवेश अधिकारी, श्री मनीष कुमार ने इस लॉन्च पर अपनी टिप्पणी में कहा, ह्लडिविडेंड लीडर्स 50 इंडेक्स फंड ग्राहकों को लगातार डिविडेंड देने वाली मजबूत कंपनियों में निवेश कर इक्विटी बाजार में भागीदारी करने का अनुशासित और पारदर्शी तरीका प्रदान करता है। फंड की रणनीति चार स्तंभों पर टिकी है, जिसमें डिविडेंड भुगतान पर आधारित स्टॉक का चुनाव, मजबूत वित्तीय स्थिति और स्थिर नकद प्रवाह के लिए गुणवत्ता पर विशेष ध्यान, कई खंडों में विविधीकरण और समय-समय पर समीक्षा और पुनसंर्तुलन के साथ पारदर्शी, नियम आधारित और अनुशासित निवेश प्रक्रिया शामिल है। यह नया फंड हमारे ग्राहकों को इस भरोसे के साथ निवेशित रहने में मदद करेगा कि उनका पोर्टफोलियो वित्तीय स्तर पर मजबूत और विश्वसनीय कंपनियों के अनुरूप है। यह लॉन्च हमारे यूलिप ग्राहकों के लिए अनुशासित, पारदर्शी और उच्च गुणवत्ता वाले निवेशक बनने में मदद करेगा, साथ ही उन्हें जीवन सुरक्षा (लाइफ कवर) भी मिलेगी।

## खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र विकसित भारत के सपने को साकार करने में निभायेगा महत्त्वपूर्ण भूमिका : चिराग पासवान



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने गुरुवार को कहा कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र विकसित भारत के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि भारत ने किसानों के हितों की रक्षा करते हुए 23 देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) किए हैं। चिराग पासवान ने हरियाणा के सोनीपत स्थित राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान (निफ्टम-कुंडली) में अन्वेष-2026 अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परिकल्पित विकसित भारत-2047 के विजन को साकार करने में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि एक अरब 40 करोड़ लोगों के देश के लिए प्रौद्योगिकी आधारित विकास अत्यावश्यक है। गांवों और शहरों के बीच की खाई को पाटने के लिए नवाचारों, अनुसंधान और आधुनिक प्रौद्योगिकियों को ग्रामीण क्षेत्रों और किसानों तक पहुंचाना होगा।

# AGR और रेवेन्यू शेयर में जियो अव्वल, 43% हिस्सेदारी के साथ मजबूत बढ़त

**नयी दिल्ली :** टेलीकॉम सेक्टर पर ICICI सिक्योरिटीज और उछरअ की ताजा रिपोर्ट में रिलायंस जियो की बढ़त साफ तौर पर उभरकर सामने आयी है। तीसरी तिमाही (Q3FY26) में इंडस्ट्री के एडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू (AGR) और रेवेन्यू शेयर दोनों मोर्चों पर जियो ने प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन किया है।

ICICI सिक्योरिटीज के मुताबिक, Q3FY26 में तीनो प्राइवेट प्लेयर्स यानी जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया को मिलाकर, AGR 2.9% तिमाही दर तिमाही (QoQ) और 8.9% सालाना (oY) बढ़कर 720 अरब रुपये पर

- ICICI सिक्योरिटीज और CLSA की रिपोर्ट- जियो का AGR 321 अरब रुपये रहा
- 22 में से 16 टेलीकॉम सर्किल्स में जियो की पकड़ मजबूत

पहुंच गया। इस दौरान रिलायंस जियो का AGR 321 अरब रुपये रहा, जो 3.9% QoQ और 11.2% Yo की वृद्धि दर्शाता है। इसके साथ जियो की AGR बाजार हिस्सेदारी 43% पर पहुंच गयी है।

इसके मुकाबले भारती एयरटेल का AGR 299 अरब रुपये और बाजार हिस्सेदारी 39.9% रही, जबकि वोडाफोन आइडिया 99 अरब रुपये AGR और 13% के आसपास हिस्सेदारी पर सिमटी रही। रिपोर्ट के अनुसार, जियो ने तिमाही आधार पर 41 बेसिस प्वाइंट और सालाना आधार पर 114 बेसिस प्वाइंट बाजार हिस्सेदारी बढ़ायी।

सर्किल स्तर पर जियो को, 16 सर्किलों में AGR मार्केट शेयर में बढ़त मिली, खासकर गुजरात, यूपी ईस्ट, यूपी वेस्ट, कर्नाटक, नॉर्थ ईस्ट और हिमाचल जैसे क्षेत्रों में उसकी पकड़ मजबूत हुई। मेट्रो मार्केट में भी दिल्ली, मुंबई और कोलकत्ता में जियो की हिस्सेदारी में उल्लेखनीय इजाफा दर्ज किया गया।

वहीं, CLSA की रिपोर्ट बताती है कि Q3FY26 में जियो की रेवेन्यू शेयर 42.5% रही, जो 47 बेसिस प्वाइंट की तिमाही बढ़त को दर्शाती है। बीते 12 महीनों में जियो और एयरटेल ने जहां बाजार हिस्सेदारी बढ़ायी, वहीं वोडाफोन आइडिया को गिरावट का सामना करना पड़ा। मौजूदा आंकड़ों के आधार पर जियो का फोकस रेवेन्यू ग्रोथ, सर्किल-स्तरीय विस्तार और बाजार हिस्सेदारी मजबूत करने पर बना हुआ है, जो उसे प्रतिस्पर्धा में बढ़त दिला रहा है।

## पेज एक के शेष

**आज से भगवान जगन्नाथ हो गये हैं जमशेदपुर बिहारी...**

**भगवान जगन्नाथ का आगमन प्रतीक्षा और भक्ति का प्रतीक**

**अपने** सम्बोधन में राष्ट्रपति मुर्मू ने भगवान जगन्नाथ की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा कि वह सर्वसुलभ और सर्वप्रिय भगवान हैं, जिनकी लोकप्रियता पूरे विश्व में है। उन्होंने रथ यात्रा की परम्परा का जिक्र करते हुए कहा कि जब रथ यात्रा निकलती है, तो भगवान भक्तों के बीच झूला झूलते, गान और उत्सव के साथ पहुंचते हैं। उनका आगमन प्रतीक्षा और भक्ति का प्रतीक है। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार तथा मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में पूर्व केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और उनकी पत्नी, सांसद विद्युत वरण महतो, विधायक सरयू राय, विधायक पूर्णिमा साहू, टाटा स्टील के सीईओ और एमडी टीवी नरेन्द्रन, श्री जगन्नाथ स्पिरिचुअल एंड कल्चरल चैरिटेबल सेंटर ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी एसके बेहरा, ट्रस्टी मनोरंजन दास एवं श्रीधर प्रधान सहित बड़ी संख्या में गण्यमान्य लोग उपस्थित थे। ट्रस्ट की ओर से बताया गया कि पारम्परिक स्थापत्य शैली और आधुनिक सुविधाओं के समन्वय से यह केन्द्र आनेवालीं पीढ़ियों के लिए आस्था और संस्कृति का प्रेरणास्त्रोत बनेगा।

**सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक चेतना केन्द्र बनेगा श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक केन्द्र : मुख्यमंत्री...**

करीब 100 करोड़ रुपये की लागत से बननेवाला यह केन्द्र ओड़िशा के पुरी स्थित प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर की तर्ज पर विकसित किया जायेगा। प्रस्तावित केन्द्र में आध्यात्मिक अनुष्ठानों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, धार्मिक अध्ययन, सामुदायिक गतिविधियों और सामाजिक सेवा के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी। इससे न केवल जमशेदपुर, बल्कि पूरे कोल्हान क्षेत्र को एक नयी सांस्कृतिक पहचान मिलेगी। वहीं, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि ऐसे केन्द्र हमारी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और नयी पीढ़ी को परम्पराओं से जोड़ने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने इसे ओड़िशा और झारखंड के सांस्कृतिक सम्बन्धों को और मजबूत करनेवाला कदम बताया।

**मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज के 'परिचय सम्मेलन' में सम्मिलित हुई राष्ट्रपति...**

लोगों के बीच चलीं और अभिवादन स्वीकार किया। अपने बीच राष्ट्रपति को पाकर लोगों का उत्साह चरम पर था। खासकर, महिलाओं और बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया। कई लोग हाथों में तिरंगा लिये 'राष्ट्रपति जिन्दाबाद' के नारे लगा रहे थे। राष्ट्रपति ने भी स्नेहपूर्वक लोगों का अभिवादन किया और भीड़ में मौजूद बच्चों को चॉकलेट बांटी। एक बच्ची ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि उसे स्वयं राष्ट्रपति ने चॉकलेट दी। वहीं, परविंदर कौर नामक एक महिला ने कहा कि वह कई घंटों से राष्ट्रपति की एक झलक पाने के लिए खड़ी थीं। जब राष्ट्रपति गाड़ी से उतर कर पैदल उनकी ओर आयीं, तो यह क्षण उनके लिए अविस्मरणीय बन गया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति ने उनकी बेटी को चॉकलेट देने के साथ आशीर्वाद भी दिया, जिससे परिवार बेहद भावुक और प्रसन्न है। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह मुस्तैद रही और कहीं भी अफरातफरी की स्थिति नहीं बनी। लोगों को राष्ट्रपति को नजदीक से देखने और उनका अभिवादन करने का अवसर मिला। स्थानीय निवासी एस कुमार सिंह ने कहा कि उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी कि देश की राष्ट्रपति उनके इलाके में आयेंगी। राष्ट्रपति के बारीडीह आगमन से पूरे क्षेत्र में उत्साह और गर्व का माहौल है।

गौरतलब है कि कदमा का कार्यक्रम समाप्त होने के बाद राष्ट्रपति का काफिला मरीन ड्राइव से खरकई लिंक रोड, मानगो गोलचक्कर और भुइयांडीह होते हुए बारीडीह पहुंचा। कॉलेज प्रबंधन ने जानकारी दी कि भविष्य में परिसर में 'द्रौपदी मुर्मू स्पोर्ट्स एंड फूड कैम्पस' विकसित करने की दीर्घकालिक योजना है, जो विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायक होगा।

**झारखंड विधानसभा में सिकिदिरी जल विद्युत परियोजना में कथित अनियमितताओं पर उठा सवाल...**

के विरुद्ध आदेश पारित करते हुए भेल को ब्याज सहित लगभग 130 करोड़ रुपये भुगतान के आदेश दिये।

इस आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील (01/2025) और उच्चतम न्यायालय में एसएलपी (9580/2025) दायर की गयी, जो खारिज हो चुकी है। इसके बाद जेयूयूएनएल ने उच्च न्यायालय में रिव्यू पिटीशन (डायरी संख्या 35899/2025, दिनांक 6 जुलाई 2025) दाखिल किया है।

वहीं, भेल ने आदेश के अनुपालन के लिए कमर्शियल कोर्ट में केस नम्बर 05/2024 दायर कर सम्पत्ति कुर्की का अनुरोध किया है। मामले की अगली सुनवाई 17 मार्च 2026 को निर्धारित है।

प्रभारी मंत्री योगेन्द्र महतो ने बताया कि इस मामले में सीबीआई में केस नम्बर सीबी 1/07/2016 दर्ज है और मामला सीबीआई कोर्ट, रांची में विचाराधीन है। उन्होंने कहा कि जांच में भेल के तीन और जेयूवीएनएल के चार अधिकारियों की संलिप्तता सामने आयी है।

वित्त सचिव की अध्यक्षता में गठित त्रिसदस्यीय समिति की रिपोर्ट के आधार पर तत्कालीन झारर राज्य विद्युत बोर्ड (जेएसईबी) के 4 पदाधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई चलायी गयी। मंत्री ने सदन को आश्वस्त किया कि पूरे मामले में दोषी अधिकारियों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जायेगी।

**कोडरमा विधायक नीरा यादव ने की स्पंज आयरन फैक्ट्री को घनी आबादी से हटाने की मांग**

**विधायक** नीरा यादव ने झारखंड विधानसभा में कोडरमा रेलवे स्टेशन के पास संचालित स्पंज आयरन फैक्ट्री से हो रहे कथित प्रदूषण का मामला उठाया। उन्होंने इस फैक्ट्री को घनी आबादी से हटाने की मांग की। विधायक ने कहा कि रेलवे स्टेशन और नेशनल हाईवे के पास स्थित इस फैक्ट्री से निकलनेवाला धुआं और प्रदूषण से आसपास के लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने उद्योग विभाग से मिले जवाब पर असंतोष जताते हुए आरोप लगाया कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने गलत जानकारी दी है। इस पर मंत्री संजय यादव ने बताया कि फैक्ट्री घनी आबादी से कितनी दूरी पर है, इसकी जांच के लिए उपायुक्त की अध्यक्षता में एक जांच कमेटी बनायी गयी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि सदन जांच रिपोर्ट से संतुष्ट नहीं होगा, तो नयी कमेटी गठित की जायेगी।

विधायक नीरा यादव ने सदन में कहा कि गलत जानकारी देना गम्भीर मामला है और यदि किसी अधिकारी ने ऐसा किया है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। मामले को लेकर सदन में कुछ देर तक बहस होती रही और सरकार ने निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया।

**एशिया की सबसे बड़ी बेकन फैक्ट्री को पुनर्जीवित करेगी सरकार : शिल्पी...**

मंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 में महिला किसान सशक्तीकरण पर विशेष जोर दिया गया है। पांच लाख से अधिक किसानों को ऋण स्वीकृत किया गया है। करंज तेल के माध्यम से ग्रीन इकोनॉमी को बढ़ावा दिया जा रहा है। पशुपालन क्षेत्र में प्रतिदिन लगभग तीन लाख लीटर दूध उत्पादन हो रहा है, जिसे दोगुना करने का लक्ष्य है।

इसके बाद स्पीकर रबीन्द्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही शुक्रवार की सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

**चिब की गिरफ्तारी के विरोध में युवा कांग्रेस का प्रदर्शन...**

पुलिस स्टेशन की तरफ ले जाया गया। युवा कांग्रेस ने चिब की गिरफ्तारी के विरोध में युवा कांग्रेस मुख्यालय के अंदर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा और कांग्रेस नेता उदित राज समेत बड़ी संख्या में नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने चुब की गिरफ्तारी को लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताते हुए नारेबाजी की। प्रदर्शन के मद्देनजर युवा कांग्रेस मुख्यालय के बाहर बैरिकेडिंग की गयी थी। इस दौरान कई प्रदर्शनकारी कांग्रेस मुख्यालय से बाहर निकल कर सड़क पर प्रदर्शन करने का प्रयास करने लगे। कुछ कार्यकर्ता बैरिकेडिंग पर चढ़ गये और उसे पार कर सड़क पर पहुंच गये। इसके बाद श्रीनिवास, देवेंद्र यादव और अजय कुमार लल्लू समेत कई नेताओं ने सड़क पर लेट कर विरोध प्रदर्शन किया।

**भारत मंडपम सार्वजनिक स्थल, विरोध को अपराध बनाना गलत : सिंघवी**

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने भारत मंडपम में युवा कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन मामले में लगाये गये आपराधिक प्रावधानों को कानून का असमान और अनुचित इस्तेमाल बताया है। उन्होंने कहा कि यह एक राजनीतिक विरोध था, जिसे गलत तरीके से संगठित हिंसा और आपराधिक साजिश के रूप में पेश किया जा रहा है। भारत मंडपम सार्वजनिक स्थल है, यहां विरोध को अपराध बनाना गलत है।

सिंघवी ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि इस मामले में ऐसा कोई तत्त्व नहीं है, जिसे किसी भी तरह से संगठित हिंसा, दुर्भावनापूर्ण इरादा या पूर्व नियोजित अपराध कहा जा सके। उन्होंने कहा कि यह कानून का अपमान, अनुचित और गलत इस्तेमाल है। उन्होंने कहा कि भारत मंडपम कोई निजी सम्पत्ति नहीं है, बल्कि एक सार्वजनिक स्थान है। इसकी तुलना किसी के घर से नहीं की जा सकती। क्या विरोध करनेवाले लोग अपने घरों के भीतर विरोध करें या केवल सरकार द्वारा तय किए गए तरीके से ही विरोध करें।

सिंघवी ने कहा कि सरकार से जवाब मांगना आतंकवाद नहीं होता। विरोध के तरीके अलग-अलग हो सकते हैं। विरोध के दौरान टी-शर्ट उतारना या न उतारना अलग-अलग मत का विषय हो सकता है, लेकिन इसे आपराधिक कानून का उल्लंघन नहीं कहा जा सकता।

**लोकतंत्र में सवाल पूछना, अपनी बात रखना नागरिकों का अधिकार : राहुल गांधी...**

आलोचना सुनती है और जवाब देती है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है और यहां सवाल पूछना लोकतंत्र का हिस्सा है। लोकतंत्र में सवाल पूछना और अपनी बात रखना नागरिकों का अधिकार है। सरकार की जिम्मेदारी है कि वह आलोचना को सुने और उसका जवाब दे। उन्होंने कहा कि आज देश में शांतिपूर्ण विरोध को अपराध की तरह देखा जा रहा है। विभिन्न मुद्दों पर आवाज उठानेवाले युवाओं, महिला खिलाड़ियों, किसानों और अन्य लोगों को कार्रवाई का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि असहमति को देशविरोध से जोड़ कर देखा जा रहा है।

**अनिल अम्बानी के मुम्बई के ठिकानों पर सीबीआई का छापा...**

को सम्बन्धित पक्षों के साथ फर्जी लेनदेन दिखा कर डायवर्ट और दुरुपयोग किया। कम्पनी के खातों में हेरफेर किया गया और अनियमितताओं को छिपाया गया। इससे बैंक ऑफ बड़ौदा को 2,220 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ। सीबीआई के मुताबिक यह खाता वर्ष 2017 में ही एनपीए घोषित कर दिया गया था। हालांकि, अनिल अम्बानी द्वारा बॉम्बे हाई कोर्ट में दायर याचिका के बाद खाते को धोखाधड़ी घोषित करने पर रोक लगी थी। यह रोक 23 फरवरी 2026 को हटने के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा ने शिकायत दर्ज करायी और सीबीआई ने तुरन्त मामला दर्ज किया।

**मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए ईडी के समक्ष पेश हुए अनिल अम्बानी**

उद्योगपति एवं रिलायंस समूह के चेयरमैन 66 वर्षीय अनिल अम्बानी कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दूसरे दौर की पूछताछ के लिए गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए।

## एक झलक

### वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के सीईओ का इस्तीफा

**नयी दिल्ली** : वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के सीईओ बोर्ज ब्रेंडे ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। यह फैसला उनके और दिवंगत दोषी यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के बीच संबंधों की जांच शुरू होने के बाद लिया गया है। अमेरिकी न्याय विभाग की ओर से सामने आई जानकारी में बताया गया कि ब्रेंडे ने एपस्टीन के साथ तीन बार कारोबारी डिनर किए थे। इसके अलावा दोनों के बीच ईमेल और टेक्स्ट मैसेज के जरिए बातचीत भी हुई थी। हालांकि ब्रेंडे ने अपने इस्तीफे के बयान में एपस्टीन का नाम नहीं लिया, लेकिन जांच की खबरों के बीच उनका पद छोड?ा अहम माना जा रहा है।
गुरुवार को जारी अपने बयान में ब्रेंडे ने कहा कि सोच-समझकर मैंने वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के अध्यक्ष और सीईओ पद से हटने का फैसला किया है। यहां बिताए गए साढ़े आठ साल मेरे लिए बेहद खास रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि वे अपने सहयोगियों, भागीदारों और सदस्यों के साथ काम करने के लिए आभारी हैं। उनके मुताबिक, अब सही समय है कि फोरम बिना किसी ध्यान भटकाने वाली बातों के अपने काम को आगे बढ़ाए। ब्रेंडे ने अपने बयान में कहीं भी एपस्टीन का जिक्र नहीं किया, लेकिन माना जा रहा है कि चल रही जांच के कारण उन्होंने यह कदम उठाया है।

### जेन जी आन्दोलन के दौरान घटनाओं की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग

**काठमांडू** : नेपाल में पिछले वर्ष हुए जेन-जी आंदोलन की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग करते हुए गुरुवार को प्रधानमंत्री तथा मंत्रिपरिषद् कार्यालय में ज्ञापन दिया गया है। जेन-जी प्रतिनिधियों ने 6 मार्च तक जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की है। जेन-जी प्रतिनिधि अमृता बन ने बताया कि गौरी बहादुर कार्की के नेतृत्व वाले जांच आयोग की रिपोर्ट 6 मार्च तक सार्वजनिक करने की मांग करते हुए आज हमने प्रधानमंत्री कार्यालय में चेतावनीपूर्ण निवेदन दर्ज कराया है। न्याय की सुनिश्चितता, दंडहीनता का अंत और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए हमारी आवाज निरंतर जारी रहेगी। उनके साथ अमृता बन, पेमा वाड्बो लामा, माजिद अंसारी, जय गुप्ता और अमित खनाल भी सिंहदरबार पहुंचे थे।

### 100 नेपाली नागरिकों को भेजा जायेगा स्वदेश

**काठमांडू** : अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे 100 से अधिक नेपाली नागरिकों को स्वदेश भेजने की तैयारी चल रही है। वाशिंगटन डीसी स्थित नेपाली दूतावास ने संबंधित व्यक्तियों की नागरिकता और पहचान का प्रमाणीकरण पूरा कर लिया है। अधिकांश लोग ऐसे युवक हैं, जो मेक्सिको के रास्ते अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश किए थे। चूंकि कई के पास पासपोर्ट नहीं है, इसलिए उन्हें 'एकतर्फी यात्रा अनुमति पत्र' जारी करने के बाद ही विमान से नेपाल भेजा जाएगा। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में आव्रजन नीति में सख्ती बढ़ाई गई है। जनवरी में 80 नेपाली नागरिक डिपोर्ट किए गए, जबकि फरवरी तक यह संख्या बढ़कर 101 हो गई। अब तक लगभग 800 से अधिक नेपाली नागरिक ट्रंप प्रशासन के कार्यकाल में अमेरिका से स्वदेश लौट चुके हैं।

### किम जोंग उन की साउथ कोरिया को परमाणु धमकी

**प्योंगयांग** : उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने दावा किया है कि अगर उनके देश की सुरक्षा को खतरा हुआ तो परमाणु हथियारों से लैस उनका देश दक्षिण कोरिया को 'पूरी तरह नष्ट' कर सकता है। सरकारी मीडिया के अनुसार, उन्होंने सियोल के साथ बातचीत करने से एक बार फिर इनकार कर दिया। सरकारी मीडिया एजेंससी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। हालांकि, सत्तारूढ़ पार्टी की एक बैठक के समापन के दौरान उन्होंने अगले पांच सालों के लिए अपने नीतिगत लक्ष्यों की रूपरेखा पेश करते हुए वाशिंगटन से बातचीत के लिए अपने रास्ते खुले रखे।

## रक्षा राज्य मंत्री ने उत्तर सिक्किम में ताराम-चू स्टील ब्रिज का किया उद्घाटन

# संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्र में रणनीतिक आवाजाही को करेगा मजबूत : संजय सेठ

एजेंसी

**मंगन (सिक्किम)** : रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने गुरुवार को उत्तर सिक्किम के चुंगथांग-लाचेन सड़क खंड पर महत्वपूर्ण संपर्क बहाल करते हुए नवनिर्मित ताराम-चू स्टील ब्रिज का उद्घाटन किया। रक्षा राज्य मंत्री दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर गुरुवार को सिक्किम पहुंचे। पहले दिन उन्होंने उत्तर सिक्किम में नवनिर्मित ताराम-चू स्टील ब्रिज का उद्घाटन किया। वह हेलीकप्टर से कार्यक्रम स्थल पहुंचे थे। अपने संबोधन में संजय सेठ ने कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और प्रतिकूल मौसम के बावजूद अल्प समय में पुल निर्माण पूर्ण करने के लिए सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) और जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स (जीआरईएफ) के कर्मियों की सराहना की। उन्होंने सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग तथा राज्य सरकार को निरंतर सहयोग और समन्वय के लिए धन्यवाद दिया।
रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि यह पुल लाचेन और आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए सामान्य जीवन बहाल करने में सहायक होगा तथा संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्र में रणनीतिक आवाजाही को भी मजबूत करेगा। परियोजना के सफल



क्रियान्वयन में सहयोग के लिए उन्होंने जिला प्रशासन की भी प्रशंसा की। उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार राज्य के विकासात्मक लक्ष्यों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।
इस से पहले क्षेत्रीय विधायक एवं मंत्री साम्डुप लेप्चा ने उत्तर सिक्किम के दौरे और बहुप्रतीक्षित पुल के उद्घाटन के लिए रक्षा राज्य मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने अक्टूबर, 2023 में आई ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड (जीएलओएफ) तथा उसके बाद आई प्राकृतिक आपदाओं के कारण जनजीवन और संपर्क व्यवस्था पर पड़े गंभीर प्रभाव का उल्लेख किया।
राज्य सरकार और मुख्यमंत्री की ओर से उन्होंने जीआरईएफ और बीआरओ के कर्मियों की कठिन परिस्थितियों में समर्पित सेवा के लिए सराहना की।
उल्लेखनीय है कि भारी वर्षा, आकस्मिक बाढ़, जून 2024 के चक्रवात रेमल तथा मई-जून 2025 के विनाशकारी बादल फटने की घटनाओं से उत्तर सिक्किम के बुनियादी ढांचे को व्यापक क्षति पहुंची थी। ताराम-चू पर बना पुराना पुल सहित कई महत्वपूर्ण पुल बह जाने से लाचेन की संपर्क व्यवस्था गंभीर रूप से प्रभावित हुई थी, जिससे पर्यटन, आवश्यक आपूर्ति और सामरिक गतिविधियां बाधित हुई थीं। ताराम-चू पर निर्मित 400 फुट लंबा बेली सस्पेंशन स्टील ब्रिज तथा 28 किलोमीटर लंबे चुंगथांग-लाचेन मार्ग की पुनर्स्थापना आपदा के बाद पुनर्निर्माण प्रयासों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

# भारत-इजरायल सम्बन्धों को 'स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' का दर्जा : मोदी

## जल्द होगा दोनो देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौता

एजेंसी

**यरूशलम** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत-इजरायल संबंध गहरे विश्वास, साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं की मजबूत आधारशिला पर स्थापित हैं तथा दोनों देश शीघ्र ही एक पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप देंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने यरूशलम में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत और इजरायल के संबंध गहरे विश्वास, साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं की मजबूत आधारशिला पर स्थापित हैं तथा समय की हर कसौटी पर खरे उतरे हैं। यह ऐतिहासिक निर्णय दोनों देशों के लोगों की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है।
मोदी ने बताया कि दोनों देशों ने 'क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज पार्टनरशिप' स्थापित करने का निर्णय लिया है, जिससे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), क्वांटम कंप्यूटिंग और क्रिटिकल मिनरल्स जैसे क्षेत्रों में सहयोग को नई गति मिलेगी। उन्होंने इजरायल में यूपीआई के उपयोग के लिए हुए समझौते पर भी प्रसन्नता व्यक्त की तथा डिजिटल हेल्थ सहित अन्य उभरते क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई।
रक्षा सहयोग का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच दशकों पुराना विश्वसनीय रक्षा संबंध रहा है और हाल में हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) से इसमें नए आयाम जुड़ेंगे। दोनों देश संयुक्त विकास, संयुक्त उत्पादन और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की दिशा में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने नागरिक परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की भी बात कही। कृषि क्षेत्र में सहयोग को 'भविष्य उन्मुख' बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इजरायल के सहयोग से भारत में स्थापित 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' मित्रता के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। इनकी संख्या 100 तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही ह्यविलेजेज ऑफ एक्सीलेंस' और 'इंडिया-इजरायल इनोवेशन सेंटर फॉर एग्रीकल्चर' की स्थापना से किसानों की आय और उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलेगी।



## भारत-इजराइल दोस्ती से दुनिया चकित

**भारत** और इजराइल के बीच बढ़ती नजदीकियों और अटूट विश्वास की एक ऐसी तस्वीर सामने आई है, जिसने दुनिया भर के देशों को चकित कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इजराइल यात्रा इस बात का प्रमाण है कि दोनों देश न केवल व्यापारिक साझेदार हैं, बल्कि सांस्कृतिक जुड़ाव और पारस्परिक भरोसे के आधार पर भी गहराई से जुड़े हुए हैं।

**हवाई अड्डे पर विशेष स्वागत**

यात्रा के पहले दिन बुधवार को तेल अवीव के बेन गुरियन हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत के लिए इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पत्नी सारा नेतन्याहू के साथ स्वयं उपस्थित रहे। यह एक दुर्लभ सम्मान माना जाता है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को 'मेरा दोस्त' कहकर गले लगाया, जिसे वैश्विक मीडिया ने 'मोदी हग' का नाम दिया है। प्रधानमंत्री मोदी के दो दिवसीय दौरे पर इजराइल पहुंचने पर उन्हें विशेष गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत 'एक खास और दिल को छू लेने वाले अंदाज' में किया गया। नौ वर्षों में यह उनका इजराइल का दूसरा दौरा है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर स्वागत की तस्वीरें साझा करते हुए कहा, 'मैं अत्यंत सम्मानित महसूस कर रहा हूं।' उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह यात्रा और द्विपक्षीय वार्ता भारत-इजराइल मित्रता को और सशक्त बनाएगी।

# वैश्विक नेता बनने के लिए राष्ट्र को औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति पानी होगी : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

**श्रीनगर** : उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को कश्मीर विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि नवाचारों के क्षेत्र में वैश्विक नेता बनने के लिए देश को अपनी औपनिवेशिक मानसिकता त्यागनी होगी। उपराष्ट्रपति ने युवाओं को सोशल मीडिया के उपयोग के प्रति सचेत रहने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि इस पर नियंत्रण रखना होगा। सोशल मीडिया आपको जीवन में अधिक सफल होने में मदद नहीं करेगा। हर चीज की अपनी सीमा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक स्नातक छात्र के रूप में मैं आप सभी से स्वदेशी नवाचार और भारतीय ज्ञान, संसाधनों और आवश्यकताओं पर आधारित समाधानों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह करता हूं। हमें चिंतित होने की आवश्यकता



नहीं है, हमें हीन होने की आवश्यकता नहीं है। हमें सबसे पहले अपनी औपनिवेशिक मानसिकता को त्यागना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में उद्यमशीलता के माहौल को पहले से कहीं अधिक जीवंत और सहायक बनाया है।
कोविड-19 महामारी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश के सभी वैज्ञानिकों से इस महामारी के लिए टीका विकसित करने का आह्वान किया है। हममें से कितने लोगों ने इस पर विश्वास किया था? लेकिन हमने सबसे बेहतरीन टीका खोज लिया है और यह पूरी मानवता के लिए बहुत कारगर साबित हुआ है। उपराष्ट्रपति ने आगे कहा कि इसी टीके पर सबसे विकसित पश्चिमी देशों ने भी शोध और विकास किया है, लेकिन वे सभी इसे पेटेंट कराने में पीछे रह गए, ताकि वे इसे ऊंची कीमत पर बेच सकें।
उन्होंने कहा कि एक टीका 7,500 अमेरिकी डॉलर में बिक सकता है, लेकिन एक गरीब आदमी इसे कैसे खरीद सकता है? उन्होंने कहा कि भारतीय नवाचारों को पश्चिमी दुनिया में भी व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है। उन्होंने कहा कि अब पूरी दुनिया आपके लिए खुली है, यह आपकी पहल है, आपकी रुचि है, आपका उत्साह है और आपकी मेहनत आपको दुनिया के शिखर पर पहुंचाएगी।

### बहुराष्ट्रीय समुद्री अभ्यास 'मिलन' हुआ खत्म

**नयी दिल्ली** : विशाखापत्तनम के पूर्वी तट पर बहुराष्ट्रीय समुद्री अभ्यास 'मिलन' भारत के स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर आईएनएस विक्रांत पर भव्य समारोह के साथ खत्म हो गया। इस अभ्यास में भारतीय नौसेना ने 70 से अधिक नौसेनाओं के साथ अपनी समुद्री ताकत, व्यावसायिकता और वैश्विक साझेदारी का प्रदर्शन किया। इसमें अभ्यास के सफल समापन और बंगाल की खाड़ी में पक्के रिश्तों का जश्न मनाया गया। समापन समारोह की अध्यक्षता पूर्वी कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग रियर एडमिरल आलोक आनंद ने की। अभ्यास में हिस्सा लेने वाली सभी इकाइयों के नौसैनिक अधिकारी इस सेरेमनी में शामिल हुए।

## शादी के बंधन में बंधे रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा

**उदयपुर** : साउथ सिनेमा के चर्चित सितारे रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा अब आधिकारिक रूप से पति-पत्नी बन चुके हैं। दोनों ने 26 फरवरी को पारंपरिक तेलुगु रीति-रिवाजों के साथ विवाह संपन्न किया। उनकी शादी दो अलग-अलग परंपराओं के तहत आयोजित की जा रही है। पहली रस्म पूरी होने के साथ ही दोनों ने एक-दूसरे को जीवनसाथी के रूप में स्वीकार कर लिया है, जबकि शाम को परिवार की मौजूदगी में कोडवा परंपराओं के अनुसार दूसरी रस्म निभाई जाएगी।
रिपोर्ट्स के अनुसार, इस शाही शादी को खास बनाने के लिए 'आदिम' थीम को अपनाया गया है,



जिसमें पारंपरिक और प्राचीन भारतीय रीति-रिवाजों को प्राथमिकता दी गई है।

# भारतीय रेल ने चार प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं को दी मंजूरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारतीय रेल ने देशभर में क्षमता विस्तार और परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए 871 करोड़ की चार प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं को मंजूरी दी है। ये परियोजनाएं राजस्थान, केरल और पश्चिम बंगाल में लागू होंगी और आधुनिक, उच्च क्षमता वाले रेल नेटवर्क के निर्माण को गति देंगी।
इन परियोजनाओं से यात्रा समय में कमी, माल परिवहन में वृद्धि और परिचालन दक्षता में सुधार होगा। भारतीय रेल ने कहा कि लक्षित निवेशों के माध्यम से वह तेज, सुरक्षित और विश्वसनीय सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## प्रमुख स्वीकृत परियोजनाएं

- कालीपहाड़ी बाईपास लाइन (4.75 किमी), आसनसोल- 107.10 करोड़

पूर्वी रेलवे के अंतर्गत प्रस्तावित यह लाइन इंजन रिवर्सल की आवश्यकता समाप्त करेगी, जिससे प्रतिदिन मालगाड़ियों में लगभग 90 मिनट और यात्री ट्रेनों में 30 मिनट तक की बचत होगी तथा यार्ड भीड़ कम होगी।

- श्रीगंगानगर कोच मेंटेनेंस सुविधा (चरण-क), राजस्थान - 174.26 करोड़

आधुनिक एलएचबी और वंदे भारत ट्रेनों के रखरखाव हेतु उन्नत अवसंरचना विकसित की जाएगी, जिससे प्रतिदिन लगभग छह अतिरिक्त रेकों के रखरखाव की क्षमता बढ़ेगी।

- लालगढ़ डिपो विस्तार (चरण-II), राजस्थान - 139.68 करोड़

बीकानेर क्षेत्र में बढ़ती वंदे भारत एवं एलएचबी सेवाओं को समर्थन देने के लिए आधुनिक कोचिंग मेंटेनेंस सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

- तूरावूर-मारारिकुलम दोहरीकरण (21.10 किमी), केरल - 450.59 करोड़

दक्षिण रेलवे के इस व्यस्त खंड के दोहरीकरण से प्रतिदिन नौ अतिरिक्त यात्री ट्रेनें संचालित हो सकेंगी और लगभग 2.88 मिलियन टन अतिरिक्त वार्षिक माल ढुलाई संभव होगी।

### बंकिमचन्द्र के परिजन सुमित्र चट्टोपाध्याय भाजपा में शामिल

**कोलकाता** : सॉल्टलेक स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में गुरुवार को केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण पत्रकार सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर महान साहित्यकार बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के परिवार के सदस्य एवं श्रम विभाग के पूर्व वरिष्ठ पदाधिकारी सुमित्र चट्टोपाध्याय ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। उन्हें प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य तथा केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की मौजूदगी में औपचारिक रूप से पार्टी में स्वागत किया गया। पार्टी में शामिल होने के बाद सुमित्र चट्टोपाध्याय ने राज्य सरकार की रोजगार नीति पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि रोजगार विनिमय से जुड़े लाखों युवाओं का डाटा एक प्रशासनिक आदेश के माध्यम से हटा दिया गया।

# रेल मंत्री ने देशभर के यात्री टर्मिनलों की क्षमता बढ़ाने के लिए अधिकारियों को दिये निर्देश

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज देशभर के प्रमुख यात्री ट्रेन टर्मिनलों की क्षमता बढ़ाने की योजना की समीक्षा की और रेलवे बोर्ड के अधिकारियों और संबंधित क्षेत्रीय रेलवे को इसके क्रियान्वयन में तेजी लाने का निर्देश दिया। भारतीय रेलवे महानगरों में भीड़ कम करने, ट्रेन संचालन को सुचारू बनाने और यात्रियों की सुविधा में उल्लेखनीय सुधार करने के लिए टर्मिनल की संचालन क्षमता को धीरे-धीरे बढ़ा रहा है और कुछ प्रमुख स्थानों पर इसे दोगुना कर रहा है।
क्षमता वृद्धि में प्लेटफार्मों, आवागमन क्षेत्रों, प्रवेश-निकास बिंदुओं, यात्री सुविधाओं का



विस्तार और यातायात प्रवाह प्रबंधन में सुधार शामिल है।
मंत्री महोदय ने देशभर के 76 रेलवे स्टेशनों पर विकसित किए जा रहे प्रतीक्षा क्षेत्रों की प्रगति की भी समीक्षा की। इन प्रतीक्षा क्षेत्रों का उद्देश्य विशेष रूप से त्योहारों और व्यस्त यात्रा अवधियों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करना है। भीड़ के प्रवाह को व्यवस्थित रूप से नियंत्रित करने, सुरक्षा बढ़ाने और स्टेशन परिसर के अंदर भीड़भाड़ को रोकने के लिए ये प्रतीक्षा क्षेत्र बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कार्यों को समय पर पूरा करने और कड़ी निगरानी पर जोर दिया।
ये उपाय विकसित भारत 2047 की परिकल्पना के अनुरूप हैं, जिसके तहत रेलवे स्टेशनों को आधुनिक, सुनियोजित परिवहन केंद्रों के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिनमें कुशल यात्री प्रबंधन प्रणाली और उन्नत बुनियादी ढांचा मौजूद है।

# किसानों से समन्वय कर उन्नत तकनीकों को खेतों तक पहुंचायें कृषि वैज्ञानिक : शिवराज

एजेंसी

**वाराणसी** : केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि वैज्ञानिकों से आह्वान किया कि किसानों से समन्वय बनाकर उन्नत तकनीकों को शीघ्र खेतों तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक तकनीकों का खेत स्तर पर प्रभावी प्रसार, गुणवत्तापूर्ण बीजों की उपलब्धता, लागत घटाने वाली तकनीकें और बाजार से सीधा जुड़ाव किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।
गुरूवार को वाराणसी दौरे पर आए केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान में समीक्षा बैठक के बाद वैज्ञानिकों व किसानों को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने संस्थान में चल रहे अनुसंधान एवं विकास कार्यों, उन्नत सब्जी किस्मों, बीज उत्पादन, संरक्षित खेती, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, मूल्य संवर्धन तथा उद्यमिता विकास से जुड़ी पहलों की सराहना की। बैठक के पूर्व उन्होंने अनुसंधान संस्थान परिसर में रक्त-चंदन के पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने आगामी रबी सत्र के लिए क्षेत्रवार कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया।
केन्द्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की चुनौती को देखते हुए सब्जी उत्पादन प्रणाली में अधिक लचीलापन लाना होगा। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्रों और शोध संस्थानों के मध्य समन्वय का एक प्रभावी माध्यम बताते हुए किसानों तक तकनीक हस्तांतरण की गति तेज करने पर बल



## चौहान ने शोध के चिह्नित भूमि का किया भ्रमण

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रक्षेप (शोध के लिए चिन्हित भूमि) भ्रमण के दौरान मौजूद किसानों से बीजों की उपलब्धता, गुणवत्ता, उत्पादन लागत कम करने के उपायों तथा आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर चर्चा की। ग्राफ्टेड बैंगन-टमाटर (ब्रिमेटो) और आलू-टमाटर (पोमेटो) जैसी उन्नत तकनीकों पर वैज्ञानिकों ने विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। मंत्री ने इसकी सराहना करते हुए इन तकनीकों को किसानों तक शीघ्र उपलब्ध कराने पर बल दिया। उन्होंने हाई-टेक नर्सरी की उपयोगिता रेखांकित करते हुए एफपीओ के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण पौध एवं बीज उपलब्ध कराने की आवश्यकता बताई। केन्द्रीय मंत्री ने वैज्ञानिकों से टमाटर सहित अन्य सब्जियों की शेल्फ लाइफ बढ़ाने, प्रसंस्करण योग्य किस्मों के विकास, नियातीन्मुखी उत्पादन तथा जैविक खेती को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान देने को कहा। संस्थान के विकसित सूक्ष्मजीव जैव उर्वरक, बॉयो-स्टिमुलेंट तथा बॉयोपेस्टिसाइड उत्पादों का भी अवलोकन किया। इस दौरान आईसीएआर के सहायक महानिदेशक डॉ. सुधाकर पांडेय सहित अन्य अफसर भी मौजूद रहे।

दिया। उन्होंने कहा कि उन्नत किस्मों का विकास, गुणवत्तापूर्ण बीजों की उपलब्धता, लागत घटाने वाली तकनीकों का प्रसार तथा किसानों को बाजार से सीधे जोड़ना उनकी आय वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। केन्द्रीय मंत्री ने संस्थान को तकनीकों के त्वरित प्रसार, नियातीन्मुखी सब्जी प्रजातियों के विकास, स्टार्ट-अप एवं एफपीओ के साथ साझेदारी तथा युवाओं को कृषि-उद्यमिता से जोड़ने के निर्देश दिए।